खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 22° C

हल्द्वानी, सोमवार 25 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 268 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार को गिराने की साजिश रच रहे राहुल: पात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अरा. जकता के जरिए मोदी सरकार को गिराने की साजशि रचने का आरोप लगाया है। दरअसल गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ता आर्थिक असंतोष होगा। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। श्री पात्रा ने गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गांधी ने कांग्रेस पार्टी की अल्पसंख्यक सलाहकार बैठक में कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। यह बयान साफ तौर पर दर्शाता है कि गांधी अराजकता के जरिए सरकार को गिराने की साजशि रच रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनकी इस साजशि को कभी कामयाब नहीं होने देगी।

### पर्यटकों को जमकर पीटा, एक की मौत

**वाराणसी।** धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी काशी में घूमने आए एक पर्यटक की प्राइवेट सिक्योरिटी गार्डों की पिटाइ से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। सोनभद्र से आए पांच युवक रविवार सुबह नमो घाट घूमने पहुंचे थे। गेट नंबर दो के पास प्राइवेट सिक्योरिटी गार्डों और बाउंसरों ने उन्हें रोक लिया। किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते-देखते मारपीट में बदल गया। गार्डों और बाउंसरों की पिटाई से तीन युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां राजेंद्र उर्फ चिटू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली विजय कुमार सिंह ने बताया कि नमो घाट पर सुबह पांच युवक घूमने आए थे।

### भीषण गर्मी के बीच कटौती को लेकर सीएम का रुख सख्त

# बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



कहा: ट्रांसफार्मर खराब होने, फीडर बाधित होने या शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारियों के साथ प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए सभी उत्पादन इकाइयां पूरी क्षमता से चलाई जाएं और इनके कामों की लगातार निगरानी हो। मुख्यमंत्री

■ मुख्यमंत्री ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के आला अफसरों को जारी किए निर्देश

ने प्रदेश के पारेषण तंत्र को और अधिक मजबूत, आधुनिक और भरोसेमंद बनाने पर जोर दिया। उन्होंने फीडर स्तर पर निगरानी और जवाबदेही तय करने को कहा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने, फीडर बाधित होने या शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को बिजली आपूर्ति से जुड़ी सही और समयबद्ध जानक. ारी उपलब्ध कराई जाए। संवाद और पारदर्शिता से उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत होगा और शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिल सके। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है।

### मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने भविष्य की मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2026 के बीच प्रदेश ने कुल 32,305 मेगावाट की विद्युत क्षमता के लिए टाई-अप किए हैं, जिनमें पिछले तीन वर्षों में लगभग 62 प्रतिशत क्षमता जोड़ी गई है। वर्ष 2029 तक मांग को पूरा करने के लिए 10,719 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें विंड, बैटरी एनर्जी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक तकनीक आधारित तथा पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

# यूपी में पांचवीं बार बसपा सरकार बनाने का लक्ष्य

### धुरंधर विरोधियों की हर चाल का मुकाबला 2007 की तरह ही डटकर करना है: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ यूपी विधानसभा व आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की कार्यकर्ताओं को हिदायत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा उत्तर प्रदेश इकाई की बड़ी बैठक में पार्टी संगठन की समीक्षा की। लखनऊ में 12 माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई इस विशेष बैठक में पोलिग बूथ स्तर तक संगठन की जमीनी मजबूती, विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों और जनाधार बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई।

मायावती ने पिछली बैठक के निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट पर संतोष जताया। साथ ही कहा कि देश में चुनाव जिस तरह नई-नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसे देखते हुए पार्टी की तैयारियों को हर स्तर पर और अधिक चुस्त-दुरुस्त व मुस्तैद बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पक्ष में बढ़ते जन रुझान के चलते यूपी में पांचवीं बार सर्वजन हितैषी सरकार बनाने का मिशन. री लक्ष्य सुनिश्चित करना है। बैठक में विधानसभा, जिला एवं स्टेट कमेटी के पदाधिकारियों और पोलिग बूथ स्तर के प्रमुख प्रभारियों ने भाग लिया। मायावती ने यूपी विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि धुरंधर विरो. धियों की हर चाल का मुकाबला सन 2007 की तरह ही पूरी तरह से डट कर करना है। प्रत्याशियों के चयन में बरती जा रही सावधानी को उन्होंने देश और जनहित में उचित बताया। मायावती ने कहा कि कुल मिलाकर 'हाथी पर बटन दबाना है, सत्ता में वापस आना है' के मिशन को पूरा करना है। 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की बीएसपी सरकार एक बार फिर सुनिश्चित करने के लिए पूरे जी-जान से वोट की सुरक्षा करनी है।

अपनी इज्जत-आबरू, जान-माल की तरह वोट की हिफाजत करनी है। मायावती ने देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक हालात को दुखद व कड़वा बताया। उन्होंने कहा कि बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठ-समर्थक नीति के चलते सबका अहित हो रहा है। सभी सरकारें कल्याणकारी होने का संवैधानिक दायित्व निभाएं, तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि सरकारें खासकर रोजी-रोटी, शांति-सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था जैसे जनहित की जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करें। यूपी के लोगों को पूरी तरह से आजमाई हुई पार्टी बीएसपी व उसके नेतृत्व पर फिर से भरोसा करना होगा।

# उत्तर प्रदेश भाजपा में बड़े फेरबदल की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चलने की संभावना, टीम पंकज में शामिल हो सकते हैं कई नए चेहरे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक बदलाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी इस समय दिल्ली में हैं, जहां संगठन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चलने की संभावना है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि नई टीम में कई नए चेहरों के साथ ही कुछ वरिष्ठ नेताओं के पुत्रों को भी जगह दी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली पहुंचे पंकज चौधरी भाजपा महासचिव विनोद तावड़े के साथ संगठन विस्तार और नई टीम के गठन पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही संघ मुख्यालय में भी उनकी कुछ अहम मुलाकातें प्रस्तावित हैं। नए पदाधिकारियों के नामों पर संघ की राय भी ली जाएगी। इन बैठकों को प्रदेश भाजपा के नए स्वरूप से जोड़ा जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि 'टीम पंकज' में कई मौजूदा पदाधिका. रियों की छुट्टी हो सकती है। बदलाव के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह की जगह उनके बड़े पुत्र नीरज सिंह को संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय संजय राय को भी हटाया जा सकता है। वहीं, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा को संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। दरअसल, भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बूथ से प्रदेश स्तर तक संगठन को और मजबूत करने में जुटी है।

# यूपी में विद्युत संकट से मचा हाहाकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है: श्रीनेत

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में विद्युत कटौती से हाहाकार मचा हुआ है और जनता घोर संकट का सामना कर रही है। कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है। जनता तकलीफें झेलने को मजबूर है।

उन्होंने कहा कि देश के 50 सबसे गर्म शहरों में से 26 शहर उत्तर प्रदेश के हैं, लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों को 24 घंटे में केवल सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरठ से लेकर बलिया तक लोग बिजली संकट से परेशान हैं और कई जगहों पर लोग रात में घरों से निकलकर सड़कों पर सोने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ तक में घंटों बिजली गुल रहने से अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

एक्स-रे और स्कैन जैसी सुविधाएं ठप पड़ गई हैं। कानपुर देहात के मेडिकल कॉलेज के छात्रों को देर रात तक बिजली नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठना पड़ा। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिजली संकट का असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है, क्योंकि मोबाइल फोन तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं और ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और किसान सभी इस समस्या से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब लोग बिजली की मांग को लेकर सड़क पर उतर रहे हैं, तो प्रशासन उनकी समस्याएं सुनने के बजाय पुलिस कार्रवाई कर रहा है।

उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों को मुकदमे की धमकी दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि रामराज्य लाने की बात बाद में कीजिए, पहले लोगों को इस भीषण गर्मी और बिजली संकट से राहत दिलाइए। कांग्रेस ने राज्य सरकार से बिजली व्यवस्था तुरंत सुधारने और '24 घंटे बिजली' के दावों के लिए जिम्मेदार मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75183.36
निफ्टी 23654.70

सोना 159900 प्रति 10 ग्राम
चांदी 271974 प्रति किलो

## वैश्विक कारकों पर निर्भर करेगी बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों और उद्योग के आंकड़ों पर रहेगी। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर हर दिन अलग-अलग बयान आ रहे हैं। इससे बाजारों में भी उठा.पटक जारी है।

एक दिन शेयर बाजार चढ़ता है, अगले दिन फिसल जाता है और फिर अगले दिन चढ़ जाता है। घरेलू स्तर पर अप्रैल माह के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी सप्ताह के दौरान जारी होने हैं। इससे भी निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। दिग्गज कंपनियों में ओएनजीसी और इंडिगो के 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। पिछले सप्ताह बीएसई के सेंसेक्स में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को तेजी रही जबकि मंगलवार और गुरुवार गिरावट रही। सेंसेक्स 177.36 अंक (0.24 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 75.80 अंक यानी 0.32 प्रतिशत ऊपर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.19 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.41 प्रतिशत चढ़ा। आलोच्य सप्ताह में सेंसेक्स की 30 में स 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 15 के लाल निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 5.01 प्रतिशत की तेजी देखी गई। ट्रेंट का शेयर 4.74 फीसदी, टेक महिंद्रा का 3.76, एक्सिस बैंक का 3. 25, इंडिगो का 2.93, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2. 74, टीसीएस का 2.36 और बजाज फिनसर्व का 2. 20 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.62 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.37 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.28 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी और इटरनल के शेयर भी ऊपर रहे। पावर ग्रिड का शेयर 3. 76 प्रतिशत, टाटा स्टील का 3.51, हिंदुस्तान यूनीलि. वर का 3.04, आईटीसी का 2.50 और टाइटन का 2. 10 प्रतिशत गिर गया।

### रिजर्व बैंक ने खरीदा 180 किलोग्राम सोना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 180 किलोग्राम सोना खरीदा, जिसका बाजार में वर्तमान मूल्य लगभग 261 करोड़ रुपये है। केंद्रीय बैंक के मई 2026 के बुलेटिन में बताया गया है कि उसके पास 24 अप्रैल को 880. 52 टन सोना था, जो एक महीने पहले जारी रिपोर्ट के 880.34 टन से 180 किग्रा अधिक है। यह बढ़ोतरी तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में दर्ज की गई थी। देश में इस समय सोना 1.45 लाख रुपये प्रति दस ग्राम या 1.45 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम के करीब है। इस प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा खरीदे गए 180 किलोग्राम सोने की कीमत तकरीबन 261 करोड़ रुपये होती है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति के बाद स्वर्ण भंडार दूसरा सबसे बड़ा घटक है।

## चावल, गेहूं, चीनी, तेल साप्ताहिक बढ़त में

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं, चीनी, खाद्य तेलों और ज्यादातर दालों में भी तेजी रही। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 20 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,849 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,795 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 15 रुपये बढ़कर 3,272 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 43 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 39 रुपये और चना दाल 26 रुपये महंगी हो गई। मूंग दाल 10 रुपये मजबूत हुई।

वहीं मसूर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 190 रुपये और पाम ऑयल 161 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 107 रुपये और वनस्पति की 105 रुपये बढ़ी। सोया तेल 87 रुपये और सूरजमुखी तेल 26 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त में रहा। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 15 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7694. 25 रुपये, मसूर काली 8075.43 रुपये, मूंग दाल 10196.18 रुपये, उड़द दाल 10883.52 रुपये, तुअर दाल 11243.28 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2794.74 रुपये और चावल 3849.45 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3272.18 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4346.12 रुपये और गुड़ 5083.38 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

**Cipzer**
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## राहुल का बयान देश को अस्थिर करने वाली मानसिकता: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी सरकार को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन करार दिया है।

गौरतलब है कि गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहक. ार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ती आर्थिक असंतोष होगी। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री गांधी का बयान महज राजनीतिक हताशा की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह भारत को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन है। जब भी देश ने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है, भारत की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंची है और दुनिया ने भारत के नेतृत्व को सराहा है, तब-तब भारत-विरोधी अंतर्राष्ट्रीय ताकतों ने देश को बदनाम करने के अभियान चलाए हैं और कांग्रेस ने हमेशा उन्हें समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक चुनावों में गांधी की लगातार हार की वजह हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान नाममात्र की रैलियां करना, उसी समय आराम से विदेश यात्राओं पर निकल जाना और बिना किसी मेहनत के चुनाव जीतने के सपने देखना है। भाजपा नेता ने कहा कि अब, कांग्रेस 'अराजकता की राजनीति' पर उतर आई है। विदेशी धरती से भारत की संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना, राष्ट्र-विरा. धी बातों को हवा देना और भारत में अस्थिरता की भविष्यवाणी करना ये महज संयोग नहीं हैं, बल्कि एक सोची-समझी 'टूलकिट पॉलिटिक्स' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि देश के 1.4 अरब लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर खड़े हैं। भारत की राष्ट्रवादी जनता कांग्रेस और 'टूलकिट गैंग' की हर साजशि का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देती रहेगी और 'इंडिया गठबंधन' की भारत को आग में झोंकने की किसी भी साजशि को कभी कामयाब नहीं होने देगी।

## ईरान के पास कोई भी परमाणु हथियार नहीं: डा. इलाही

वाराणसी, वार्ता

■ सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि बोले: भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले

ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि डा. अब्दुल मजीद हकीम इलाही शनिवार रात दरगाहे फातमान में खामेनेई की याद में आयोजित ताजियती जलसा व मजलिसे तहरीम (शोक सभा) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डा. इलाही ने कहा कि भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले हैं। वे हर मुश्किल घड़ी में सच के साथ खड़े रहते हैं।

भारत और ईरान का रिश्ता बहुत पुराना है। बनारस की मिसाल किसी नगीने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि तीस वर्ष पहले ही हम साफ कर चुके थे कि हमारे पास कोई न्यूक्लियर हथियार नहीं है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि हमें यह हथियार नहीं चाहिए। ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई ने फतवा भी दिया था, जिसमें उन्होंने न्यूक्लियर हथियार रखना हराम बताया है। हमारे पास कोई न्यूक्लियर बम नहीं है और भविष्य में इसे रखने का कोई विचार भी नहीं है। जब हमारे सर्वोच्च नेता ने फतवा दे दिया है, तो न्यूक्लियर हथियार बनाने का सवाल ही नहीं उठता।ष डा. इलाही काशी के इमानिया अरबी कॉलेज और दरगाह फातमान में आयोजित ताजियती जलसे में पहुंचे थे। उन्होंने ईरान का समर्थन देने के लिए भारतीयों को धन्यवाद दिया। आगे उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति अब पहले से बेहतर हो रही है। ईरान के लोग हालात से लड़ते हुए भी खुश हैं। उन्होंने जिस जज्बे और हिम्मत का प्रदर्शन किया है, उसे पूरी दुनिया ने देखा है। ईरान के लोग आश्वस्त हैं कि शांति एक दिन जरूर स्थापित होगी, क्योंकि हर नागरिक अपने देश के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। डा. इलाही ने हॉर्मुज स्ट्रेट को लेकर कहा कि 28 फरवरी 2026 के पहले तक हॉर्मुज स्ट्रेट हजारों वर्षों से खुला था। दुनिया के सभी देश इसका लाभ उठा रहे थे और किसी देश की कोई शिकायत नहीं थी। 28 फरवरी के बाद जो तनाव पैदा हुआ, उसके बारे में सभी को पता करना चाहिए कि यह संकट किसने और क्यों पैदा किया। ईरान ने कोई परेशानी नहीं पैदा की। ईरान सभी की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज मध्य पूर्व के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण जलडमरू है। उन्होंने कहा कि ईरान के लोग आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करते हुए मानसिक रूप से पहले से तैयार हैं और आने वाले दस वर्षों के लिए अपनी मानसिक स्थिति को और मजबूत कर चुके हैं। काशी के बारे में डा. इलाही ने कहा कि काशी सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, एकता और दर्शन का केंद्र है। हमारे यहां से भी बच्चे काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में पढ़ने आते रहे हैं। भारत और ईरान का संबंध कोई नया नहीं, बल्कि हजारों वर्ष पुराना है।ष उन्होंने आगे कहा कि ईरान के लोग बहुत जल्द शांतिपूर्ण स्थिति की उम्मीद कर रहे हैं। वे अपनी स्वतंत्रता, अपनी भूमि और अपने देश के लिए खुद को बलिदान करने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं।

### 20 करोड़ से अधिक का हाइड्रोपोनिक गांजा पकड़ा गया, दो तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को राजस्व खुफिया निद. ेशालय (डीआरआई) और कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से करीब 20 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी शहनाज और यूसुफ के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स -215 से बैंकॉक से शाम करीब 5 बजे वाराणसी पहुंचे इन दोनों यात्रियों के सामान की जांच के दौरान संदिग्ध गति. विधियां दिखाई दीं। यात्रियों के चेहरे पर बेचैनी देखी गई।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 22° C

हल्द्वानी, सोमवार 25 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 268 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी
पेज 2



एमआई को हरा शान से प्ले ऑफ में पहुंची आरआर
खेल टाइम्स



मीडिया: हमको आईना दिखाना है, दिखा देते हैं
सम्पादकीय



ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार
पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध संबंधों के शक में युवक ने की पिता और पत्नी की हत्या

**बुलन्दशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जनपद में अवैध संबंधों के शक में एक युवक द्वारा अपने पिता और पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को हिरासत में ले लेकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार अपराह्न साढ़े बारह बजे खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव कलंदरगढ़ी निवासी मुबीन नामक व्यक्ति ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से अपनी पत्नी सना और पिता रियाजुद्दीन को गोली मार दी। पिता रियाजुद्दीन की दो गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी सना को पुलिस ने खुर्जा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

### चिलचिलाती धूप में पीआरडी जवान की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में आसमान से बरसती आग और भीषण हीटवेव ने अब जान लेना शुरू कर दिया है। मुरादाबाद में रविवार को चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच ड्यूटी पर तैनात एक प्रांतीय रक्षा दल (पीआरडी) जवान की मौत हो गई। मुरादाबाद ब्लॉक निवासी 45 वर्षीय पीआरडी जवान किशन स्वरूप सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मधुबनी चौराहे पर सुबह 6 बजे से यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। दोपहर के समय प्रचंड गर्मी के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ईएमओ डा. जुनैद खान के नेतृत्व में चिकित्सकों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन जवान को बचाया नहीं जा सका।

### नोएडा में एक परिवार पर हमला महिला की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के फेस-वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां छत पर सो रहे एक परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। हमले में परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान संजू देवी की मौत हो गई, जबकि सुरेंद्र शर्मा और उनकी दोनों बेटियों का इलाज जारी है। डाक्टरों के मुताबिक तीनों की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

### आतंकी ठिकाने को किया नेस्तनाबूद, विस्फोटक बरामद

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने कश्मीर में बारामूला जिले में एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर वहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। सूत्रों ने बताया कि बारामूला पुलिस ने शनिवार को शहर के चंदूसा के निलसार कंडी इलाके में संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभियान में इस ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया।

# विदेश मंत्री जयशंकर की डोनाल्ड ट्रम्प को दो टूक

## कहा: अमेरिका अपने हितों से प्रेरित, तो भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों से बंधा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे : एस. जयशंकर
- भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को बेहद मजबूत तथा राष्ट्रीय हितों से प्रेरित बताते हुए कहा है कि दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध हैं तथा इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में वह संतुलन बनाते हुए सभी के साथ संबंधों को महत्व देता है। श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के मामले में भारत सस्ते और भरोसेमंद ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देता है। भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ रविवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक समझ के संदर्भ में एक रणनीतिक साझेदारी है, जो कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय हितों की समानता पर आधारित है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने अपनी विदेश नीति के दृष्टिकोण को 'अमेरिका फर्स्ट' के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखा है। वहीं जहां तक भारत का संबंध है, हमारा दृष्टिकोण 'इंडिया फर्स्ट' का है। इसलिए हम दोनों स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं।

### अमेरिका से 47 हजार अरब से अधिक का सामान खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा को दुनिया की राजनीति में एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। दक्षिण एशिया मामलों के जानकार माइकल कुगेलमैन ने इस दौरे को बेहद खास बताया है। उन्होंने कहा कि रुबियो का क्वाड बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आना यह साफ दिखाता है कि ट्रम्प सरकार इस संगठन को लेकर गंभीर है और इसे आगे बढ़ाना चाहती है। कुगेलमैन ने बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए यह एक बड़ा मौका है। बहुत दिनों के बाद मार्को रुबियो जैसा कोई बड़ा अमेरिकी अधिकारी भारत आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दौरे के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद इस साल के अंत में होने वाली बड़ी बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आ सकते हैं। कुगेलमैन के मुताबिक, मार्को रुबियो ने भारत को इस पूरे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अमेरिका के साथ दोस्ती का सबसे मजबूत स्तंभ बताया है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में अमेरिकी सरकार भारत को और ज्यादा मजबूत करने के लिए क्या नए कदम उठाती है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अपनी टीम की तारीफ की।

### भारत के नए 'टॉप गन' तैयार, 48 हफ्ते का प्रशिक्षण पूरा

**बेंगलुरु।** रक्षा विमानन जगत की किसी रोमांचक कहानी जैसे माहौल के बीच भारत ने चुपचाप अपने अगली पीढ़ी के विशिष्ट परीक्षण पायलटों और फ्लाइट टेस्ट इंजीनियरों को तैयार कर लिया है। यही वे अधिकारी हैं जो भविष्य के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और एयरोस्पेस प्रणालियों के वास्तविक प्रदर्शन का आकलन करेंगे। बेंगलुरु स्थित एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल में भारतीय वायुसेना, थल सेना और नौसेना के 17 अधिकारियों ने 48 सप्ताह का अत्यंत कठिन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया।

# अमेरिका में 15 हजार भारतीयों की छंटनी, नई जॉब नहीं मिलेगी

वाशिंगटन, वार्ता




- एच-1बी वीजा पर भारतीय गए थे अमेरिका, ट्रम्प के सख्त नियम से बना डिपोर्ट होने का खतरा

**अमेरिका में** 15 हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी जाने के बाद उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। अब उनपर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, ये सभी एच-1बी वीजा पर अमेरिका गए थे, लेकिन छंटनी के बाद इनके पास नई नौकरी ढूंढ़ने व वीजा स्टेटस बचाने के लिए सीमित समय बचा है।

नियमों के तहत नौकरी जाने के बाद इन्हें 60 दिनों में नई नौकरी खोजनी होगी। इस दौरान नया एम्प्लायर या स्पॉन्सर नहीं मिला, तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। बीते दिनों मेटा, अमेजन और ओरेकल जैसी बड़ी टेक कंपनियों में करीब 50 हजार लोगों की छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग हुई है। इनमें 15 हजार से ज्यादा भारतीय हैं। पहले नौकरी जाने पर टेक कर्मियों को जल्दी नया मौका मिलता था, पर अब इंटरव्यू लंबा खिंच रहा है। कंपनियां वीजा स्पॉन्सर करने से बच रही हैं और ट्रम्प की नई नीतियों के चलते उनके पास वीजा कोटा भी कम है। ट्रम्प प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति ने भी डर को बढ़ाया है। छोटी गलती, दस्तावेजों की कमी या वीजा नियमों में चूक भी खतरा बन रही है। अब नौकरी जाने पर उसी सेक्टर और उसी स्तर व सैलरी ब्रैकेट की नौकरी मिलनी चाहिए। यानी सॉफ्टवेयर इंजीनियर होटल में शेफ बनकर एच-1बी स्टेटस नहीं बचा सकता। अब कंपनी को भी ज्यादा दस्तावेज देने पड़ रहे हैं। उन्हें बताना पड़ रहा है कि इस पद के लिए अमेरिकी क्यों नहीं मिला। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीन कार्ड प्रक्रिया सख्त कर दी है। आवेदक को अपने देश जाकर आवेदन करना होगा। अभी अमेरिका में रहते हुए 'एडजस्टमेंट आफ स्टेटस' से ग्रीन कार्ड मिलता था। एच-1बी जैसे अस्थायी वीजा पर काम कर रहे भारतीयों पर बड़ा असर पड़ेगा। 5 साल में 49.97 लाख ग्रीन कार्ड जारी। इनमें 29.32 लाख अमेरिका में रहते हुए व 20.63 लाख होम कंट्री में रहते हुए आवेदन करने वालों को मिले। 2014 से 2023 के बीच कुल 7.26 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिला। नई नीति में भारत जाकर कांसुलेट से प्रक्रिया करनी पड़ेगी।

### भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी पर अमेरिकी विदेश मंत्री निराश

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणियों और भेदभाव के सवाल पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान पूरे अमेरिकी समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुबियो से अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लवाद की घटनाओं पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ बेवकूफ लोग होते हैं, जो ऑनलाइन या फिर सरेआम आपत्तिजनक बातें करते हैं, लेकिन इससे किसी देश की असली पहचान तय नहीं होती।

# बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 24 की मौत

## 82 लोग घायल, जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे



- धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास लगी आग आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूटे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 82 घायल हैं। यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई।

फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की। फिलहाल किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही हैं। जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान रेलवे की एक लंबी दूरी की प्रमुख पैसेंजर ट्रेन है। यह ट्रेन बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पाकिस्तान के बड़े शहरों से जोड़ती है। यह बलूचिस्तान समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरती है।

# बंगाल के फालता में पहली बार जीती भाजपा

- सीपीआई-एम कैंडिडेट को एक लाख वोटों से हराया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर रविवार को आए चुनावी नतीजे में भाजपा को जीत मिली। बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। सीपीआईएम के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं चुनाव से पीछे हटने वाले टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे। फालता में 74 साल के इतिहास में भाजपा ने पहली बार जीत हासिल की है। 1952 से 2006 तक यह कांग्रेस और सीपीआईएम का गढ़ था। 2011 के बाद लगातार तीन बार टीएमसी जीती थी। फालता में जीत के साथ भाजपा की बंगाल में कुल सीटें 208 हो गई हैं।

# कर्नाटक में नीट छात्रा ने की आत्महत्या

- 12 दिनों में 5 छात्रों ने जान दी
- राहुल बोले- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक चैन से नहीं बैठेंगे

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कलबुर्गी में 18 साल की नीट छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की पहचान भाग्यश्री के रूप में हुई है। उसने नीट-पीजी की परीक्षा दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

छात्रा के पिता राजशेखर ने बताया कि परिवार में किसी तरह की परेशानी नहीं थी और बेटी पढ़ाई में काफी अच्छी थी। भाग्यश्री ने हाल ही में 12वीं परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और नीट परीक्षा भी अच्छी गई थी। नीट-पीजी परीक्षा देश भर में 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने दोबारा परीक्षा 21 जून को कराने की घोषणा की है। परीक्षा रद्द होने के बाद पिछले 12 दिनों में 5 स्टूडेंट्स जान दे चुके हैं। इधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए फूलप्रूफ सिस्टम नहीं बनता, हम चैन से नहीं बैठेंगे। 13 मई को गोवा के मडगांव में एक लड़के ने सुसाइड कर लिया था। उसने नीट परीक्षा दी थी। सुसाइड नोट में उसने लिखा था कि वह अब कॉम्पिटिशन एग्जाम में हिस्सा नहीं लेना चाहता।

# यूपी के छह शहरों में 48 डिग्री तापमान



- विश्व के 100 सबसे गर्म शहरों में 97 भारत के

**नई दिल्ली।** दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में रविवार को भारत के 97 शहर शामिल हैं। एक प्राइवेट एजेंसी के मुताबिक टॉप 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 6 शहर हैं, जहां दोपहर 2 बजे 48 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इनमें प्रयागराज सबसे ऊपर रहा। यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के 37 शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 26 और 27 मई को तापमान और बढ़ सकता है। इससे पहले शनिवार को महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग ने तेलंगाना के हैदराबाद, रंगारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, मुलुगु, महबूबनगर में 26 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ धाम के पास रविवार सुबह कंचन गंगा में ग्लेशियर टूट गया। कुबेर पर्वत की तरफ से अचानक सफेद धूल और बर्फ का बड़ा गुबार उठता दिखा। इसके बाद पत्थर और मलबा तेजी से नीचे आता नजर आया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। राहत की बात यह रही कि मलबा सड़क या आबादी वाले हिस्से तक नहीं पहुंचा। प्रशासन के अनुसार, चारधाम यात्रा, बद्रीनाथ हाईवे और स्थानीय जनजीवन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

# कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो




- फाउंडर ने फॉलोअर्स का डेटा शेयर कर पूछा- इनमें 94 प्रतिशत भारतीय, रिजिजू इन्हें पाकिस्तानी क्यों बता रहे

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिल गया है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर लिखा कि हम वापस आ गए हैं, तुम भूल गए थे कि हम जिंदा रहने के लिए क्या कर सकते हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कॉकरोच की इमेज भी शेयर की। इससे पहले शनिवार को उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी और पर्सनल अकाउंट को हैक किया गया है। वहीं, दीपके ने रविवार को एक्स पर फॉलोअर्स डेटा शेयर कर बताया कि उनके 94 फीसदी से ज्यादा फॉलोअर्स भारत से हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से सवाल किया कि भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी क्यों कहा जा रहा है। दरअसल, रिजिजू ने एक्स पर बिना किसी का नाम लिखे पोस्ट कर लिखा था कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गिरोह से फॉलोअर्स जुटाते हैं, जबकि भारत में ही पर्याप्त युवा मौजूद हैं। भारत-विरोधी गिरोह से मदद लेने की कोई जरूरत नहीं है। इससे पहले शनिवार को अभिजीत ने बताया था कि उनकी पार्टी की वेबसाइट बंद कर दी गई है। दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा था कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। हालांकि यह वेबसाइट अभी बंद है। इसे खोलने पर 'दिस साइट कान्ट बी रीच्ड' का मैसेज फ्लैश हो रहा है। अकाउंट के हैक होने के बाद भी इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स लगातार बढ़े। रविवार दोपहर तक यह आंकड़ा 2.27 करोड़ पहुंच गया है। वहीं एक्स पर फाउंडर अभिजीत के ही अकेले 2.18 लाख से ज्यादा फॉलोअर हो गए हैं।

CMYK

# विधायक चीमा के आवास पर शोक जताने पहुंचे सीएम धामी

## लोगों ने समस्याओं को रखा सीएम के सामने, अधिकारियों को समाधान के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को यहां जैतपुर घोसी में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के आवास पर पहुँचकर विगत 15 मई को हुए सरदार अमरजीत सिंह चीमा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके परिवारजनों को ढांढस बँधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति और अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां आईजीएल में अस्थाई हेलीपैड पर जनप्रतिनिधयों ने सीएम धामी का स्वागत किया। यहां लोगों ने अपनी समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के



समक्ष रखा। उन्होंने समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है इसलिए अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

इस दौरान पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, विधयाक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, दर्जा मंत्री मंजीत सिंह व सीमा चौहान, ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज पाल, आशीष गुप्ता, खिलेन्द्र चौधरी, गुरविन्दर सिंह चण्डोक, मुक्ता सिंह, पार्षद वैशाली गुप्ता, केके अग्रवाल एडवोकेट, शक्ति प्रकाश अग्रवाल, अभिषेक गोयल, शशांक सिंह, गुरनाम सिंह गामा, वीडी कंडवाल, मनोज जग्गा, प्रतीक अग्रवाल, ईश्वर चन्द्र गुप्ता, डॉ. गिरीश तिवारी, डॉ. यूनुस चौधरी, लवीश अरोरा, रजत सिद्धू, अश्वनी छाबड़ा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक स्वपन किशोर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

**काशीपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली काशीपुर पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की नगदी, दस्तावेज, सिगरेट के डिब्बे और चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 23 मई 2026 को शिवनगर कालोनी निवासी ललित पुत्र रामशरण ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 मई की रात अज्ञात चोरों ने उनके खोखे का ताला तोड़कर 4000 नगद, क्लासिक सिगरेट की डिब्बियां और आधार कार्ड चोरी कर लिया। वहीं दूसरी घटना में विधाता मार्बल के पास रहने वाले दीपेश जैन ने 17 मई की रात दुकान का शटर काटकर 6000 नगद, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस चोरी होने की सूचना दी थी। दोनों मामलों में कोतवाली काशीपुर में धारा 305(ए), 331(2) बीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। गठित की गई पुलिस टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तथा रात्रि चेकिंग के दौरान मानपुर तिराहे के पास से दो संदिग्धों को चोरी में प्रयुक्त लाल रंग के ई-रिक्शा नंबर यूके18 ईआर 6853 सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुमित पुत्र कल्लू निवासी पार्वती कॉलोनी काशीपुर तथा प्रियांशु शर्मा उर्फ जानू पुत्र मनीष शर्मा निवासी मोहल्ला कानूनगोयान काशीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 6200 नगद, 9 क्लासिक सिगरेट के डिब्बे, दो आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, एक पैन कार्ड तथा चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया है। गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी एलएसआई मीना रावत, एसआई कंचन पडालिया, एडिशनल एसआई प्रकाश बोरा, कांस्टेबल जगदीश पपने, कांस्टेबल गौरव सनवाल, एसपीओ माजिद एवं एसपीओ राहुल।

## एक नजर

### चाइल्ड पोर्नग्राफी शेयर करने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो पोस्ट करने पर एसएसआई की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनकर चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो प्रसारित होने पर वरिष्ठ पुलिस कार्यालय द्वारा 18 मई को काशीपुर कोतवाली को पत्र भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर पुलिस द्वारा मामले में जांच करने पर सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी पोस्ट करना पाया गया। जिस पर काशीपुर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन चन्द्र बुधानी की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम कुण्डेश्वरा निवासी हरदीप पुत्र हीरा सिंह के खिलाफ 67(बी), 67(सी) आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### ट्रक व पोल में आग लगने से हड़कंप

**काशीपुर।** नेशनल हाईवे पर लकड़ी से भरे खड़े ट्रक व वैशाली कालोनी में विद्युत पोल में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही की अग्निकांड में किसी तरह की जन हानि नहीं हुई। बीती रात्रि ग्राम कनकपुर के पास नेशनल हाईवे पर लकड़ी से भरे खड़े एक ट्रक में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने मौके पर पहुंचकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं बीती देर रात्रि वैशाली कॉलोनी स्थित एक बिजली के पोल में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग तेजी से आवासीय क्षेत्र की तरफ बढ़ रही थी। सूचना पर मौके पर पहुंचीफायर यूनिट ने आग पर काबू पाया। दोनों ही घटनाओं में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। अग्निशमन टीम में फायरमैन अर्जुन सिंह, सनी कुमार, बलवंत, फायर वूमेन नमिता, शीतल गोस्वामी, ज्योति, रजनी व चालक दीपक राठौर रहे।

### छह केंद्रों में हुई यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

**अल्मोड़ा।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को सिविल सर्विसेज प्रारंभिक की लिखित परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों 1396 में से 873 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 523 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। नगर के छह केंद्रों में हुई परीक्षा सुबह-शाम दो पालियों में संपन्न कराई गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से 11 बजे तक हुई। इसमें कुल 1396 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 873 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं, 523 परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा ढाई से साढ़े चार बजे तक चली। इसमें 1396 में से 868 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे और 528 अनुपस्थित रहे। परीक्षा से पूर्व जिले के सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। परीक्षा के दौरान डीएम अंशुल सिंह और एसएसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने भी विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सभी केंद्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### बकरीद पर्व सौहार्द के साथ मनाने की अपील

**अल्मोड़ा।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को कोतवाली अल्मोड़ा, चौखुटिया और थाना सल्ट में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ बलवंत सिंह रावत ने की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेश चन्द्र उपाध्याय, अशोक कुमार तथा थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह मौजूद रहे। बैठक में नगर निगम, जल संस्थान के प्रतिनिधि, व्यापार मंडल पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने सभी से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की, जिस पर उपस्थित लोगों ने सहमति जताई।

### अवैध शराब पर अल्मोड़ा पुलिस की कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार भतरौजखान थाना पुलिस ने ग्राम कमेटपानी में होटल संचालक सुरेंद्र सिंह जमनाल को अवैध रूप से शराब बेचते और पिलाते गिरफ्तार किया। मौके से विभिन्न ब्रांड की शराब की बोतलें, गिलास और खाली बोतलें बरामद हुई। वहीं कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने एनटीडी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार से 6 पेटियों में कुल 276 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस को देखकर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### डाक्टर से मारपीट करने का आरोप

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना मेडिकल कालेज के अधीन बेस अस्पताल में तैनात एक डाक्टर पर मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में डाक्टर की तहरीर पर पुलिस ने होटल संचालक समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार डाक्टर प्रीत इंद्र सिंह ने कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह अपने परिसर के साथ नगर के डोलीडाना घूमने गए थे। उन्होंने अपना वाहन एक होटल के पास खड़ी की थी। इसी दौरान वाहन खड़ा करने को लेकर होटल संचालक भड़क गया और टायर की हवा निकाल दी। विरोध करने पर होटल संचालक प्रदीप रावत विवाद खड़ा कर दिया और अपने साथी सचिन रावत, नमन मटेला व एक अन्य के साथ उनसे मारपीट शुरू कर दी। इससे उन्हें गंभीर चोटें आई है। इधर, डाक्टर की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अल्मोड़ा में स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की धरपकड़ तेज कर दी है। अब पुलिस ने 16.44 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की। बरामद स्मैक की कीमत साढ़े चार लाख से अधिक आंकी गई है। आरोपी स्मैक को तराई से खरीदकर अल्मोड़ा में बेचने के फिराक में थे। ड्रग्स-फ्री देवभूमि मिशन के तहत एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक योगेश चंद्र उपाध्याय और एसओजी प्रभारी सुनील धानिक की अगुआई में पुलिस टीम लोधिया बैरियर के पास चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान बैरियर से कुछ दूरी पर पुलिस ने आरोपी सौरभ बिष्ट पुत्र बलवंत सिंह बिष्ट, निवासी गर भनार खोल्टा और रोहित कुमार पुत्र कैलाश राम, निवासी चचई पोस्ट कन्यालीकोट, बागेश्वर, हाल निवासी सरकार की आली, अल्मोड़ा के कब्जे से 16.44 ग्राम स्मैक बरामद की। कोतवाल ने बताया कि स्मैक तस्करी के आरोपी दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। यहां पुलिस टीम में चौकी प्रभारी धारानौला एसआई आनंद बल्लभ कश्मीरा, कांस्टेबल इरशाद उल्ला, राकेश खेतवाल, गणेश पांडे शामिल रहे।

# नियम तोड़ने पर वाहन चालक का चालान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पर्यटन सीजन के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर जागेश्वर मंदिर क्षेत्र में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान थाना दन्या पुलिस ने अवैध लाल-नीली बत्ती लगे एक यूपी नंबर वाहन पर कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान पाया कि चालक मंदिर क्षेत्र में जल्दी प्रवेश पाने के लिए फर्जी लाल-नीली बत्ती का उपयोग कर रहा था। पुलिस ने तत्काल बत्ती हटवाकर चालक का चालान किया और भविष्य में इस प्रकार की हरकत न करने की कड़ी चेतावनी दी।

# इनर व्हील काशीपुर ने विद्यालय में लगवाया 7 किलो वाट का सोलर पैनल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** डॉ. जगदीश चंद्र गुप्ता गोपाल चन्द्र गुप्ता सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जैतपुर काशीपुर में 7 किलोवाट सोलर सिस्टम लगवाने में इनर व्हील क्लब ऑफ काशीपुर की मातृशक्ति के द्वारा सहयोग किया गया था, जिसका आज उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुरुचि सक्सेना डिस्ट्रिक्ट चैयरमेन, विशिष्ट अतिथि रेखा अग्रवाल चैयरपर्सन केवीएस प्रीमियर फाउंडेशन, अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल, सदस्य पूनम शर्मा, शालिनी अग्रवाल, विद्यालय अध्यक्ष तनुज अग्रवाल, सदस्य निधि अग्रवाल उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा



तिलक व बैच अलंकरण, स्वागत गीत से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा परिचय, अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सोलर सिस्टम लगवाने में क्लब के सहयोग की सराहना की गई व इससे पर्यावरण संरक्षण व ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के मिशन को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं को ग्रीन ऊर्जा व ऊर्जा के महत्व को बताया गया।

# धूमधाम से आयोजित किया टैक्स बार की नई कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** टैक्स बार एसोसिएशन काशीपुर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने बाजपुर रोड स्थित गोविषाण हेरिटेज पर शपथ ग्रहण समारोह एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया। नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी संजीव शर्मा एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 के लिए मयंक गुप्ता अध्यक्ष, विकास वर्मा उपाध्यक्ष, विवेक जैन सचिव, विकास अग्रवाल एवं वैभव जिंदल उपसचिव, त्रिलोक शर्मा कोषाध्यक्ष, महेश चंद्र शर्मा ऑडिटर व स्वतंत्र नवीन प्रचार मंत्री




चुने गए हैं। मुख्य अतिथि उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य हरीश नेगी व विशिष्ट सदस्य चंद्रशेखर जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। नई कार्यकारिणी द्वारा टैक्स बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं का स्वागत किया गया, जिसमें अधिवक्ता केके अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, गोपाल सिंह सैनी, सुभाष चंद्र अग्रवाल, राकेश जिंदल, नरेंद्र रस्तोगी, डीके सक्सेना, शरद बिश्नोई, पंकज अग्रवाल, गिरिराज खुल्बे, विधु शेखर शर्मा, यशवंत चौहान, अंकित चौधरी, बीसी नौटियाल, गौरव मल्होत्रा, राकेश प्रजापति, आनंद रस्तोगी व संदीप सहगल को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया। उक्त समारोह में अधिवक्ता मुकेश सक्सेना, प्रमोद चौहान, प्रशांत वर्मा, अमन गुप्ता, अश्वनी सैनी, सौरव रस्तोगी, तुषार अरोरा, शाश्वत सहगल, अंकुर अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, नवनीत गोयल व अपूर्व चित्रांश आदि उपस्थित थे।

# रोडवेज बसों के लिए लागू हुआ वन-वे व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** पर्यटन सीजन के दौरान रानीखेत नगर में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से अल्मोड़ा पुलिस ने अभिनव पहल करते हुए रोडवेज बसों के लिए पहली बार वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में शुरू की गई इस व्यवस्था को स्थानीय जनता की वर्षों पुरानी मांग का समाधान माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार रानीखेत नगर में पर्यटक सीजन के दौरान लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से रोडवेज बसों के संचालन हेतु वन-वे व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई जा रही थी। यह मुद्दा एसएसपी के जनता दरबार में भी प्रमुखता से रखा गया था। जनभावनाओं और यातायात व्यवस्था की जरूरत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी चंद्रशेखर घोडके ने संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर इस व्यवस्था को धरातल पर उतारा। कोतवाली रानीखेत पुलिस द्वारा रोडवेज विभाग के साथ तालमेल बनाते हुए आवश्यक पुलिस ड्यूटी लगाकर बसों का संचालन वन-वे रूट से कराया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद नगर क्षेत्र में यातायात दबाव कम होने लगा है और जाम की स्थिति में भी सुधार देखने को मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों, पर्यटकों और वाहन चालकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में लिया गया प्रभावी निर्णय बताया है।

# चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र न मिलने पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी कल्याण संगठन की ब्लॉक इकाई की बैठक में जिले के 352 चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को आज तक प्रमाण और पहचान पत्र नहीं मिलने पर गहरा रोष जताया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। मांग जल्द पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर विधानसभा चुनाव बहिष्कार का निर्णय भी लिया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग के स्थानीय डांक बंगला में वरिष्ठ आंदोलनकारी डा. शेर सिंह ऐठानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पृथक उत्तराखंड राज्य गठन के लंबे समय बाद भी जिले के चिन्हित 352 आंदोलनकारियों को पहचान और प्रमाण पत्र नहीं मिल सके हैं। आरोप लगाया गया कि ऊधम. सिंहनगर और देहरादून जैसे जिलों में मिलीभगत के चलते ऐसे लोगों को भी प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए जिनका आंदोलन से कोई संबंध नहीं था। आंदोलनकारियों ने कहा कि प्रशासन ने विभिन्न माध्यमों से जांच कर उन्हें चिन्हित तो किया, लेकिन आज तक प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए। शासन पर भी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा गया कि चिन्हांकन के लिए छह माह का समय दिया गया था, जिसमें अब केवल दो माह शेष हैं। वर्ष 2009 से चिन्हित आंदोलनकारियों को पहचान पत्र देने के बजाय उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए। बैठक में संगठन के पुनर्गठन का भी निर्णय लिया गया। साथ ही हाल ही में आंदोलनकारी चंद्र सिंह कोरंगा के असामयिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया गया। उनके साथ ही पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बिशन गढ़िया, गोविंद गोरिला, प्रकाश ऐठानी, देवकी नंदन पांडे और खुशहाल गढ़िया के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का संचालन गणेश चंद्र उपाध्याय ने किया। इस दौरान दान सिंह ऐठानी, गोविंद बड़ती, ईश्वर सिंह बड़ती, प्रकाश सिंह शाही, भरत गढ़िया, खीम राम टम्टा और मनीष ऐठानी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिला मुख्यालय में पीआरडी जवानों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** दो सूत्रीय मांगों को लेकर पीआरडी जवानों ने रविवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में प्रदर्शन किया। जवानों ने समान कार्य के लिए समान वेतन तथा वर्षभर 365 दिन रोजगार देने की मांग उठाते हुए सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। इस दौरान वक्ताओं ने 27 और 28 मई को प्रस्तावित सीएम आवास कूच कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि इस बार उनकी लड़ाई आर-पार की होगी। प्रदर्शन के दौरान पीआरडी जवानों ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र भोटिया ने कहा कि इन मांगों को लेकर जवान लंबे समय से आंदोलन. रत हैं। उन्होंने बताया कि दो बार प्रदेश मुख्यालय में भी प्रदर्शन किया जा चुका है, जहां सरकार की ओर से केवल आश्वासन मिला, लेकिन आज तक मांगों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार जवान केवल आश्वासन पर भरोसा नहीं करेंगे और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 28 मई को देहरादून में प्रस्तावित आंदोलन में बागेश्वर के जवान भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बैठक एवं प्रदर्शन में कैलाश, हरीश राम, महेश भोटिया, मनीष जौहरी, महेश राम, धीरज, बलवंत भोटिया, देवकी देवी, पुष्पा देवी, किशोरी लाल, गरुड़ ब्लॉक अध्यक्ष विपिन बिष्ट, उपाध्यक्ष नीमा वर्मा, सचिव रंजना देवी, सह सचिव मनीष जौहरी तथा ब्लॉक कमांडर रविंद्र हरड़िया सहित कई जवान मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर पैथलैब संचालकों का मंथन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले के पंजीकृत पैथोलॉजी लैब संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, मरीजों को राहत देने और लैब संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिले की सभी पंजीकृत पैथोलॉजी लैब में एक समान रेट लिस्ट चस्पा की जाएगी, ताकि मरीजों से पारदर्शी और निर्धारित शुल्क लिया जा सके। साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को विशेष सहयोग देते हुए कम दरों पर जांच सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया गया। संचालकों ने क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट सर्टिफिकेट को प्रोविजनल से परमानेंट किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मानकों के अनुसार संचालित पैथोलॉजी लैब का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिला प्रशासन से सरकारी अस्पतालों में सक्रिय दलालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी लैब को पीपीपी मोड पर दिए जाने का भी विरोध जताया गया। वक्ताओं का कहना था कि इससे स्थानीय पंजीकृत लैब संचालकों और स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बैठक में जिले में डायग्नोस्टिक एसोसिएशन गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें जिले के सभी पंजीकृत पैथोलॉजी लैब संचालक सदस्य होंगे। एसोसिएशन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगा। साथ ही ब्लड डोनेशन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में अमित डसीला, सुरेश मलड़ा, हिमांशु भटखोरा, आनंद भंडारी, अर्जुन सिंह, हेम चंद्र, कैलाश कोरंगा, भुवन भंडारी, वीरेंद्र ऐठानी सहित गरुड़ और कपकोट क्षेत्र के पैथोलॉजी लैब एवं एक्स-रे संचालक मौजूद रहे।

# विभिन्न संस्थानों में योग शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि के योग विभाग की ओर से आओ हम सब योग करें अभियान जारी है। रविवार को अभियान के तहत अल्मोड़ा के विभिन्न स्थानों में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को योग के आसानों का अभ्यास



कराकर निरोगी रहने के टिप्स दिए गए। एसएसजे परिसर के योग विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. नवीन चंद भट्ट के निर्देशन में संचालित इस एक माह के नि:शुल्क योग अभियान के माध्यम से प्रशिक्षु अपने-अपने क्षेत्रों एवं मोहल्लों में लोगों को योग से जोड़ रहे हैं। इसी क्रम में योग शोधार्थियों और छात्रों ने धामस, स्यालीधार, पलना बैंड, दुगालखोला, नंदा देवी, एसएसजे कैंपस, दुगालखोला, खत्याड़ी आदि स्थानों पर शिविर लगाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और लोगों को योग के विभिन्न आसानों का अभ्यास कराया गया। यहां योग प्रशिक्षक डा. गिरीश सिंह अधिकारी समेत अन्य ने सहयोग किया। यहां माही वर्मा, महक वर्मा, किरण बिष्ट, जानकी एरी, गीतांजलि सतवाल, अदिति जोशी, नितिशा भंडारी, प्रियंका पांडे, खुशी कनवाल, महक शर्मा, निकिता मेहरा, हेमलता बिष्ट, ललिता तोमकियाल, शिवम वर्मा आदि ने शिविर में सहयोग किया।

# जल स्रोतों के संरक्षण को बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला स्तरीय कार्यकारी समिति सारा अल्मोड़ा की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जलागम विभाग द्वारा संचालित स्प्रिंग एवं रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान 'एक जनपद-एक नदी' कार्यक्रम के अंतर्गत जागेश्वर स्थित जटा गंगा के जल स्रोतों के उपचार हेतु तैयार डीपीआर में शामिल कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोसी नदी के समस्त कैचमेंट क्षेत्र में स्थित जल स्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए संबंधित विभागों को माहवार कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तर पर ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व वाले पांच नौलों के संरक्षण एवं जल



स्रोतों के पुनर्जीवन हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आगामी जून माह में चलाए जाने वाले जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत विकासखंड एवं जनपद स्तर पर व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम तथा जल स्रोतों की सफाई अभियान संचालित किए जाएंगे। इसके लिए जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रो. जेएस रावत, जीबी पंत संस्थान कोसी के वैज्ञानिक वैभव गोसावी, परियोजना निदेशक जलागम, जियो हाइड्रोलॉजिस्ट, विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, उपनिदेशक जलागम, प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, उप प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा, अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग सहित समस्त खंड विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया।

# चरस के साथ दबोचा

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा पुलिस ने 754 ग्राम चरस के साथ पुलिस ने हरदोई यूपी निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने निर्देश पर लमगड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोतियापाथर क्षेत्र के पास एक युवक संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोका गाया। तलाशी लेने पर आरोपी रहीस सिंह पुत्र नन्हे, निवासी ग्राम घमोईया पोस्ट ककेड़ी, हरदोई जिला हरदोई यूपी के कब्जे से 754 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब डेढ़ लाख से अधिक आंकी गई। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी चौकी मोरनौला एसआई नरेश कोहली, हेड कांस्टेबल दीपक सिंह महरा, प्रदीप सिंह रौतेला, कांस्टेबल केशव सिंह भौंत शामिल रहे

# जनपद में घरेलु गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन एवं पूर्ति विभाग लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी बबलू पाण्डे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रविवार को विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इंडेन गैस सर्विस बागेश्वर द्वारा शहरी क्षेत्र, पेट्रोल पंप, विकास भवन एवं नुमाईशखेत क्षेत्र में 234 सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। वहीं इंडेन गैस सर्विस कांडा द्वारा कांडा बाजार क्षेत्र में 100 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा शिखर भारत गैस सर्विस शामा द्वारा शामा क्षेत्र में 70 सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। शुभम गैस एजेंसी गरुड़ द्वारा गरुड़, लौबाज, भेटा, चाय फैक्ट्री, कौसानी, रौल्याना गूठ एवं काटली क्षेत्रों के लिए 50 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू बनी हुई है और किसी भी क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि जनपद के 14 पेट्रोल पंपों पर भी पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में 96,413 लीटर डीजल तथा 99,296 लीटर पेट्रोल उपलब्ध है।

# जनता की समस्याओं पर सीएम धामी सख्त

## सर्किट हाउस में उमड़े फरियादी, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम सर्किट हाउस पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को जनता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसरोकार से जुड़े मामलों का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल संकट, ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कें, बिजली आपूर्ति में व्यवधान, सिंचाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का सर्वोच्च प्राथमिकता आम जनता को राहत पहुंचाना है और इसके लिए सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता तथा जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने पेयजल निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर पानी के टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। साथ ही खराब पड़े नलकूपों और हैंडपंपों को शीघ्र दुरुस्त कराने



को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ग्रामीण और संपर्क मार्गों की मरम्मत में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढों से भरी सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए। वहीं विद्युत विभाग को तय समय के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बार-बार बिजली कटौती से आम लोगों को परेशानी होती है, इसलिए व्यवस्था में सुधार जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों के समाधान में देरी या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी और मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कुमाऊं मीडिया सेंटर का आज शिलान्यास करेंगे सीएम

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हल्द्वानी में कुमाऊं मीडिया सेंटर भवन का शिलान्यास करेंगे। करीब 6 करोड़ 75 लाख 88 हजार रुपये की लागत से बनने वाला यह अत्याधुनिक भवन मीडिया जगत को नई सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला ने बताया कि यह भवन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे पत्रकारों की कर्मस्थली और विचारों के आदान-प्रदान का प्रमुख केंद्र बनेगा। अभी कुमाऊं मंडल के कई मीडिया संबंधी कार्यों के लिए पत्रकारों को देहराद.न जाना पड़ता है, लेकिन इस भवन के बनने के बाद अधिकांश कार्य हल्द्वानी से ही संचालित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों की निरीक्षण प्रक्रिया भी इसी भवन से संचालित की जाएगी। साथ ही मुनस्यारी, बागेश्वर, कपकोट, पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा और रानीखेत जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले पत्रकारों के ठहरने के लिए गेस्ट रूम की व्यवस्था भी की जाएगी। मीडिया सेंटर में आधुनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, हाई-स्पीड इंटरनेट, लाइब्रेरी, कैंटीन और स्टूडियो जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### नमाज की मनाही नहीं, लेकिन परेशानी किसी को न हो

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुले में नमाज पढ़ने के मुद्दे पर कहा कि नमाज अदा करने पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है, लेकिन इसे केवल चिन्हित स्थानों पर ही किया जाना चाहिए। सर्किट हाउस काठगोदाम में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी धार्मिक गतिविधि से आम लोगों को परेशानी न हो। वर्तमान में चारधाम यात्रा जारी है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। ऐसे में यातायात और अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सीएम धामी ने कहा कि इसी कारण खुले स्थानों पर नमाज नहीं पढ़ने की अपील की गई है। सरकार सभी धर्मों का सम्मान करती है।

# दोस्त की हत्या कर पुलिस को करता रहा गुमराह, आखिरकार खुल गया राज

## चार फीट की कुल्हाड़ी से काटा था मेवा का गला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भाखड़ा रेंज के जंगल में अपने ही दोस्त की हत्या करने वाले आरोपी तिवारी सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त भारी भरकम कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। आरा.पी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। रविवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि बीते शुक्रवार की रात टांडा जंगल क्षेत्र के पीपलपड़ाव जंगल स्थित भाखड़ा रेंज के प्लॉट संख्या-71 में इस वारदात को रात करीब 9 बजे अंजाम दिया गया। इस प्लाट पर मूलरूप से अलीपुर जिला, जनपद कौशाम्बी उत्तर प्रदेश निवासी 50 वर्षीय मेवा लाल पुत्र हरी लाल झोपड़ी बनाकर रहते थे। वन विभाग के लिए बतौर फार्म वॉचर काम करने वाले मेवा के साथ लालपुरी गूलरभोज, थाना दिनेशपुर, ऊधम सिंह नगर निवासी 45 वर्षीय तिवारी



सिंह पुत्र जय सिंह भी रहता था। पिछले करीब तीन साल से साथ रहने वाले दोनों दोस्तों के बीच शुक्रवार रात शराब पीने के बाद विवाद हो गया और कुल्हाड़ी के एक ही वार से तिवारी ने मेवा को मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद नशे की हालत में करीब 6 किमी पैदल चल कर तिवारी वन बीट पुलिस चौकी पहुंचा। बताया कि मेवा को किसी ने मार दिया है। रात दो बजे पुलिस को सूचना मिली और सुबह 4 बजे तक तिवारी पुलिस और वन कर्मियों को गुमराह करता रहा। हालांकि सुबह होते-होते वह टूट गया और उसने न सिर्फ सारी कहानी उगल दी, बल्कि घटना स्थल से कुल्हाड़ी भी बरामद कराई। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि झगड़ा शराब पीने के बाद गाली-गलौज से शुरू हुआ था और फिर हत्या तक पहुंच गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दो डॉक्टरों समेत स्टाफ पर मुकदमे के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** गुर्दे की पथरी के ऑपरेशन के दौरान मरीज की मौत के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। अपर न्यायिक मुख्य मजिस्ट्रेट मीनाक्षी शर्मा की अदालत ने निजी अस्पताल में तैनात दो डॉक्टरों और कर्मचारी स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार पंचायत घर किशनपुर घुड़दौड़ा निवासी ललित मोहन सिंह लंबे समय से गुर्दे में पथरी से परेशान थे। जांच में उनके गुर्दे में 11 एमएम की पथरी पाई गई। इसके लिए नहर को रिंग रोड स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टर से सलाह ली गई। डॉक्टर ने 24 सितंबर 2025 को ऑपरेशन का समय दिया था। ऑपरेशन से पहले ललित की सभी जांचे कराई गईं। जांच रिपोर्ट ओके होने के बाद ही ऑपरेशन की डेट दी गई। मृतक के भाई भरत मोहन सिंह ने बताया कि वह दोपहर करीब डेढ़ बजे ललित को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, जहां उन्हें ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि शाम 6 बजे ऑपरेशन थिएटर से ललित का शव बाहर निकाला गया। परिजनों ने दो डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर भी दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद संबंधित दो डॉक्टरों और कर्मचारी स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश जारी किए हैं।

## स्कूटी से शराब तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नगर कवरिंग रोड क्षेत्र में स्कूटी अनियंत्रित होकर दीवार से टकराने के बाद अवैध शराब तस्करी का मामला सामने आया। पुलिस ने मौके से माल्टा मार्का देशी शराब की तीन पेटियां बरामद करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक डायल-112 ड्यूटी के दौरान सूचना मिली कि दूध डेरी के पास स्कूटी सवार दो युवक दीवार से टकराकर घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को मौके से पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम बंटी और रितिक निवासी राजपुरा, हल्द्वानी बताए। पुलिस ने स्कूटी पर रखे कट्टे की तलाशी ली तो उसमें माल्टा मार्का देशी शराब की तीन पेटियां बरामद हुईं। इनमें कुल 96 टेट्रा पैक भरे हुए थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## जंगल क्षेत्र से 152 पाउच कच्ची शराब बरामद

**हल्द्वानी।** चोरगलिया पुलिस ने गश्त के दौरान जंगल क्षेत्र से 152 पाउच कच्ची शराब बरामद करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरा.पी शराब को गौलापार क्षेत्र में बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि गश्त के दौरान प्रतापपुर मोड़ से आगे दानी. बंगर की ओर जंगल में एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में बैठा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास मौजूद कट्टे से 152 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम परमजीत सिंह निवासी धौराडाम नजीमाबाद, थाना किच्छा बताया। आरोपी ने कबूल किया कि वह शराब को गौलापार क्षेत्र में बेचने के उद्देश्य से लेकर जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## वाहन चेकिंग में दो नाबालिग बाइक चलाते पकड़े

**हल्द्वानी।** मल्ला काठगोदाम चौकी गेट के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दो नाबालिग किशोरों को बाइक चलाते हुए पकड़ा। दोनों मामलों में पुलिस ने वाहन सीज करते हुए वाहन स्वामियों और अभिभावकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम एसआई दिलीप कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक को रोककर जांच की गई। चालक किशनपुर गौलापार निवासी निकला, जिसकी उम्र करीब 15 वर्ष पाई गई। जांच में उसके पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस मिला और न ही वाहन के काग. जात मौजूद थे। बाइक के आगे नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। पुलिस ने बाइक सीज कर नाबालिग को वाहन चलाने की अनुमति देने के आरोप में उसके पिता के खिलाफ कार्रवाई की। इसी दौरान पुलिस ने दूसरी बाइक को भी रोका। चालक राजेंद्र नगर, राजपुरा निवासी किशोर निकला, जिसकी उम्र भी करीब 15 वर्ष बताई गई। उसके पास भी ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन की आरसी नहीं मिली। साथ ही बाइक बिना आगे की नंबर प्लेट के चल रही थी। इस मामले में पुलिस ने वाहन स्वामी, जो नाबालिग का परिजन है, के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद दोनों नाबालिगों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## विधायक दीवान सिंह बिष्ट के आवास पहुंचे मुख्यमंत्री धामी, शोक संवेदना व्यक्त

**रामनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को रामनगर पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट के आवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी आशा बिष्ट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और पूरा प्रशासन परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वे धैर्य बनाए रखें।

## लालकुआं में तीन चोरियों का खुलासा एक शातिर चोर धरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** लालकुआं क्षेत्र में पिछले एक वर्ष से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने चोरी किए गए करीब 20 तोला सोने के जेवर रूम हीटर के भीतर छिपाकर रखे थे। बरामद आभूषणों की बाजार कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताई जा रही है। रविवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में चोरी का खुलासा करते



हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि बीती 19 मई को बिंदुखत्ता निवासी चंद्रा देवी ने घर का ताला तोड़कर जेवर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान वर्ष 2025 की दो अन्य चोरी की घटनाओं को भी जोड़कर पुलिस ने टीम गठित की। टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। बीती शनिवार को पुलिस को मुखबिर की सटीक सूचना मिली कि चोरी के जेवर बेचने के लिए एक युवक बिंदुखत्ता क्षेत्र में आया है। घेराबंदी कर पुलिस ने 21 वर्षीय आरोपी भानु प्रताप को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से टूटे हुए सोने के आभूषण मिले। वहीं पंखानुमा हीटर की प्लेट के भीतर छिपाकर रखे गए कई अन्य जेवर भी बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बिंदुखत्ता और लालकुआं क्षेत्र के बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही बताया कि दिन के वक्त वह इलाके में घूम कर रेकी करता था और रात में वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस टीम में एसआई गौरव जोशी, हेड कांस्टेबल इसरार नवी, कांस्टेबल कमल बिष्ट, दयाल नाथ, आनन्द पुरी, उमेश गिरी, मनीष नौटियाल, दिलीप कुमार, विरेंद्र रौतेला थे। एसएसपी ने गुडवर्क करने वाली टीम को 2500 रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है।

# बूथ प्रबंधन और एसआईआर पर कांग्रेस का मंथन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक कमलुवागांजा रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा बूथ प्रबंधन और एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर रणनीति तय करना रहा।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने की। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन रहा है और जनता मौजूदा सरकार की नीतियों से असंतुष्ट है। उन्होंने आरोप



लगाया कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और विभिन्न वर्गों की समस्याएं बढ़ी हैं, जिससे युवा, महिलाएं, व्यापारी और संविदा कर्मी प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना पार्टी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि हर बूथ पर युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम तैयार की जाए तथा एसआईआर प्रक्रिया पर विशेष नजर रखी जाए ताकि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से न हटे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बूथ प्रबंधन पर लंबे समय से काम कर रही है और अब हर बूथ पर मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) की नियुक्ति प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है और जल्द ही प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल, भोला दत्त भट्ट, ब्लॉक अध्यक्ष किरन मेहरा, नीरज तिवारी, मनोज शर्मा, सुहेल सिद्दीकी, जया कर्नाटक, चम्पा चिलवाल, विशाल सिंह भोजक, गोविंद सिंह बिष्ट, मनोज बिष्ट, संजय किरोला, महेश कांडपाल, गीता बहुगुणा, रेनू तोमर, राधा चौधरी, अशोक जोशी, आनंद दुर्गापाल, हरीश पांडे, संतोष पांडे, भुवन आर्या, ललित जोशी, आनंद सिंह अधिकारी, रवि नेगी, प्रदीप नेगी मौजूद रहे।

# चलती बाइक से गिरी युवती की हुई मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भीषण गर्मी के बीच दवा लेने जा रही एक युवती की चलती बाइक से गिरने के बाद मौत हो गई। हादसे में युवती के सिर पर गंभीर चोट आई थी। उपचार के लिए उसे रामपुर से सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के नानकार, रानी स्वार निवासी 23 वर्षीय गुलशन बी पुत्री शफीक अहमद परिवार के साथ रह रही थी। परिजनों ने बताया कि परिवार के एक सदस्य की तबीयत खराब होने पर 22 मई को गुलशन परिवार के ही एक व्यक्ति के साथ बाइक से दवा लेने गई थी। वह बाइक पर पीछे बैठी थी। घर लौटते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर चलती बाइक से सड़क पर गिर गई। गिरने से उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई। परिजन उसे तत्काल पास के अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसटीएच में उपचार के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

# वेतन न मिलने पर कर्मियों में रोष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रोडवेज संयुक्त कर्मचारी परिषद ट्रैफिक शाखा हल्द्वानी की मासिक बैठक शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। रोडवेज बस स्टेशन में सपन्न हुई। जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने वेतन न मिलने को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक में प्रांतीय प्रबंध समिति द्वारा जारी 22 सूत्रीय मांग पत्र और आंदोलन नोटिस का भी समर्थन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर एकजुट होकर आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। क्षेत्रीय मंत्री उमेश जोशी ने भी कर्मचारियों के हितों में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं संयुक्त मंत्री कौशल



जोशी ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सामूहिक एकता और संगठन के माध्यम से ही संभव है, इसलिए सभी को एकजुट रहना चाहिए। बैठक में सुरेंद्र सिंह रावत, तारा देवी, उमेश जोशी, कौशल जोशी, राजीव भट्ट, अनंत अग्रवाल, आनंदी शुक्ला, कविता जोशी, दिनेश भंडारी, नीलम पांडे, मंजू गौतम, भुवन सिंह जीना, भास्कर चंद्र, नितेश चौधरी, पंकज पुरी, वीरेंद्र आर्य, हर्षित कुमार, मोहित बिष्ट, लाइक अहमद, अबरार अहमद, रोी. हत जोशी, प्रताप सिंह, संतोष कुमार, उमा टम्टा, दान सिंह और गोपाल दुम्का मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा और नौतपा एक ही दिन, कल से होगा शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** इस वर्ष गंगा दशहरा और नौतपा का आरंभ एक ही दिन होने से यह अवधि विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पंचांग के अनुसार कल यानि सोमवार को दोपहर 3 बजकर 37 मिनट पर सूर्य देव वज्र योग में रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही नौतपा की शुरुआत होगी। यह अवधि 2 जून तक रहेगी और इस दौरान तीव्र गर्मी का प्रभाव रहने की संभावना जताई जा रही है। ज्योतिषीय अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश और अन्य ग्रहों की चाल के कारण इस समय अग्नि तत्व की वृद्धि होती है, जिससे तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा सकती है। वहीं कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार नौतपा के दौरान पृथ्वी के अधिक तपने से मानसून पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है और अच्छी वर्षा के संकेत बनते हैं। इस अवधि में सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में गोचर और अन्य ग्रहों-जैसे मंगल, गुरु, शुक्र और राहु की क्रमिक चाल को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने बताया धार्मिक और पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, नौतपा के दौरान लोगों को ठंडे पेय पदार्थ जैसे नींबू पानी, सत्तू शरबत और आम पना का सेवन करने तथा जरूरतमंदों को पानी और शरबत दान करने की सलाह दी जाती है। सूर्य को जल अर्पित करना और राहगीरों को पेय उपलब्ध कराना शुभ माना जाता है।

# 31 को जन जागरूकता रैली का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर साथी संगठन द्वारा तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में जन जागरूकता अभियान को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन रविवार को केदारेश्वर मंदिर, अटल पार्क के समीप किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 मई को लोगों को तंबाकू सेवन के घातक प्रभावों के प्रति जागरूक करने और तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से तिकोनिया बुधपार्क से कालाढूंगी चौराहे तक जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली को व्यापक बनाने के लिए विभिन्न विद्यालयों, अकादमी केंद्रों, महिला समूहों और सामाजिक संगठनों से संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। गौरा महिला समूह, डहरिया द्वारा तंबा. कू के दुष्प्रभावों पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह खोलिया, जीवन चंद्र पैतोला, जगदीश जोशी, आरएस बोरा, भुवन चंद्र उप्रेती, किशोर कुमार जोशी, केके जोशी, पूरन सिंह महाराज, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद सिंह रावत, मोहन सिंह महरा सहित कई लोग मौजूद रहे।



## 'शिवेंद्रालय' में वाद्य यंत्रों का वितरण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विशेष बच्चों की शिक्षण संस्था 'शिवेंद्रालय' में शनिवार को एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय 'स्केल संस्था' द्वारा विद्यालय के बच्चों को खेलकूद सामग्री तथा विभिन्न वाद्य यंत्र भेंट स्वरूप प्रदान किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों की शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना तथा संगीत के माध्यम से उनकी रचनात्मक क्षमता को नई दिशा देना बताया गया। नये खेल उपकरण और वाद्य यंत्र प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पूरे परिसर में उत्साह, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। इस पुनीत कार्य के लिए 'शिवेंद्रालय' विद्यालय प्रबंधन ने 'स्केल संस्था' के सचिव अरुण सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रशासन ने यह भी विश्वास जताया कि श्री सिन्हा का यह सहयोग एवं मार्गदर्शन भविष्य में भी निरंतर बना रहेगा, जिससे बच्चों के जीवन में नई खुशियां और सकारात्मक परिवर्तन आते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आनंद बिष्ट अध्यक्ष, मनिंदर सिंह बने मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नैनीताल मंडल के क्षेत्रीय चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया देहरादून से आए चुनाव अधिकारियों केपी सिंह, हरेंद्र कुमार और जितेंद्र कुमार की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिसमें जिसमें आनंद बिष्ट को क्षेत्रीय अध्यक्ष और मनिंदर सिंह को क्षेत्रीय मंत्री चुना गया।

इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर कुमारी सुमन और सूरज बाबू, संयुक्त मंत्री पद पर अब्दुल हई और इकबाल अहमद, कोषाध्यक्ष पद पर सचिन कुमार, संगठन मंत्री संदीप सिंह, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा तथा कार्यालय सचिव नरेश पाल को चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ब्रजेश सिंह, एसपी सिंह, रूप किशोर, धर्मपाल कंबोज, सतीश उपाध्याय, धीरज गुप्ता, हरी. जंदर सिंह, आदित्य सिंह, शशिकांत



गौतम और बीसी भट्ट को शामिल किया गया।

वहीं प्रांतीय सदस्य के रूप में ललित प्रसाद, दयाल जोशी और पुष्कर मेहरा का चयन किया गया। इस दौरान नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे कर्मचारी और निगम हित में कार्य करेंगे तथा समय पर वेतन, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण और नई बसों के बेड़े की उपलब्धता जैसी प्रमुख मांगों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, महामंत्री अशोक चौधरी, संरक्षक डीएल साह, एलडी पालीवाल, बलदेव सिंह, गुरुवेल सिंह सहित काठगोदाम, हल्द्वानी, भवाली, रुद्रपुर, रामनगर, काशीपुर, रानीखेत, अल्मोड़ा और बागेश्वर डिपो के सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

## हल्द्वानी पहुंचे शिवसेना मेरठ महानगर अध्यक्ष का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शिवसेना युवा सेना मेरठ उत्तर प्रदेश के महानगर अध्यक्ष सनी प्रधान अपने सहयोगियों साहिल बत्रा एवं गौरव बाली के साथ रविवार को हल्द्वानी पहुंचे। जहां पर स्थानीय शिवसेना पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें नीम करोली बाबा जी का चित्र भेंट किया गया। इस दौरान संगठन विस्तार और युवाओं को शिवसेना से जोड़ने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और अधिक



से अधिक युवाओं को सक्रिय भूमिका में लाने पर जोर दिया गया। सनी प्रधान ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरती पर आकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि यहां के शिवसैनिकों का संगठन के प्रति समर्पण प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवसेना का प्रत्येक कार्यकर्ता हिंदुत्व और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से कार्य करेगा। इस मौके पर शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत कुमार भईयू, सुनील गुप्ता, प्रमोद आर्या, अभिषेक कश्यप, मुकेश सिंह बिष्ट, प्रदीप पाठक, पूरन सागर, रवि कश्यप, दीपू सक्सेना आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**


स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बेकाबू कार ने साइकिल सवार को रौंदा

■ फल का ठेला लगाकर कमा रहा था रोजी-रोटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज रविवार प्रातः बिलासपुर मार्ग पर घर से साईकिल पर सवार होकर प्रीत विहार में फल का ठेला लगाकर कारोबार करने आ रहे एक व्यक्ति को बिलासपुर की ओर से तेज गति से आ रही कार के अज्ञात चालक ने टक्कर मारकर रौंद दिया। जिससे फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक की मदद से उसे उपचार के लिए तत्काल निकटवर्ती निंजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम चन्दन फार्म बिलासपुर निवासी 40 वर्षीय तोफीक अहमद प्रीत विहार काला. नी में फल का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार प्रातः वह रोज की तरह ठेला लगाने के लिए घर से साईकिल पर सवार होकर प्रीत विहार की ओर रवाना हुआ।

बताया जाता है कि जब वह रिंग रोड़ के पास फ्लाई ओवर के करीब पहुंचा तो इसी दौरान पीछे की ओर से तेज गति से आती कार संख्या डीएल 8सीबीएल 9745 के अज्ञात चालक से उसे जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तोफीक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं कार भी आगे की तरफ क्षतिग्रस्त हो गई। तोफीक को कार चालक की मदद से उपचार के लिए समीप स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक तोफीक के पत्नी सहित चार पुत्र व दो पुत्रियां हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर कार चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है।

# संदिग्ध हालातों में फंदे पर लटका मिला युवक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शनिवार की सायंसंदिग्ध परिस्थितियों में ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी में एक युवक घर में फांसी पर लटका पाया गया। परिजन उसे फांसी से उतारकर उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी रामपाल कश्यप आटो चलाकर व मजदूरी कर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उसके तीन पुत्र अनुराग, अंकित व अरविन्द भी मजदूरी करते हैं।

अनुराग व अंकित का विवाह हो चुका है। बताया जाता है कि 22 वर्षीय अंकित सिडकुल में मजदूरी करता था और नशा भी करता था। करीब 6 वर्ष पूर्व उसका ग्राम महतोष में विवाह हुआ था। उसका तीन वर्ष का पुत्र और एक वर्ष की पुत्री है। परिजनों ने बताया कि पारिवारिक झगड़ों के कारण अंकित अक्सर ही अपने दोस्तों से फांसी लगाकर जान दे देने की बात करता रहता था।

उन्होंने बताया अंकित पिछले दो दिनों से मजदूरी करने नहीं गया था। शनिवार की सायं वह कमरे में गया और दरवाजा अन्दर से बंद कर लिया।

जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो उसे आवाज देकर कमरे का दरवाजा खटखटाया परंतु अन्दर से कोई जवाब नहीं आया। जिस पर किसी तरह दरवाजा खोलकर भीतर देखा तो अंकित फांसी पर लटका हुआ था। उसे फांसी उतार कर चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ एक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड आबकारी आयुक्त के आदेश के अनुपालन में विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत क्षेत्र-1 रुद्रपुर द्वार ढोहरा डैम में अवैध कच्ची शराब का निर्माण कर रही दो अवैध भट्टियां, जिसमें लगभग 4000 ली. लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट किया गया तथा मौके से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई एवं रम्पुरा क्षेत्र में एक घर में दबिश देकर अभियुक्त के घर से 50 पावच कच्ची शराब बरामद की जिसकी मात्रा लगभग 15 लीटर है। अभियुक्त मुकेश पुत्र गेंदा लाल वार्ड नं. 24 को मय अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तराखण्ड आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इस कार्यवाही टीम में आबकारी निरीक्षक सोनू सिंह एवं आबकारी विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।



### क्रय-विक्रय सहकारी समिति की अध्यक्ष बनीं आशा और वीरेंद्र उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव में अध्यक्ष पद पर आशा पांडे और उपाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र मौर्य को निर्वाचित घोषित किया गया है। इसके साथ ही संचालक मंडल में गो. विंद सिंह राणा, विमला देवी, राम अवतार, धाना भंडारी, पूजा पाण्डेय और ठाकुर प्रसाद को सदस्य निर्वाचित किया गया है।



नवनियुक्त पदाधिकारियों तथा सदस्यों का स्वागत किया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस शानदार विजय पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, राज्य सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष दान सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष रामू जोशी, मंडी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष नंदन सिंह, जिला सह-प्रभारी हिमांशु बिष्ट, तराई विकास संघ के निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल बोरा, पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा सहित भाजपा खटीमा-नानकमत्ता के सभी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप सहकारिता और किसानों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

### ईद-उल-अजहा को लेकर कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसआई प्रहलाद सिंह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग करते हुए पर्व को भाईचारे, आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संदेश दिया। इस दौरान एसआई प्रहलाद सिंह ने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।



### पीड़िता की तहरीर पर जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीड़िता की तहरीर पर जबरन धर्म परिवर्तन व जान से मारने की धमकी के आरोप में पीड़िता के पति समेत तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली खटीमा में मुकदमा दर्ज हुआ है।

ग्राम दिंया खटीमा निवासी विमलेश राणा पत्नी संदीप सिंह राणा ने कोतवाली खटीमा में तहरीर देकर बताया कि संदीप सिंह राणा पुत्र नामाल. म, ग्राम मोहम्मद पुर भूड़िया निवासी कमलजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय मुन्ना सिंह व दान सिंह राणा पुत्र चमन सिंह द्वारा उसको जबरन ईसाई धर्म अपनाने के लिए विवश किया जा रहा है। वहीं ईसाई धर्म ना अपनाने पर उसके साथ व बच्चों के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वहीं तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा संख्या 151/26, धारा 196(2), 351(2), 352 बीएनएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### लम्बे समय से फरार चल रहे दो वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर द्वारा फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान / आपरेशन प्रहार के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों उमेश सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम आसपुर, गजेंद्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र तेजपाल सिंह निवासी आसपुर जसपुर को जसपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किये थे। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष देवरानी चौकी प्रभारी नादेही, कां. अशोक पवार, दीपक जलाल आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।



### पालिका अध्यक्ष जोशी ने सड़क निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी द्वारा वार्ड नंबर 15 में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने वार्डवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं एवं वार्ड संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। क्षेत्रवासियों द्वारा अध्यक्ष के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति गहरा विश्वास व्यक्त किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सभासद आशीष कुमार रजनी खोलिया, हिमांशी रौतेला, गोविंद भट्ट, मोहन बोरा, लता जोशी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोऑपरेटिव सोसायटी के क्रय विक्रय चुनाव में पूजा रावत ने चुनाव जीता। उन्हें 9 वोट मिले और प्रतिद्वंद्वी ब्रह्मदेव झा को 4 वोट मिले। उपाध्यक्ष में पुष्पा चिलवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आज्ञाकार सिह को हराया। पुष्पा चिलवाल को 9 वोट व आज्ञाकार सिंह को 4 वोट मिले। वहीं निर्मला रावत ने उत्तराखंड कोऑपरेटिव यूनियन के हुए चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भगवती पांडे को 9 वोट से हराया।कोसी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान स्वागत करने वालों में पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल,भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह रावत,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत,मनमोहन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।



# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व 130 से अधिक रोगियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित दिव्यांग शिविर में एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शि. विर में लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में 13 दिव्यांगों के कृत्रिम अंग लगाएं। शिविर में 9 दिव्यांगों को पंजीकृत कर उन्हें शीघ्र शिविर आयोजित कर कृत्रिम अंग लगाए जाएंगे।

शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर 130 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां बांटी गई। टनकपुर रोड स्थित बंसल हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष अजय मौर्या एवं अस्पताल के एचडी एवं वरिष्ठ व्यवसाय ईश्वर बंसल ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। परिषद अध्यक्ष दीपक बतरा एवं सचिव विवेक अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज के असहाय लोगों की सहायता करता है। कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल ने भावीं योजनाओं से अवगत कराया। संयोजक विक्रम गुलाटी ने शीघ्र ही अगला शिविर आयोजित कर जरूर जरूरतमंदों की सहायता का आश्वासन दिया। शिविर में 13 दिव्यांग जनों के पैर कैलिपर्स लगाए गए। इसके अतिरिक्त 8 ट्राई साइकिल, 6 व्हील चेयर, पांच बैसाखी, 8 वाकर वितरित किए। शिविर में डा. विनीत बंसल, डा. दीपिका अग्रवाल, डा. शुभम शर्मा, डा. ज्योति बिष्ट ने 130 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की।

# अब आधुनिक साइकिलों से अपने कर्तव्य निभाएगी पुलिस

■ ऊधमसिंहनगर पुलिस को मिलीं 50 हाईटेक साइकिलें
■ ग्रीन और फिट पुलिस पहल को मिली नई गति
■ पुलिस लाइन और कार्यालय में होगा उपयोग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ग्रीन और फिट पुलिस पहल को नई गति देते हुए ऊधमसिंहनगर पुलिस को काया बाइक्स के सौजन्य से जनपद पुलिस को 50 हाईटेक साइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की पहल पर इन साइकिलों का उपयोग पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय परिसर में दैनिक शासकीय कार्यों के संचालन के लिए किया जाएगा।

एसएसपी अजय गणपति की दूरदर्शी सोच के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और पुलिस कर्मियों की फिटनेस को बढ़ावा देना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार साइकिलों के उपयोग से वाहनों पर निर्भरता कम होगी, जिससे ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ वातावरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

साइकिलों के सुरक्षित और व्यवस्थित रखरखाव के लिए पुलिस कार्यालय और पुलिस लाइन परिसर में विशेष साइकिल स्टैंड भी स्थापित किए गए हैं। इससे महिला और पुरुष दोनों पुलिस कर्मियों को साइकिलों के उपयोग में सुविधा मिलेगी तथा उनका बेहतर रखरखाव भी सुनिश्चित हो सकेगा। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि यह पहल केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस कर्मियों को फिट, सक्रिय और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। नियमित साइकिल उपयोग से पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी।

एसएसपी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत अभियानों को धरातल पर उतारने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

काया बाइक्स द्वारा उपलब्ध कराई गई आधुनिक साइकिलें पुलिस विभाग में सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित करने में भी सहायक साबित होंगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध/ट्रैफिक जितेंद्र चौधरी, पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर उत्तम नेगी, काया बाइक्स के फाउंडर अजय, पुलिस उपाधीक्षक पंतनगर डीआर वर्मा, निरीक्षक अभिसूचना अनुराग रतूड़ी, पेशकार निरीक्षक बसंती आर्य, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन गजेंद्र सिंह परवाल तथा अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# पार्टी के अंदर कोई विवाद नहीं: गोदियाल

■ पेट्रो पदार्थों की बचत के लिए नाम पर भाजपा महज दिखावे की कर रही है राजनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का आज दोपहर रुद्रपुर पहुंचने पर बगवाड़ा में गाजे बाजों के साथ गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बगवाड़ा स्थित कांग्रेस नेता विक्रम सिंह विर्क के निवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से विस्तृत संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने और भाजपा सरकार को उऽाड़ फेंकने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया।

प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बदहाल स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। गोदियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पेट्रो पदार्थों की बचत के लिए भाजपा महज दिखावे की राजनीति कर रही है। भाजपा के दांत दिखाने के और व खाने के कुछ और हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में तेल बचाना सही है, परंतु भाजपा के मंत्री स्वयं इलैक्ट्रोनिक वाहन पर सवार होकर निकलते हैं साथ ही इसकी वीडियो बनाने के लिए कई कार्यकर्ता कारों में सवार होकर उनके साथ होते हैं। इसे सिर्फ दिखावा ही कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है। कार्यकर्ताओं में अलग-अलग विचार हो सकते हैं, परंतु इसे विवाद नहीं कहा जा सकता है। श्री गोदियाल ने कहा कि असली विवाद तो इस समय सरकार और गदरपुर के विधायक के मध्य चल रहा है।

इस दौरान पूर्व मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, महानगर अध्यक्ष ममता रानी, राज. ेश प्रताप सिंह, गुलशन सिंधी, विक्रमजीत सिंह विक्की, हरभजन सिंह विर्क, जहांगीर कुरैशी, मदन मोहन शर्मा, परिमल राय, सुमित्तर भुल्लर, नव तेजपाल सिंह, देवेंद्र शाही, जनार्दन सिंह, दर्शन कोली, गुरदास कालड़ा, सर्वेश सिंह, संजय ठुकराल, ललित सिंह बिष्ट, अजय नारायण सिंह, सुनील चुग, सुखवंत सिंह विर्क, केरू मंडल आदि थे।

# सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों का धमाल

■ राकेश डांस एकेडमी एवं सनातन परिवार के सहयोग से आयोजित हुआ था भव्य कार्यक्रम
■ खटीमा सहित उत्तराखंड एवं यूपी के विभिन्न इलाकों से आए कलाकारों ने लिया हिस्सा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रामलीला ग्राउंड में राकेश डांस एकेडमी एवं सनातन परिवार द्वारा उत्तराखंड सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें खटीमा सहित उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, दीपक बत्रा, गौरी शंकर अग्रवाल, सुनील रैदानी, केसर पारूथी ने दीपक प्रज्वलित कर किया। दो चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सोलो डांस एवं सिंगिंग ग्रुप में अपना हुनर दिखाया। नृत्य प्रतियोगिता में मनीषा धामी ने प्रथम स्थान, मनीषा उपाध्याय एवं नव्या ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में निहारिका प्रथम, नंदिनी एवं जानवी ने नृत्य में द्वितीय एब तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंगिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में अभिजीत राणा प्रथम स्थान, राजुल एवं खुशाल सिंह ने दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रियांशी ने प्रथम स्थान, अदिति युवा ने द्वितीय एवं हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कार्यक्रम के आयोजक राकेश कुमार रॉक्सी तथा पंडित भानु प्रकाश तिवारी को जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, दीपक बत्रा, पवन अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, सुनील रैदानी, केसर पारूथी, जितेंद्र पारुथी, राज अग्रवाल, मधु शर्मा, रविंद्र कुमार रवि, कमल गहतोड़ी, प्रेमिता मार्क ने साधुवाद दिया। वहीं उन्होंने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु आयोजक समिति के साथ सदैव साथ खड़े रहने की बात कही। राक. ेश कुमार रॉक्सी एवं पंडित भानू प्रकाश तिवारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि वह क्षेत्र की प्रतिभाओं को उचित मंच दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर सीके बिष्ट, प्रीति धोनी गीतू, आशा भंडारी, संगीता गोवारी, ममता चौपाल राहुल कुमार, बिट्टू टाइगर, वीरेन्द्र कुमार एवं रोनित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने विधायक बिष्ट के आवास पर जताई शोक संवेदन



■ बोले- मानसून और गर्मी की चुनौतियों से निपटने को सरकार पूरी तरह तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के आवास पहुंचकर उनकी पत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट और उनके पुत्र जगमोहन सिंह बिष्ट से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस वर्ष चार धाम यात्रा ने अब तक के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा ऐतिहासिक साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि यात्रा शुरू होने के एक महीने के भीतर ही करीब साढ़े 20 लाख श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं, जबकि पंजीकरण का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा भी शुरू हो चुकी है और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं आदि कैलाश यात्रा में भी करीब 20 दिनों के भीतर लगभग 20 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ साहसिक पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री ने गर्मी के मौसम को लेकर कहा कि इस समय प्रदेश के सामने पेयजल, वनाग्नि, स्वास्थ्य सेवाएं और बिजली आपूर्ति बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही उन्होंने संबंधित विभागों के साथ इन व्यवस्थाओं की समीक्षा की है और लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सभी विभागों के समन्वय से गर्मी के इस सीजन को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए,साथ ही आगामी मानसून को देखते हुए भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं ताकि किसी भी आपदा या आपात स्थिति से समय रहते प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस दौरान सांसद अनिल बलूनी भी विधायक दीवान सिंह बिष्ट के आवास पर पहुंचे और उन्होंने विधायक दीवान सिंह बिष्ट और उनके पुत्र जगमोहन सिंह बिष्ट को सांत्वना दी। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,घनश्याम शर्मा, इंदर सिंह रावत, गणेश रावत, भगीरथ लाल चौधरी, आशा बिष्ट, भावना भट्ट,मदन जोशी, भरत तिवारी, मनोज पांडे, अशोक गुप्ता, अजीज खान, शिखर भट्ट, अंजना सुंदरियाल, सत्यप्रकाश शर्मा, रुचि गिरी शर्मा,पूरन नैनवाल, नवीन करगेती, शलभ मित्तल आदि मौजूद रहे।

# कार-बाइक की भिड़ंत, दंपति समेत चार गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर-दोराहा मार्ग पर रविवार को कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत में दंपति समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने यातायात सुचारु कराते हुए दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव मंझरा खंबारी निवासी रंजीत सिंह अपने मामा जगत सिंह, मामी अंजलि और उनकी चार माह की पुत्री नित्या के साथ बाइक से दवाई लेने स्वार, रामपुर जा रहे थे। इसी दौरान दोराहा की ओर से बाजपुर आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नगदपुरी पहाड़पुर निवासी जगत सिंह, उनकी पत्नी अंजलि, चार माह की पुत्री नित्या तथा रंजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि चार माह की बच्ची उछलकर कार पर जा गिरी।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को निजी वाहन से बाजपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर, हादसे के चलते मार्ग पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। दोराहा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहाल कराया और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग को जान से मारने के प्रयास का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक 71 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पुत्रवधू, किरायेदार और उसके साथी पर मारपीट कर गला दबाकर हत्या का प्रयास करने का आरा. ेप लगाया है। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वार्ड नंबर-11 संजय नगर खेड़ा निवासी बाबूराम त्यागी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्ष 2023 में उसके छोटे पुत्र राजकुमार त्यागी की मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि इसके बाद उसकी पुत्रवधू राखी त्यागी के किरायेदार दीपक कालड़ा से करीबी संबंध हो गए और तरुण पांडे का भी घर में आना-जाना बढ़ गया। आरोप है कि तीनों आरोपी उसे घर से निकालने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर जान से मारने और खाने में जहर देने की धमकी दी जाती थी। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 8 मार्च 2026 की रात आरोपी उसके कमरे में घुस आए और गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। बेहोश होने के बाद उसे मृत समझकर सड़क पर फेंक दिया गया। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# चारा लेने खेत पर गई महिला को पीटा

■ कार्रवाई को लेकर पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र में खेत पर चारा लेने गई महिला के परिजनों ने क्षेत्र के एक युवक पर महिला को पीट कर गंभीर रूप से घायल करने की तहरीर पुलिस को सौंपी है। पुलिस टीम द्वारा विषय की जांच की जा रही है।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पूछताछ हेतु एक युवक को हिरासत में लिया। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार 23 मई 2026 जसपुर क्षेत्र के एक गांव की एक महिला खेत पर अकेली पशु चरा रही थी, तभी अपराह्न 3:00 बजे एक युवक ने उसे बेरहमी से पीट कर घायल कर दिया, जिससे महिला अधमरी हो गई। युवक अधमरी महिला को छोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद आसपास के खेतों में घास काटने गई महिलाओं ने उसे घायल अवस्था में पड़े सिसकते हुए देखा। महिलाओं ने इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। घटना की सूचना से महिला के परिजन में गांव वासी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। महिला को तत्काल उपचार हेतु काशीपुर के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया और भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित महिला के परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस से तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच कर रही है।

# टनकपुर में बन रहा आधुनिक स्टेट गेस्ट हाउस

■ डीएम मनीष कुमार ने निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** सीमांत और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण टनकपुर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा विकसित की जा रही बहुउद्देशीय प्रशासनिक अवसंरचना परियोजना का जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आधुनिक स्टेट गेस्ट हाउस परिसर का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

करीब 6179.20 लाख की लागत से तैयार की जा रही इस



महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य ब्रिडकुल के माध्यम से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री, सुरक्षा मानकों और कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विशेष रूप से फायर सेफ्टी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कार्यदायी संस्था को मानसून से पहले सभी प्रमुख कास्टिंग कार्य पूरे करने को कहा, ताकि वर्षाकाल के दौरान निर्माण कार्य प्रभावित न हो।

उन्होंने कहा कि बरसात से पहले महत्वपूर्ण संरचनात्मक कार्य हर हाल में पूरे किए जाएं। इस समेकित परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेट गेस्ट हाउस के अलावा ट्रांजिट हॉस्टल, वन विभाग के आवासीय क्वार्टर, सिंचाई विभाग और नलकूप विभाग के कार्यालय भवनों का भी निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, सहायक अभियंता सिंचाई मनोज तिवारी, ब्रिडकुल के अधिशासी अभियंता संदीप रावत, सहायक अभियंता मोहम्मद आसिफ, अपर सहायक अभियंता निमेष अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित जुकरिया का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** टनकपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित जुकरिया का भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत का भी कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया और



कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है तथा कार्यकर्ताओं को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता मिल रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत ने कहा कि अमित जुकरिया एक संघर्षशील और कर्मठ युवा नेता हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने सहकारी समिति के सभी संच. ालक मंडल सदस्यों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन हमेशा मेहनती कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा रहता है। यहां सहकारिता समिति महासंघ के जिला अध्यक्ष कपिल खर्कवाल, गोविंद बोहरा, दीपक सुतेडी, अमित शाह, विवेक ओली, सूरज बोहरा,सौरभ नयाल, नवीन जोशी, अर्जुन महरा, प्रकाश बोहरा आदि थे।

# वनाग्नि रोकथाम को लेकर जगाई जनजागरूकता की अलख

■ छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, चम्पावत में रविवार को वनाग्नि रोकथाम विषय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और पर्यावरण प्रेमियों ने मिलकर जंगल बचाने और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्यमंत्री (वन एवं पर्यावरण) श्याम नारायण पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्याम नारायण पाण्डेय ने कहा कि वनाग्नि केवल जंगलों को ही नहीं, बल्कि पर्यावरण, जैव विविधता और मानव जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से वन संरक्षण के लिए आगे आने और सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिक्षाविद् एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय विप्लव भट्ट द्वारा प्रस्तुत जन-जागरूकता आधारित पपेट शो "वनाग्नि और जीव-जंतु" रहा। पपेट शो के जरिए जंगलों





में लगने वाली आग से वन्यजीवों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को बेहद प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी वनाग्नि रोकथाम विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता और विचार गोष्ठी में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वनाग्नि रोकथाम को लेकर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर एसडीओ चम्पावत वन प्रभाग सुनील कुमार, अभिलाषा समिति चम्पावत के निदेशक डा.. किशोर कुमार पंत, वरिष्ठ पत्रकार बशंत बल्लभ भट्ट, वन क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन टम्टा, प्रधानाचार्य उमेद सिंह बिष्ट, जगदीश चंद्र जोशी आदि थे।

# फिट इंडिया अभियान में जोश के साथ उतरे आईटीबीपी जवान

■ तिरंगा हाथ में लेकर की साइकिलिंग और रन फॉर वॉक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी लोहाघाट में रविवार को फिट इंडिया अभियान के तहत "संडे ऑन साइक्लिंग" और "रन फॉर वॉक" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान में अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और फिटनेस के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार ने कहा कि आईटीबीपी के जवान कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं और उनकी यही ऊर्जा तथा सकारात्मकता उन्हें





विशेष बनाती है। उन्होंने कहा कि जवानों का शारीरिक रूप से फिट रहना बेहद जरूरी है और इसके लिए दैनिक जीवन में पैदल चलने तथा साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। कमांडेंट संजय कुमार ने कहा कि जहां भी संभव हो, वहां वाहनों की जगह पैदल चलने और साइकिल का प्रयोग किया जाना चाहिए। इससे न केवल शरीर सक्रिय रहता है, बल्कि कई बीमारियों से भी बचाव होता है। इस अभियान में द्वितीय कमान अधिकारी वेगराज मीणा, खान फहद, सहायक सेनानी गौरव कुमार, डॉ. फिलिप गंगटे, सूबेदार मेजर दिनेश बिष्ट, इंस्पेक्टर गोपाल वर्मा, एसआई दरबान सिंह माहरा, एनएन जोशी सहित कई अधिकारी एवं जवान शामिल रहे।

### सम्मान की राशि समाज को समर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर/मनिहारगोठ।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिले शैलेश मटियानी पुरस्कार 2025 की धनराशि को सहायक अध्यापक जहीर अब्बास ने समाज और शिक्षा के हित में समर्पित कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मनिहारगोठ निवासी सहायक अध्यापक जहीर अब्बास ने पुरस्कार में प्राप्त 21 हजार की राशि अपने पूर्व एवं वर्तमान में तैनात विद्यालयों को दान कर दी।

**शिक्षक जहीर अब्बास ने शैलेश मटियानी पुरस्कार की 21 हजार धनराशि विद्यालयों को की दान**

उन्होंने यह राशि अपने पूर्व में तैनात विद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय कायल, राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मानाढुंगा तथा वर्तमान में कार्यरत राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौड़ाकोट को प्रदान की। शिक्षक जहीर अब्बास के इस सराहनीय कदम की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है। जहीर अब्बास शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। वर्तमान समय में वह अपनी पारंपरिक मनिहारी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं तथा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति बचाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने उनके इस कार्य को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को भी मजबूत करने का कार्य करते हैं।

# सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं युवा : स्वामी प्रबोधनंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक गाबा चौक स्थित सिटी क्लब में आयोजित की गई। इसमें हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत समाजहित, हिन्दू एकता और संगठन सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हुई। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने, समाज में आपसी समन्वय बढ़ाने, सामाजिक एकजुटता को और प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद महाराज ने समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण और सामा. जिक जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि समाज को मजबूत और संगठित बनाए रखने के लिए परिवार और आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी का भाव होना आवश्यक है। उन्होंने जनसंख्या और सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़े अपने विचार भी साझा किए। बैठक में देवेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह भदौरिया, यशपाल सिंह, अश्विनी सिंह, जेबी सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, अवनींदर कुमार सिंह, विनीत सोलंकी, गुलाब सिंह, कामेश्वर सिंह जेटली, निशांत शाही, योगेश चौहान, सुधीर शाही, अनिल रावत, राकेश चौहान, संवेग चौहान, सचिन चौहान, दिलीप सिंह, संजय चौहान, अजय चौहान, अक्षय गहलोत आदि मौजूद थे।

### अनिल चौहान बने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष

**रुद्रपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक में अनिल चौहान को सर्वसम्मति से संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी में जगदीश सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, नवीन सिंह को प्रदेश महामंत्री, रघुराज सिंह रावत को प्रदेश उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह को जिलाध्यक्ष, प्रवीण धामा को युवा जिलाध्यक्ष, हर्षिल चौहान को महानगर अध्यक्ष, गौरव कुशवाहा को महामंत्री और अभय चौहान को युवा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# प्राथमिक विद्यालय मनिहारगोठ को हाईस्कूल का दर्जा देने की उठी मांग

■ ग्रामीणों ने कहा: कक्षा 5 के बाद बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर, दूर विद्यालय जाने को मजबूर छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनिहारगोठ क्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय को हाईस्कूल में उच्चीकृत किए जाने की मांग तेज हो गई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से विद्यालय को जल्द कक्षा 10 तक मान्यता प्रदान करने की मांग उठाई है ताकि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर एवं सुगम शिक्षा मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में गांव के बच्चे प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 तक शिक्षा ग्रहण करते हैं, लेकिन इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें दूरस्थ विद्यालयों का रुख करना पड़ता है। बच्चों को या तो सैलानीगोठ जाना पड़ता है अथवा बाजार स्थित इंटर कॉलेज में प्रवेश लेना पड़ता है। इससे छात्रों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी होती है। अभिभावकों ने बताया कि छोटी उम्र में दूर विद्यालय जाने से बच्चों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात एवं खराब मौसम के दौरान स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है।

कई बार दूरी के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित होती है तथा कुछ बच्चे बीच में ही शिक्षा छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि मनिहारगोठ के प्राथमिक विद्यालय को हाईस्कूल में उच्चीकृत कर दिया जाए तो आसपास के कई गांवों के बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे शिक्षा का स्तर सुधरेगा और छात्र-छात्राओं को गांव में ही बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। क्षेत्रवासियों ने सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए विद्यालय को जल्द से जल्द हाईस्कूल की मंजूरी दी जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए भटकना न पड़े।

### पनार घाटी के सुदूर बर्दाखान में मायावती आश्रम का बड़ा चिकित्सा सेवा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा पनार घाटी के सुदूर बर्दाखान गांव में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को बड़ी राहत पहुंचाई गई। शिविर में 180 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मौके पर ही दवाइयां और चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। वहीं चार दर्जन से अधिक गंभीर मरीजों को चिन्हित कर उनके मायावती धर्मार्थ चिकित्सालय में निशुल्क उपचार और ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है।

**180 से अधिक मरीजों को मिली राहत**

आश्रम अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज के निर्देशन और चिकित्सालय प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में एम्स पांडिचेरी के पूर्व निदेशक डॉ. डी.एस. दुबे के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय परीक्षण और दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान लगभग तीन दर्जन मरीजों के खराब और सड़े हुए दांत निकालकर उन्हें दर्द से राहत दी गई, जबकि साधारण शल्य चिकित्सा भी की गई। प्रख्यात सर्जन डॉ. नीरज द्विवेदी, डॉ. विशन पाल, डॉ. अनुज राणा और डॉ. लोकेश ने मरीजों को विशेष चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कीं।

### काली फिल्म और मॉडिफाइड लाइट वाले वाहनों पर चला डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** चम्पावत पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए "ऑपरेशन प्रहार" के तहत बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर थाना पाटी पुलिस ने पाटी-लोहाघाट राजमार्ग स्थित छिलकाछीना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जहां नियमों के विरुद्ध चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की गई।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक ऐसे वाहन को रोका, जिसमें अवैध रूप से काली फिल्म लगाई गई थी और रंग-बिरंगी मॉडिफाइड लाइटें लगी हुई थीं। पुलिस टीम ने मौके पर ही वाहन से काली फिल्म उतरवाई और मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की। चम्पावत पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और वाहनों में अवैध काली फिल्म, हूटर तथा रंग-बिरंगी लाइटों का प्रयोग न करें, ताकि सड़क पर सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे।

# उप जिला चिकित्सालय में डिलीवरी के बाद महिला की मौत

■ लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने किया हंगामा, नर्स से मारपीट

■ सीएमओ ने ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को किया अटैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में शनिवार रात प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई। रविवार सुबह गुस्साए परिजनों और समर्थकों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर कोतवाल सुंदरम शर्मा भारी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पति ने चिकित्सकों और अस्पताल कर्मचारियों पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप है कि मेडिसिटी अस्पताल में सरकारी अस्पताल की नर्स के साथ मारपीट की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले में जांच टीम गठित कर ड्यूटी में तैनात रहे समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को जांच पूरी होने तक नानकमत्ता सरकारी अस्पताल में अटैच कर दिया है।

ग्राम तिलियापुर शक्तिफार्म निवासी सिकंदर कुमार ने बताया कि उनकी 30 वर्षीय पत्नी आरती को शनिवार रात करीब 8:30 बजे प्रसव पीड़ा होने पर उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद अस्पताल प्रशासन ने सामान्य प्रसव होने की बात कही। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि प्रसव के बाद रक्तस्राव नहीं रुका तो निजी अस्पताल रेफर किया जाएगा। रात करीब 9:40 बजे आरती ने पुत्र को जन्म दिया। आरोप है कि इसके बाद अस्पताल कर्मचारी दूसरे कमरे में सोने चले गए। रात करीब दो बजे जब आरती की हालत गंभीर हुई तो परिजनों ने कर्मचारियों को जगाया। इसके बाद उसे सितारगंज के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से रुद्रपुर रेफर कर दिया गया। रुद्रपुर ले जाते समय रास्ते में आरती की मौत हो गई। निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, कांग्रेस शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य और आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के नेता सतेंद्र कुमार अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अस्पताल में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि नवजात पूरी तरह स्वस्थ है। महिला की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा। वहीं डॉक्टर कुलदीप सिंह यादव का आरोप है कि इस दौरान मेडिसिटी अस्पताल में रूमा के साथ मारपीट की गई। जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास है। वहीं, कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने महिला की मौत और अस्पताल प्रशासन पर लगे आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। जांच समिति में उप जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप दीक्षित, जिला चिकित्सालय रुद्रपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नम्रता त्रिपाठी और सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. सुधीर गुप्ता को शामिल किया गया है। वहीं सीएमओ ने शनिवार रात ड्यूटी पर तैनात डॉ. रिजवान अहमद, संविदा नर्सिंग अधिकारी रूमा नाज और रेखा शील को नानकमत्ता सीएचसी से संबद्ध किया है। जांच पूरी होने तक तीनों कर्मचारियों को वहीं सेवाएं देने और जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बेरीनाग पहुंचा आदि कैलास यात्रा का छठा दल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़/बेरीनाग।** आदि कैलास यात्रा का आठ सदस्यीय छठा दल शनिवार को चौकोड़ी पहुंचा। यात्रियों के चौकोड़ी पहुंचने पर पर्यटक आवास गृह के प्रबंधक दीपक पंत व निगम कर्मियों ने भव्य स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि आज यह दल पाताल भुवनेश्वर के दर्शन करने के बाद भीमताल के लिए रवाना हो जाएगा। दल में मध्य प्रदेश से छह यात्रियों के साथ दिल्ली और उत्तर प्रदेश से एक - एक यात्री शामिल थे।

चौकोड़ी पहुंचने पर दीप पपने, दीप पंत, लाल सिंह, भीम सिंह, धन सिंह, कपूर सिंह, दीवान, हेमंत, प्रकाश, किशन, विमला देवी ने दल का स्वागत किया।

### खूंखार कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों को काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के मोहल्ला गुलरघट्टी क्षेत्र में महिला व बच्चों समेत आठ लोगों को खूंखार कुत्ते ने काट दिया। बीते शनिवार की देर रात मोहल्ला गुलरघट्टी में आवारा घूम रहे कुत्ते ने एक के बाद एक कर आठ को काटा। प्रभारी सीएमएस एसएस





बिष्ट ने बताया कि तहमुर अली, अर्श, मो जान, शमशाद बेगम, मो रियान समेत आठ को कुत्ते ने काटा है। बताया कि रेबिज का टीका लगाया गया है। बताया कि आवारा कुत्तों से दूरी बनाने की अपील की है।रामनगर के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्ते को पकड़ने की मांग की है।

# छात्राओं ने आत्मरक्षा से जुड़े विभिन्न कौशलों का किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय आर्य चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा शिविर में छात्राओं ने आत्मरक्षा से जुड़े विभिन्न कौशलों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मेयर विकास शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। शिविर के दौरान छात्राओं ने आत्मरक्षा अभ्यास, शारीरिक प्रशिक्षण और अनुशासन से जुड़े प्रदर्शन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने छात्राओं के आत्मविश्वास, सजगता और प्रशिक्षण क्षमता की सराहना की। मेयर विकास शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविर केवल आत्मरक्षा तक सीमित नहीं होते, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, संस्कार और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ढकपअ बर्से=ष्जवतल-बवद. जमदज-चंतंहतंचीष्झढचझझउन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बेटियों का आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त होना बेहद आवश्यक है, ताकि वे हर परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ निर्णय ले सकें। इस मौके पर पृथ्वीराज आर्य, कैलाश गर्ग, राजेंद्र चांदना, धीरेन्द्र आर्य, प्रधानाचार्या पूजा चौधरी, प्रशिक्षक राजकुमार, अभिलाषा आर्य आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पुलिस ने टेंपो से गहने चोरी का किया खुलासा

■ दो शातिर आरोपी दबोचे, लाखों के आभूषण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर कोतवाली पुलिस ने टेंपो में सफर कर रही एक महिला के बैग से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर आरो. पियों को गिरफ्तार किया है,पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सभी आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। रविवार को कोतवाली में मामले का खुलासा एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र ने किया।

घटना 15 मई की है, जब ग्राम शीतल कुंज पीरुमदारा निवासी उर्मिला देवी अपने बच्चों के साथ अल्मोड़ा में एक शादी समारोह में शामिल होकर रामनगर रोडवेज बस स्टेशन पहुंची थीं,वहां से उन्होंने अपने घर जाने के लिए एक टेंपो बुक किया। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति भी उसी टेंपो में सवार हो गए थे।घर पहुंचने के बाद जब महिला ने अपना बैग चेक किया तो उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे,बैग से एक सोने का मंगलसूत्र, सोने का



ग्लोबंद, सोने का मांग टीका और अन्य चांदी के आभूषण गायब होने पर महिला के होश उड़ गए।लाखों रुपए के आभूषण थे।इसके बाद पीड़िता ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी.महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने कोतवाल सुशील कुमार और मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की, पुलिस टीम ने करीब 55 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की.

पुलिस ने चेकिंग के दौरान नारायणपुर मालधन चौड़ क्षेत्र में तुमड़िया डैम के पास बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया,पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अनवर अली निवासी थाना कुंडा, उधम सिंह नगर और सद्दाम हुसैन निवासी थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश बताया, पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए लाखों रुपए के सभी आभूषण बरामद कर लिए गए।एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि आरोपी अटैची चोर गैंग से जुड़े हो सकते हैं, मामले की गहन जांच की जा रही है और दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार, कांस्टेबल विजेंद्र सिंह, अशोक कांबोज, संजय सिंह शामिल रहे।

### रेबीज से पीड़ित किशोर की मौत, लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** धारचूला के रेबीज पीड़ित 13 वर्षीय किशोर की हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इस घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है है कि जिस कुत्ते के पिल्ले ने मृतक किशोर को काटा था, उसने करीब छह और लोगों को घायल किया है। रविवार को धारचूला जुम्मा गांव निवासी नंदन सिंह ने बताया कि मोहित धामी को जिस कुत्ते के पिल्ले ने सात माह पहले काटा था, उसने गांव के छह अन्य लोगों को भी घायल किया है। बताया कि किसी का इलाज नहीं हुआ है। तीन-चार दिन पहले मोहित में रेबीज के लक्षण सामने आने और अब उसकी मौत होने के बाद घायल हुए अन्य लोगों को भी अपनी चिंता सता रही है। धामी ने कहा कि धारचूला तहसील मुख्यालय से करीब 22किमी दूर जुम्मा के तोक बुंगा में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं के बराबर हैं। उन्होंने कुत्ते के पिल्ले के काटे जाने से घायल अन्य लोगों के उपचार के लिए गांव में शिविर लगाने की मांग की है।

# समर्थ जैन रहे टूर्नामेंट के ओवरऑल चैंपियन

## 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का हुआ समापन, विजेताओं को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लोक भवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 22 मई से आयोजित तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2026 रविवार को संपन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के 9 राज्यों से 179 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। लोक भवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष लोक भवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन समर्थ जैन रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता आशीष जैन घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता नुसरत अब्बासी और उपविजेता अंशुल छाबरा रहे। टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एससी गुप्ता




विजेता और एसके सूरी उपविजेता रहे। महिला कैटेगरी में डा. सृष्टि धौन विजेता और आरोही अत्री उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में जफर इकबाल विजेता और कर्नल मनोज के. साह उपविजेता रहे। मास्टर विजितेंद्रीय सिंह तोमर को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15-17 आयु वर्ग में आलिया सिसोदिया विजेता और कृष्णम विनायक उपविजेता रहे। (12-14) आयु वर्ग में जोहेब अब्बासी विजेता और मेधांश सिंह बिष्ट उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में अरिहंत जोशी विजेता और रिदित नैथानी उपविजेता घोषित किए गए। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 21वां गवर्नर्स गोल्फ कप अपने आप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सम्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों के जुनून, खेल भावना और सामूहिक उत्सव का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चले इस आयोजन ने एक बड़े परिवार की तरह समाज को सकारात्मक संदेश दिया है, जहाँ सात वर्ष की बच्ची से लेकर 81 वर्ष की आयु के वरिष्ठ प्रतिभागियों तक सभी ने मिलकर खेला। उन्होंने बच्चों, महिलाओं और बेटियों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्टता, कौशल और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह भविष्य के लिए प्रेरणादायक है। नौ राज्यों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति भारत की 'एकता में विविधता' की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है। राज्यपाल ने कहा कि 1926 से संचालित लोक भवन गोल्फ कोर्स, जो 42 एकड़ के प्राकृतिक एवं शांत वन क्षेत्र में स्थित है, प्रकृति और खेल के अद्भुत समन्वय का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यहां पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ और वन्यजीव इस परिसर की जैव विविधता को समृद्ध बनाते हैं तथा ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकृति स्वयं इस आयोजन का हिस्सा बन गई हो। राज्यपाल ने कहा कि इन तीन दिनों ने प्रतिभागियों को आत्ममंथन, ध्यान, प्रकृति से जुड़ाव और स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस अनुभव और लोक भवन गोल्फ कोर्स की विशेषताओं का आत्मीयता से प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोग खेल, प्रकृति और अनुशासन के इस अनूठे अनुभव से जुड़ सकें। राज्यपाल ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को, आयोजकों को, प्रायोजकों को, दर्शकों को और विशेष रूप से लोक भवन गोल्फ क्लब, नैनीताल और स्थानीय प्रशासन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समारोह में प्रथम महिला गुरमीत कौर, राज्यपाल के सलाहकार कमल किशोर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष लोक भवन गोल्फ क्लब रविनाथ रामन, अपर सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष लोक भवन गोल्फ क्लब रीना जोशी, परिसहाय राज्यपाल एवं सचिव लोक भवन गोल्फ क्लब अमित श्रीवास्तव, परिसहाय राज्यपाल एवं सदस्य लोक भवन गोल्फ क्लब सुमित कुमार शादिजा, गोल्फ कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट, वित्त नियंत्रक राज्यपाल डा. तृप्ति श्रीवास्तव, सदस्य डा. सच्चिदानन्द चमोली, वेद प्रकाश मुहार, जीएम आईओसीएल एसए निमकर, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर....

### मनोरा रेंज के जंगल में धधकी आग

**नैनीताल।** नैनीताल डिवीजन की मनोरा रेंज अंतर्गत बल्दियाखान क्षेत्र के जंगल एक बार फिर आग की चपेट में आ गए। आग लगने से जंगलों से उठता धुएं का गुबार आसपास के क्षेत्रों में फैल गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह किसी अराजक तत्व द्वारा जंगल में आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जंगल का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंच गई। एसडीओ ममता चंद ने बताया कि विभागीय टीम मौके पर मौजूद है और आग पर काबू पाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

### पर्यटकों व स्थानीय युवकों में मारपीट

**नैनीताल।** तल्लीताल टोल चुंगी क्षेत्र में रविवार देर शाम उत्तर प्रदेश से आए कुछ पर्यटकों और स्थानीय युवकों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। घटना से क्षेत्र में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पर्यटकों द्वारा लड़की के संबंध में पूछताछ किए जाने पर स्थानीय युवक नाराज हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चले। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस में शिकायत किए जाने की बात सामने आने पर पर्यटक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक किसी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मल्लीताल क्षेत्र से 70 वर्षीय बुजुर्ग लापता

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र से 70 वर्षीय बुजुर्ग के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी तलाश के बाद मल्लीताल कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से खोजबीन की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में रुकट कॉटेज, चीना लॉज कंपाउंड मल्लीताल निवासी चंद्रशेखर ने बताया कि उनके पिता गोपाल राम आर्या (70) बीती 23 अप्रैल की सुबह करीब छह बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। परिजनों के अनुसार गोपाल राम आर्या पहले भी छोटी-छोटी बातों से नाराज होकर घर से चले जाया करते थे, लेकिन एक-दो दिन में वापस लौट आते थे। इस बार काफी समय बीत जाने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल पाया है। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। एसआई मो. यूनुस ने बताया कि मामले में बीएनएस की धारा 140(3) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### डीएसबी में सम सेमेस्टर और बैक परीक्षाएं शुरू

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में सम सेमेस्टर और बैक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। परीक्षा के पहले दिन स्नातक स्तर के मुख्य विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। प्रशासन की ओर से परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकल विहीन संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। उप परीक्षा नियंत्रक डा. नंदन सिंह बिष्ट के अनुसार बीए तथा बीएससी और बीकॉम छठे सेमेस्टर के गणित और बॉटनी विषयों की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 215 छात्र पंजीकृत थे जिनमें से 213 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जबकि 2 छात्र अनुपस्थित रहे। कहा विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे आगामी प्रश्नपत्रों के समय और तिथि की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

### मल्लीताल क्षेत्र में बुजुर्ग से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालरोड निवासी 64 वर्षीय प्रदीप कुमार जेठी ने कोतवाली में दी शिकायत में बताया कि वह 21 मई को अपने घर से माल रोड स्थित होटल की ओर पैदल जा रहे थे। आरोप है कि चीना बाबा मंदिर के पास एक व्यक्ति अपनी कार संख्या यूके04एएफ 6721 सड़क किनारे धो रहा था। इसी दौरान कार धोने का पानी उनके ऊपर गिर गया, जिससे उनके कपड़े भीग गए। प्रदीप जेठी ने इसका विरोध किया तो चालक अभद्रता करने लगा। उन्होंने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपी ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया और फोन नीचे फेंक दिया। आरोप है कि चालक ने धक्का देकर उनके साथ मारपीट की तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में उनका चश्मा भी टूट गया। पीड़ित ने स्वयं को वरिष्ठ नागरिक बताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 324(2), 351(2) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शराब तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल, द्वारा ऑप्रेशन प्रहार के तहत अवैध कच्ची शराब तस्करी / नशे की रोकथाम के दृष्टिगत लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक-कालाढूंगी अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था/ कानून व्यवस्था एंव अवैध कच्ची शराब तस्करी व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करते हुए पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के समय कालाढूंगी के वन चौकी के पास बैलपड़ाव से अभियुक्त हरभजन सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी महादेवपुर कोतवाली कालाढूगी जनपद नैनीताल उम्र 49 वर्ष को अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते मय 10 लीटर कच्ची शराब के गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली कालाढूंगी में धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।



## मुकुल तिवारी ने कला प्रदर्शनी में जीता स्वर्ण

**नैनीताल।** नैनीताल के रहने वाले मुकुल तिवारी ने कला के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने मणिकर्णिका आर्ट गैलरी की ओर से आयोजित 53वीं इंटरनेशनल ऑनलाइन आर्ट एग्जीबिशन एंड कॉपिटिशन 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। बता देंयह प्रतियोगिता 10 मई से 20 मई 2026 तक आयोजित की गई थी जिसमें दुनियाभर के कलाकारों ने हिस्सा लिया था। मणिकर्णिका आर्ट गैलरी की अध्यक्ष एवं निदेशक कामिनी बघेल ने मुकुल की कलात्मक क्षमता की सराहना करते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। मुकुल तिवारी की इस कामयाबी से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है बल्कि उन्होंने पूरे उत्तराखंड को गौरवान्वित किया।

# महिलाएं समाज का गौरवः कैड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** माइंड पावर यूनिवर्सिटी ने नारी सशक्तिकरण समारोह का आयोजन किय। मुख्य अतिथि शहरी विकास एवं पर्यावरण संरक्षण मंत्री राम सिंह कैड़ा रहे। अपने सम्बोधन में कैड़ा ने कहा कि महिलाएं आज प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर अपने परिवार संभाल और राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। सरकार महिला शिक्षा सुरक्षा स्वरोजगार के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने माइंड पावर यूनिवर्सिटी के सस्थापक डा. योगेश कुमार यादव को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा कि इस पर्वतीय क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित किया गया यह विश्वविधालय इस क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। इससे पलायन रुकेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वरोजगार प्राप्त होगा। विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी कांडपाल ने कहा कि महिलाएं जो समाज और राष्ट्र अपनी मातृ शक्ति को सम्मानऔर समान अवसर प्रदान करता है। ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट ने कहा कि महिलाएं परिवार कि धुरी हैं। परिवार के विकास परिवार को एक सूत्र में बांधने की उनकी अहम भूमिका है। नारी शक्ति का सम्मान ही समाज और राष्ट्र कि वास्तविक उन्नति का आधार है। इस दौरान मातृशक्ति को स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कुलपती श्वेता भोसले, डा. सुरेश कुमार, विमला आर्या, ममता दुम्का, भावना मेहरा, जया बोहरा, पंकज उप्रेती, अनिल चुनौतीया रहे।



# पर्यावरण मित्रों के मानदेय में वृद्धि की मांग

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों (पर्यावरण मित्रों) के मानदेय में 803 रुपये की वृद्धि की मांग को लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनके मानदेय में बढ़ोतरी की मांग तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में भाजपा अनुसूचित मोर्चा नैनीताल के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की अनुसूचित मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष हेमंत



बेदी ने नगर पालिका परिषद नैनीताल में कार्यरत आउटसोर्सिंग स्फाई कर्मचारियों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के दौर में पर्यावरण मित्रों का वर्तमान मानदेय बेहद कम है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मानदेय में 803 रुपये की वृद्धि करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि नैनीताल एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक पहुंचते हैं। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी इन सफाई कर्मचारियों के कंधों पर होती है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों और कड़ाके की ठंड में भी ये कर्मचारी सुबह से देर रात तक पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हैं। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण मित्रों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। मानदेय में प्रस्तावित वृद्धि इन कर्मचारियों के लिए बड़ा आर्थिक सहारा साबित होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडी परिषद के सलाहकार मनोज जोशी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मयंक पंत, अनुसूचित मोर्चा के मण्डल महामंत्री गौरव हार्पर, मण्डल मंत्री विनय कुमार तथा युवा नेता प्रियांशु आर्या समेत अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# इंस्पिरेशन स्कूल में रंगारंग कोरल किंगडम पूल पार्टी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंस्पिरेशन स्कूल में नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए रंगारंग कोरल किंगडम पूल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम अंडर वॉटर सीन रही, जिसमें पूरे परिसर को समुद्री दुनिया की तर्ज पर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी मछलियां, कोरल, समुद्री जीव और नीले गुब्बारों की सजावट ने बच्चों को समुद्र की दुनिया जैसा अनोखा अनुभव कराया। नन्हे-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगे स्विमिंग कॉस्ट्यूम पहनकर बेहद उत्साहित नजर आए। बच्चों ने पूल में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया और पानी में खेलते हुए जमकर मस्ती की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित रेन डांस बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहा, जहां उन्होंने संगीत की धुन पर खूब डांस किया। इसके साथ ही बच्चों के लिए आइसक्रीम पार्टी का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी पसंदीदा आइसक्रीम का आनंद लिया और पूरे कार्यक्रम के दौरान उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। विद्यालय के डायरेक्टर डा. दीपक बल्यूटिया, प्रबंधिका डा. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्य ममता तेजा तथा को-ऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक होती है। इससे उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित होती है।

# काली फिल्म हटवाई, चालक का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों पर्यटक सीजन चरम पर है और बड़ी संख्या में पर्यटक रोजाना नैनीताल पहुंच रहे हैं। बढ़ती भीड़ और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार चेकिंग अभियान चला रहा है। रविवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने एक दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किए। माल रोड क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आए एक वाहन को रोका। वाहन संख्या यूपी 32 एनके 4553 के शीशों पर काली फिल्म लगी हुई थी। पुलिस ने मौके पर ही वाहन के सभी शीशों से काली फिल्म हटवाई और चालक का चालान किया। पुलिस ने वाहन चालक को



बताया कि वाहनों में काली फिल्म लगाना प्रतिबंधित है। जांच के दौरान चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला, जिस पर पुलिस ने अतिरिक्त कार्रवाई की। पुलिस ने बताया मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन का कुल 3000 रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा पुलिस ने तल्लीताल और मल्लीताल क्षेत्रों में भी वाहनों की सघन चेकिंग कर कई चालान किए। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि पर्यटक सीजन के दौरान वाहन धीमी गति से चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही चेतावनी दी कि दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी मिलने पर वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## कुमाऊं कमिश्नर ने किया हिमालय संग्रहालय का अवलोकन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत द्वारा इतिहास विभाग के हिमालय संग्रहालय का अवलोकन किया गया जिसमें संग्रहालय की प्रभारी प्रोफेसर सावित्री कैड़ा जंतवाल, इतिहास विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार टम्टा, एसोसिएट प्रोफेसर डा. शिवानी रावत, डा. भुवन शर्मा, डा. पूरन सिंह अधिकारी, डा. हरदयाल सिंह जलाल, डा. शिवराज सिंह कपकोटी, डा. वीरेंद्र पाल तथा भुवन पाठक शोधार्थी एवं इतिहास विभाग के अनेक छात्र छात्रा उपस्थित हुए। इन सबकी उपस्थिति में डा. शिवराज सिंह कपकोटी इतिहास विभाग डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत जी को उनकी बचपन की फोटो सप्रेम भेंट की।

# भास्कर जोशी एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया के अधिकारी बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता क्षेत्र के होनहार युवा भास्कर जोशी ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) में एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल) पद पर चयन प्राप्त किया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार उनका चयन हुआ है। इंद्रानगर-2 बिंदुखत्ता निवासी स्वर्गीय पूरन चंद्र जोशी के पुत्र भास्कर जोशी इससे पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने गेट परीक्षा में 98.33 प्रतिशत परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया में 1132 वीं रैंक



प्राप्त कर आईआईटी रुड़की में एमटेक के लिए चयन हासिल किया था। उन्होंने सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में प्रवेश पाया था। भास्कर ने वर्ष 2021 में गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पौड़ी गढ़वाल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। भास्कर वर्तमान मैं आईआईटी रुड़की से एमटैक के छात्र हैं। उनके बड़े भाई रोहित जोशी नोएडा में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप में कार्यरत हैं। भास्कर, उनके चाचा मोहन चंद जोशी एक प्राइवेट कंपनी से हेड इलेक्ट्रिकल से रिटायर है। बिंदुखत्ता निवासी पत्रकार दीप चंद्र जोशी के भाई हैं। परिजनों के अनुसार बीटेक के बाद भास्कर ने नौकरी करने के बजाय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को प्राथमिकता दी। उन्होंने नोएडा में अपने भाई रोहित के साथ रहकर बिना किसी कोचिंग के सेल्फ स्टडी के माध्यम से यह मुकाम हासिल किया। अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## वीकेंड पर गुलज़ार रही लेकसिटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वीकेंड के चलते सरोवर नगरी सैलानियों से गुलजार रही। गर्मी बढ़ने के बाद यहां सैलानियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। रविवार को भी नगर में सैलानियों की भीड़ से पर्यटन से जुड़े कारोबारी व्यस्त नजर आए। नगर के प्राणी उद्यान में आज 750, रोपवे में 650 तथा केव गार्डन में 700 पर्यटक पहुंचे। नगर के स्नो व्यू तथा हिमालय दर्शन में भी सैलानियों ने जाकर मौज मस्ती की। दोपहर में सैलानी यहां पेड़ों की छांव के नीचे बैठकर स्वभाव ने मौसम का आनंद उठा रहे हैं। शाम के वक्त नगर की माल रोड सैलानियों से गुलजार रहती है। इसके अलावा नगर की विभिन्न बाजारों से खरीदारी भी कर रहे हैं। नगर में पर्यटक वाहनों से जाम लग रहा। नगर में रविवार को 4000 से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे। पर्यटक अपने वाहनों को रूसी बाईपास में पार्क करने के बाद शटल सेवा का माध्यम से नैनीताल पहुंचे। नगर में सभी पार्किंग पर्यटक वाहनों से पैक नज़र आये। वही जाम से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान यातायात को नियंत्रित करने में पुलिस के जवानों को मशक्कत करनी पड़ी।

# बच्चों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए सावधानी आवश्यकः डा. गुंजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश सहित कुमाऊँ क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण बच्चों में हीट स्ट्रोक (लू लगना) का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के बाल रोग विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डा. गुंजन नगरकोटी ने यह जानकारी देते बताया कि हीट स्ट्रोक शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ जाने के कारण उत्पन्न होने वाली एक गंभीर चिकित्सकीय स्थिति है। समय पर उचित उपचार न मिलने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि बच्चों में हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में तेज



बुखार, अत्यधिक पसीना आना अथवा पसीना बंद हो जाना, शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द, बेचैनी, बेहोशी तथा सांस लेने में कठिनाई शामिल हैं। छोटे बच्चों में चिड़चिड़ापन, सुस्ती एवं अत्यधिक थकान भी इसके प्रारंभिक संकेत हो सकते हैं। डा. गुंजन नगरकोटी ने अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि बच्चों को तेज धूप में बाहर खेलने या अनावश्यक रूप से बाहर घूमने से बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त नींबू पानी, ओआरएस, छाछ, नारियल पानी एवं अन्य तरल पदार्थ नियमित रूप से देते रहना चाहिए, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो और शरीर का तापमान संतुलित बना रहे। डा. गुंजन ने यह भी सलाह दी कि बच्चों को हल्के रंग के, ढीले एवं सूती कपड़े पहनाने चाहिए, जिससे शरीर को ठंडक मिल सके और पसीना आसानी से सूखता रहे। बाहर जाते समय बच्चों को टोपी, छाता अथवा कपड़े से सिर ढककर रखना भी लाभदायक होता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों में हीट स्ट्रोक के किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई दें तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे मामलों में तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है, क्योंकि समय पर उपचार न मिलने पर हीट स्ट्रोक गंभीर रूप धारण कर सकता है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने भी अभिभावकों से अपील की है कि वे गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

## युवा व्यापारी वैभव अग्रवाल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मल्लीताल बाजार के युवा व्यापारी व शेरवानी लॉज प्राधिकरण कंपाउंड निवासी वैभव अग्रवाल की विगत रात्रि में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उनकी उम्र करीब 42 वर्ष थी। वैभव के पिता नागेंद्र कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। वैभव अग्रवाल की मल्लीताल इंदिरा मार्केट में स्टैंडर्ड बुक डिपो नाम से स्टेशनरी, कॉपी किताब की दुकान है। बताया गया है कि रात्रि में खाना खाने के बाद उसकी अचानक तबीयत खराब हुई। स्थानीय सभासद लता दफौटी व आसपास के अन्य लोग उसे तुरंत अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह अपने पीछे पत्नी, छोटी बच्ची, माँ बाप को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। रविवार की सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजी और दोपहर में पाइंस स्थित श्मशान घाट में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार वैभव की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मौत के



कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल सकेगा। पोस्टमार्टम सर्जन डा. प्रशांत ओली द्वारा किया गया। वैभव के आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही रात्रि में ही अस्पताल व उनके घर में बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे। जिनमें सभासद लता दफौटी, भगवत रावत, गजाला कमाल, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, भाजपा नेता अरविंद पडियार, भूपेंद्र बिष्ट, आनंद बिष्ट, व्यापार मंडल महामंत्री त्रिभुवन फर्त्याल, पारस मेहरा, पीयूष अग्रवाल, अभय बवाड़ी, सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य विशन सिंह मेहता, कई रिटायर्ड शिक्षक सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल थे।

# MI को हरा शान से प्ले ऑफ में पहुंची RR

## सीजन की टॉप-4 टीमें तय, मुंबई 30 रन से हारी, आर्चर का हरफन मौला खेल



**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में रविवार को खेले गए पहले मुक. ाबले में राजस्थान रायल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ आईपीएल 2026 की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं।

रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। 26 मई को क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु और गुजरात आमने-सामने होंगे, जबकि 27 मई को एलिमिनेटर में हैदराबाद और राजस्थान की भिड़ंत होगी। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि पावरप्ले में ही मुंबई ने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को मैच से दूर कर दिया। राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर, ब्रिजेश शर्मा और यश पुंजा को 2-2 विकेट मिले। राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल ने 38 रन, जोफ्रा आर्चर ने 15 गेंदों में 32 और दासुन शनाका ने 29 रन की पारी खेली। आखिर में रवींद्र जडेजा और नांद्रे बर्गर ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से दीपक चाहर और शार्दूल ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजनफर और कार्बिन बाश को 1-1 सफलता मिली। ब्रिजेश शर्मा ने मुंबई को नौवां झटका देते हुए मैच पूरी तरह राजस्थान की मुठी में कर दिया। उन्होंने दीपक चाहर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। लो फुल-टॉस पर चहर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद सीधे फ्टं पैड पर लगी। उन्होंने रिव्यू जरूर लिया, लेकिन बाल ट्रैकिंग में तीनों रेड दिखे और फैसला बरकरार रहा। चहर 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। नांद्रे बर्गर ने सूर्यकुमार यादव को अपनी ही बाल पर कैच कर पवेलियन भेजा। सूर्यकुमार बड़े शाट के लिए शफल हुए, लेकिन गेंद बल्ले पर सही नहीं आई और सीधा बर्गर के हाथों में चली गई। सूर्या 42 गेंदों में 60 रन बनाकर आउट हुए। पुंजा ने बाश को आउट किया। यश पुंजा ने कार्बिन बाश को आउट कर मुंबई को बड़ा झटका दिया। बाश ने स्लाग स्वीप खेला, लेकिन गेंद को ऊंचाई नहीं दे सके। डीप मिड विकेट पर फरेरा ने आगे दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़ा। बाश सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए। आर्चर ने धीमी शार्ट गेंद से हार्दिक पंड्या को आउट किया। हार्दिक पुल शाट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लान्ग-आन की ओर हवा में चली गई। वहां नांद्रे बर्गर ने दबाव में कैच पकड़ा। हार्दिक 15 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए। यश राज पुंजा ने विल जैक्स विकेट लेकर मैच का रुख और मजबूत कर दिया। उन्होंने जैक्स को स्लोअर, टर्न लेती गेंद पर फंसाया।

# गुलवीर ने 5000 मीटर रेस में नए रिकॉर्ड के साथ जीता रजत

**लॉस एंजिल्स, वार्ता।** भारत के लंबी दूरी के स्टार गुलवीर सिंह ने रविवार को लॉस एंजिल्स में मशहूर साउंड रनिंग ट्रैक फेस्ट में पुराषों की 5000 मीटर रेस में रजत पदक जीतकर ग्लोबल एथलेटिक्स स्टेज पर अपनी शानदार बढ़त जारी रखी, और इस दौरान अपना नया राट्रीय रिकॉर्ड बनाया। आज यहां 5000 मी. और 10,000 मी- दोनों में मौजूदा एशियन चैंपियन ने शानदार 13:03-93 का समय निकाला,

जो दो साल पहले जापान में बनाए गए उनके पिछले नेशनल रिकॉर्ड 13:11-82 से लगभग आठ सेकंड बेहतर था। इस प्रदर्शन ने गुलवीर को भारत के सबसे बेहतरीन कंटेंपररी डिस्टेंस रनर और इंटरनेशनल सर्किट पर देश के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक के तौर पर और पक्का कर दिया। एडवांस ट्रेनिंग के लिए अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में रहने वाले गुलवीर पहले भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने 3000 मी से लेकर 25 किमी- रेस तक के ट्रैक और रोड इवेंट्स में एक साथ कई नेशनल रिकॉर्ड बनाए हैं। रविवार का रजत पदक इस सीजन में गुलवीर का चौथी बड़ी स्पर्धा है। उन्होंने फरवरी में अमेरिका के विस्टन-सलेम में साउंड रनिंग इनवाइट में 5000 मी- शॉर्ट ट्रैक रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने मार्च में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब वे 60 मिनट से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बने, और न्यूयॉर्क में एनवाईसी हाफ मैराथन 2026 में तीसरा स्थान हासिल किया।

### खेल विशेष

### फ्रेंच ओपन शुरू होते ही खिलाड़ियों का विरोध प्रदर्शन रूक जाएगा

**पेरिस, वार्ता।** उम्मीद है कि दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी रविवार को जब रौलां गैरो में फ्रेंच ओपन शुरू होगा, तो अपनी सभी सामान्य मीडिया प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे। शीर्ष 10 खिलाड़ियों में से कई ने शुक्रवार को टूर्नामेंट से पहले के मीडिया दिवस के दौरान अपनी उपस्थिति को 15 मिनट तक सीमित रखा। 15 मिनट की यह सीमा उस 15 प्रतिशत राजस्व का प्रतीक थी, जिसे - औसतन - ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट पुरस्कार राशि के रूप में आवंटित करते हैं। खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों ने बीबीसी स्पोर्ट को बताया है कि उनका इरादा कभी भी पूरे टूर्नामेंट के दौरान विरोध प्रदर्शन करने का नहीं था, और शुक्रवार को फ्रेंच टेनिस फेडरेशन (एफएफटी) के साथ हुई बैठक में भविय में सहयोग के वादे से उन्हें प्रोत्साहन मिला।

### विक्टोरिया म्बोको को हराकर एम्मा नवारो ने जीता 15 महीनों में पहला खिताब

**स्ट्रासबर्ग ( फ्रांस ), वार्ता।** अमेरिका की एमा नवारो ने स्ट्रासबर्ग ओपन टेनिस के फाइनल में कनाडा की किशोरी विक्टोरिया म्बोको को 6-0, 5-7, 6-2 से हराकर 15 महीनों में अपना पहला खिताब जीता। शनिवार को खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय अमेरिका की स्टार नवारो ने अपनी साथी नॉर्थ अमेरि. कन खिलाड़ी को चौंका दिया, सर्व और रिटर्न पर लगभग बिना किसी गलती के परफॉर्मेंस देकर उन्हें शुरुआती सेट में जीत दिला दी। जहां उन्हें 5-4 पर एक चैंपियनशिप पॉइंट भी बचाना पड़ा। लेकिन नवारो ने शांत रहकर डिसाइडर में जीत हासिल की। स्ट्रासबर्ग में जीत नवारो का कुल मिलाकर तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब था, इससे पहले उन्होंने फरवरी 2025 में मेक्सिको के मेरिडा और जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में टाइटल जीते थे।

### पीएम वास्तव में हमारे पैरा-एथलीटों के 'परम मित्र' हैं: मांडविया

**गांधीनगर, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज साई एनसीओई गांधीनगर में कई नई खेल बुनियादी ढांचा सुविधाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, उन्होंने पूरे देश में विश्व स्तरीय उच्च-प्रदर्शन वाले खेल इकोसिस्टम के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। मंत्री ने केंद्र में नवनिर्मित पैरा एथलीट छात्रावास, केंद्रीय भोजन कक्ष (डाइनिंग हॉल), शक्ति एवं कंडीशनिंग हॉल, बहुउद्देशीय प्रशिक्षण हॉल और ध्यान पार्क का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं को प्रशिक्षण, रिकवरी, पोषण, खेल विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एकीकृत सहायता प्रदान करके एथलीटों की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

# क्रिकेट की अनसुनी कहानियों को सामने लाएगी मिडविकेट स्टोरीज

**मुंबई, वार्ता।** तीन वर्ों की कल्पना, यात्रा, बातचीत और कहानी कहने की प्रक्रिया के बाद 'मिडविकेट स्टोरीज' (एमडब्ल्यूएस) का आधिकारिक शुभारंभ रविवार को मुंबई के आईटीसी मराठा होटल में किया गया। यह एक अनोखा वैश्विक क्रिकेट स्टोरीटेलिग प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य क्रिकेट के महान खिलाड़ियों की अनसुनी कहानियां, ड्रेसिंग रूम की यादें, प्रतिद्वंद्विता और दोस्ती को दुनिया के सामने लाना है।

इस पहल की शुरुआत 2022 में संस्थापक निशांत दयाल और जया प्रसाद ने की थी। उनका उद्देश्य क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों को एक मंच पर लाकर ऐसी बातचीत प्रस्तुत करना था, जो क्रिकेट प्रेमियों ने पहले कभी नहीं सुनी हो। पिछले तीन वर्ों में मिडविकेट स्टोरीज ने सात शहरों, चार देशों और तीन महाद्वीपों की यात्रा करते हुए सात एपिसोड में 11 क्रिकेट दिग्गजों को शामिल किया है।

अब तक के एपिसोड: सिडनी : सुनील गावस्कर और एलन बॉर्डर दुबई : सुनील गावस्कर और विवियन रिचड्र्स मुंबई : हरभजन सिंह और क्रिस गेल बेंगलुरु : सुनील गावस्कर और ज्योफ्री बॉयकॉट लंदन : सुनील गावस्कर और इयान बॉथम चेन्नई : नवजोत सिंह सिद्धू और सनथ जयसूर्या एडिलेड : जहीर खान और मैथ्यू हेडन पहला एपिसोड, जिसमें सुनील गावस्कर और एलन बॉर्डर शामिल थे, 2022 आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के दौरान सिडनी में 150 आमंत्रित मेहमानों की उपस्थिति में फिल्माया गया था। रविवार को मुंबई में क्रिकेट दिग्गज और प्रमुख सलाहकार सुनील गावस्कर की मौजूदगी में मिडविकेट स्टोरीज का आधिकारिक लॉन्च और पहले एपिसोड का अनावरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक निशांत दयाल और जया प्रसाद भी उपस्थित थे। इसी दौरान हरभजन सिंह और मैथ्यू हेडन के साथ आठवें एपिसोड की रिकॉर्डिंग भी की गई। यह एपिसोड क्रिकेट की सबसे यादगार प्रतिद्वंद्विताओं में से एक के दोस्ती में बदलने की कहानी को दर्शाएगा। एमडब्ल्यूएस केवल क्रिकेट कहानियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका एक सामाजिक उद्देश्य भी है।

# पंत की कप्तानी पर होगा विचार: मूडी

- प्रेस कांफ्रेंस में मूडी ने कहा कि कप्तानी के नजरिए से देखें तो पंत के लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) आईपीएल 2026 की तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम की लीडरशिप में बदलाव पर विचार कर सकती है।

टीम 2025 में भी सातवें स्थान पर रही थी। एलएसजी के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट टॉम मूडी ने सीजन खत्म होने के बाद कहा कि टीम को कप्तानी के पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 28 मैच में सिर्फ 10 जीत दर्ज कीं और 18 मुकाबले गंवाए। पंजाब किंग्स से हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मूडी ने कहा कि कप्तानी के नजरिए से देखें तो पंत के लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा है और नतीजे भी यही दिखाते हैं। आपको यह भी सोचना पड़ता है कि क्या कप्तानी का दबाव उनकी बल्लेबाजी में भी दिखाई दे रहा है। मुझे पता है कि यह सीजन हमारे लिए मुश्किल रहा, लेकिन हम इस पर समय लेकर सोचेंगे। हर चीज पर विचार करेंगे। लेकिन यह साफ है कि हम अपनी उम्मीदों या अपने तय मानकों तक नहीं पहुंच पाए। फ्रेंचाइजी की लीडरशिप को लेकर हम भविय के बारे में गंभीरता से विचार करेंगे। हर विभाग की तरह, जब आप किसी सीजन की समीक्षा करते हैं, तो कई फ़ैसले लेने पड़ते हैं। और फिलहाल ऐसा लग रहा है कि हमें रीसेट पर विचार करना होगा। पंत ने 2018 में 684 रन 173-60 के स्ट्राइक रेट से और 2019 में 488 रन 162-66 के स्ट्राइक रेट से बनाकर आईपीएल में धमाकेदार पहचान बनाई थी। लेकिन एलएसजी के लिए पिछले दो सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा है।

उन्होंने दो सीजन में 581 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135-74 रहा है। इन दोनों सीजन में उनका औसत और स्ट्राइक रेट उनके करियर आंकड़ों से नीचे रहा। सीजन के दौरान पंत ने ड्रेसिंग रूम में बहुत सारे सोचने वाले और फैसले लेने वाले लोग होने की बात भी कही थी। मूडी की यह टिप्पणी उस बयान के बाद आई है, जिसमें हेड कोच जस्टिन लैंगर ने भी पिछले मैच के बाद पंत के प्रदर्शन पर निराशा जताई थी। मूडी ने कहा कि मुझे लगता है कि इस निराशाजनक सीजन के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। यह किसी एक खिलाड़ी पर उंगली उठाने का समय नहीं है।

# पता था मुझे क्या करना है, मैं अच्छी मानसिक स्थिति में था: श्रेयस अय्यर

- अय्यर ने शब्दों के साथ-साथ भावनाएं भी खुलकर जाहिर कीं
- कप्तान अय्यर ने इस सीजन की लगातार बहतर बल्लेबाजी की



**लखनऊ, वार्ता।** यह कहना मुश्किल है कि श्रेयस अय्यर ने खुद को ऐसा बनाया है या यह स्वाभाविक रूप से उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है, लेकिन वह मैदान पर बेहद शांत और भावनाओं पर काबू रखने वाले खिलाड़ी और कप्तान नजर आते हैं। दबाव वाले माहौल में यह एक बड़ी खूबी मानी जाती है।

अपना पहला आईपीएल शतक लगाने और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की प्लेऑफ की उम्मीद जिंदा रखने के बाद अय्यर ने शब्दों के साथ-साथ भावनाएं भी खुलकर जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि वह बेहद खुश और रोमांचित हैं। प्रभसिमरन सिंह के साथ उनकी साझेदारी को उन्होंने अहम बताया और कहा कि अच्छी साझेदारी के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। हालांकि इस बार उनकी भावनाएं सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं रहीं। यह उस वक्रत साफ दिखा जब उन्होंने दो ओवर बाकी रहते विजई छक्का लगाया, जिसने उनका शतक भी पूरा किया। इस जीत के बाद पंजाब की उम्मीदें मुंबई इंडियंस के राजस्थान रॉयल्स को हराने पर टिक गईं, लेकिन जीत का अंतर इतना बड़ा था कि अगर आरआर हारती है तो कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए उन्हें नेट रन रेट में पीछे छोड़ना मुश्किल होगा।

लगातार छह जीत के बाद छह हार झेल चुकी पंजाब के लिए यह पल बेहद खास था और अय्यर ने आखिरकार अपनी भावनाएं जाहिर होने दीं। अय्यर मैच के बाद कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास है। जब आप मैच खत्म करते हुए शतक बनाते हैं तो काफी अच्छा महसूस होता है। मुझे लगता है हर बल्लेबाज इसका सपना देखता है। आज उन दिनों में से एक था जब मैं अंदर से बेहद अच्छा महसूस कर रहा था। मैं शानदार मानसिक स्थिति में था। मुझे पता था कि मुझे क्या चाहिए।

# भारत अपने घर में खिताब वापस जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा

**मडगांव, वार्ता।** सोमवार से जब गोवा के मडगांव में सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू होगा, तो भारत का लक्ष्य रिकॉर्ड बनाते हुए छठी बार खिताब जीतना होगा। फीफा रैंकिंग में 69वें स्थान पर मौजूद भारतीय महिला फुटबॉल टीम 25 मई को मालदीव के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

फाइनल मैच 6 जून को खेला जाएगा। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के सभी मैच मडगांव के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत में सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के मैचों की लाइव स्ट्रीमिग उपलब्ध होगी। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार, छह टीमों को दो बराबर ग्रुप में बांटा गया है। सिगल-लेग्ड राउंड रॉबिन मैचों के बाद, हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप ठ में भारत के साथ मौजूदा चैंपियन और दुनिया की 112वें नंबर की टीम बंगलादेश और 167वें नंबर की टीम मालदीव को रखा गया है। ग्रुप ए में नेपाल (87वें स्थान पर), श्रीलंका (162वें स्थान पर) और भूटान (164वें स्थान पर) शामिल हैं। साल 2010 में शुरू हुई सैफ महिला चैंपियनशिप का यह आठवां संस्करण है। 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में चैंपियन रही भारत ने इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा था।

### आईएसएसएफ विश्व कप में मन व स्वप्रिल कुसाले करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले की अगुवाई में 35 सदस्ईय भारतीय निशानेबाजी टीम 24 से 30 मई तक जर्मनी के म्यूनिख में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। म्यूनिख निशानेबाजी स्पर्धा राइफल और पिस्टल शूटर्स के लिए इस साल का दूसरा आईएसएसएफ विश्व कप है।भारत ने पिछले महीने स्पेन के ग्रेनाडा में हुए पहले विश्व कप में मुकेश नेलावल्ली और पलक गुलिया ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस 2024 मेडलिस्ट मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले के शामिल होने से म्यूनिख लेग से पहले इंडियन टीम मजबूत हुई है।

# केन की हैट्रिक से बायर्न ने जीता जर्मन कप

- एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत जोरदार तरीके से की



**बर्लिन, वार्ता।** हैरी केन ने दूसरे हाफ में हैट्रिक जमाई, जिससे बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को बर्लिन में हुए फाइनल में वीएफबी स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर डीएबी-पोकल (जर्मन कप) जीतने का अपना लंबा इंतजार खत्म कर दिया। एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत जोरदार तरीके से की और पहले हाफ के ज्यादातर समय तक बायर्न को बैकफुट पर रखा।

मैच शुरू होने के दो मिनट के भीतर ही डेनिज उंडाव ने सिर से गेंद को सीधे जोनास अर्बिग की ओर उछाला, इसके कुछ देर बाद, बायर्न के एक ढीले पास का फायदा उठाते हुए एंजेलो स्टिलर ने दूर से शॉट लगाया, लेकिन वह चूक गए। मैक्सिमिलियन मिटेलस्टेड्ट ने बाईं ओर से दो बार खतरा पैदा किया-पहले उन्होंने गेंद को साइड-नेटिंग से टकराया, और फिर अर्बिग को मजबूर किया कि वे एक जोरदार लो-ड्राइव शॉट को पोस्ट के बाहर रोकें। बायर्न की टीम-जिसमें मैनुअल न्यूयर की जगह अर्बिग को शुरुआती एकादश में शामिल किया गया था-गेंद पर लंबे समय तक कब्जा रखने के बावजूद खेल में अपेक्षित लय हासिल करने के लिए संर्घा करती दिखी।

बायर्न को मिले शुरुआती स्पट मौकों में से एक पर केन ने सिर से गेंद को गोल के ऊपर से निकाल दिया, जबकि आधे घंटे का खेल पूरा होने के बाद लुइस डियाज ने अलेक्जेंडर न्यूबेल की ओर शॉट लगाया। मध्यांतर से ठीक पहले न्यूबेल की परीक्षा और भी गंभीरता से हुई, जब उन्होंने लगभग 20 मीटर की दूरी से जो. सिप स्टैनिसिक द्वारा लगाए गए एक जोरदार शॉट को रोकने के लिए शानदार प्रतिक्रिया दी। मध्यांतर के बाद स्टटगार्ट का खेल और भी आक्रामक हो गया, लेकिन 55वें मिनट में मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। माइकल ओलिसे पर हुए एक फाउल के बाद बायर्न ने तेजी से खेल दोबारा शुरू किया, ओलिसे दाईं ओर से आगे बढ़े और केन के लिए एक क्रॉस दिया। केन ने पेनल्टी-एरिया के भीतर खाली जगह तलाशी और सिर से गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इसके बाद मैच को कुछ मिनटों के लिए रोकना पड़ा, क्योंकि ओलंपियास्टेडियन के दोनों छोरों पर दर्शकों ने आतिशबा. जी शुरू कर दी थी।

# अर्शदीप में कुछ महीने पहले जैसी धार नहीं दिख रही: रायुडू

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्शदीप सिंह का आईपीएल 2026 अब तक साधारण रहा है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) जब जीत रही थी, तब भी वह अपनी सर्वश्रेठ लय में नहीं दिखे और जब टीम लगातार हार रही थी, तब भी हालात अलग नहीं थे। शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब ने आखिरकार छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा, लेकिन अर्शदीप फिर महंगे साबित हुए। अंबाती रायुडू ने उनकी लेंथ को समस्या बताया, जबकि मार्क बाउचर ने थकान को खराब प्रदर्शन को वजह माना। एलएसजी ने शनिवार को 9.80 की रन रेट से बल्लेबाजी की।

वहीं अर्शदीप ने 17.33 की इकॉनमी से रन दिए और उन्हें आखिरी ओवर भी नहीं मिला। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो टाइमआउट शो में कहा कि मुझे लगता है कि उनकी लेंथ सबसे बड़ी समस्या है। वह ऐसे गेंदबाज नहीं हैं जिन्हें बहुत ज्यादा शॉर्ट गेंदें फेंकनी चाहिए। डेथ ओवरों में भी उन्हें यॉर्कर डालनी चाहिए। नई गेंद से भी जब उन्होंने फुल गेंदें डालीं। पहली गेंद को छोड़ दें, जो कवर के जरिए चौके के लिए गई, तो उनकी फुल लेंथ गेंदों पर उतने रन नहीं पड़े जितने शॉर्ट ऑफ लेंथ या शॉर्ट गेंदों पर पड़े। उन्हें इस बात का ध्यान रखना होगा, क्योंकि फिलहाल उनकी शॉर्ट गेंद में पहले जैसी धार नहीं दिख रही।

**श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति द्वारा संचालित**
**श्री उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक ( फार्मेसिस्ट ) प्रशिक्षण विद्यालय**
**विद्यापीठ, पोस्ट-विद्यापीठ, जनपद-रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड,**
**पिन कोड-246439 दूरभाष - 7900495745, 8006738938**

**प्रवेश सूचना**

आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) एवं पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सत्र 2026-27 भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता प्राप्त में प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से प्रबन्धकीय 25+25 सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट www.badrinath-kedarnath.govin से आवेदन-पत्र एवं दिशा निर्देश डाउनलोड कर आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ संस्था के उपरोक्त पते पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से भेजना सुनिश्चित करें। आवेदन हेतु अन्तिम तिथि- 30 जून 2026 है।

**प्रधानाचार्य**

# सूबे की सहकारी समितियों के चुनावों में भाजपा का दबदबा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश में शनिवार को सम्पन्न हुए सहकारी समितियों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुये 98 फीसदी बोर्डों पर जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम किया। क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की शानादर जीत से विपक्ष को करारा झटका लगा है। टिहरी के जौनपुर व हरिद्वार की लंढौर सहकारी समिति में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। दोनों समितियों में 68 वर्ष बाद पहली बार पूरी कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचित हुई। प्रदेशभर में 39 सहकारी समितियों में हुये चुनावों में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में शानदार जीत दर्ज की।

प्रदेशभर में कुल 39 सहकारी समितियों में से 38 समितियों में चुनाव सम्पन्न हुये। जिनमें भाजपा समर्थित उम्मीदवारों का स्पष्ट दबदबा देखने को मिला। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार संच. ालक मंडल के लिए कुल 348 प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। जिसमें

■ 98 फीसदी बोर्डों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने फहराया जीत का परचम
■ 68 वर्षों बाद जौनपुर मगरा व लंढौर में पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित



सहकारी समितियों के चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और सरकार की जनहितकारी नीतियों का प्रतिफल है। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को एवं कार्यकर्ताओं को बधाई। इस ऐतिहासिक जीत से निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को साकार करने में मदद मिलेगी।

**-डॉ. धन सिंह रावत, सहकारिता मंत्री, उत्तराखंड।**

अल्मोड़ा जनपद में 9, उत्तरकाशी 37, पौड़ी 58, हरिद्वार 26, टिहरी 15, चम्पावत 11, ऊधमसिंह नगर 91, देहरादून 38, पिथौरागढ़ 14 तथा नैनीताल में 49 संचालक निर्वाचित हुये। जिनमें 136 महिलाएं एवं 212 पुरुष शामिल हैं। इसी प्रकार अध्यक्ष पद के लिए कुल 37 प्रतिनिधि चुने गए, जिनमें 16 महिलाएं तथा 21 पुरुष हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए 25 प्रति. निधियों का चयन हुआ, जिनमें 2 महिलाएं एवं 23 पुरुष शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले कुल 418 प्रतिनिधियों का निर्वाचन हुआ जिनमें 132 महिलाएं एवं 286 पुरुष शामिल हैं। जिलेवार आंकड़ों में सर्वाधिक सफलता ऊधमसिंह नगर में देखने को मिली, जहां कुल 111 प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। इसके बाद नैनीताल में 99, देहरादून में 51, पौड़ी में 38, हरिद्वार में 35, उत्तरक. ाशी में 25, टिहरी में 23 तथा पिथौरागढ़ में 12 प्रतिनिधि चुने गए।

वहीं मसूरी क्षेत्र की जौनपुर मगरा सहकारी क्रय-विक्रय समिति लिमिटेड तथा हरिद्वार की लंढौर समिति में भाजपा ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 68 वर्षों बाद पहली बार पूरी कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित कराया। इसे सहकारिता क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि और स्वस्थ लोकतांत्रिक परम्परा का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के नेतृत्व में भाजपा ने एक बार फिर सहकारी क्षेत्र में परचम लहराते हुए व्यापक जनसमर्थन हासिल किया। चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की सहकारी व्यवस्था में भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर लोगों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

## सीसी मार्ग एंव कैनोपी युक्त मार्ग का किया लोकार्पण

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पट्टी ओण के देवल स्थित प्रसिद्ध ओणेश्वर महादेव मंदिर में विधायक निधि से 8 लाख रूपये की लागत से निर्मित इन्टरलॉक टाईल्स सीसी मार्ग एंव कैनोपी युक्त मार्ग का विधायक बिक्रम सिह नेगी ने लोकार्पण किया।

ओणेश्वर महादेव मंदिर परिसर विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात परिसर मे निर्मित सीसी एंव कैनौपी युक्त मार्ग का लोकार्पण करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि धार्मिक स्थल हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं आस्था के केंद्र हैं जिनका संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थलों की महत्ता को बनाए रखने के साथ-साथ उन्हें धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिवेश से समृद्ध रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक ने कहा कि ओणेश्वर महादेव मंदिर प्रतापनगर विधानसभा का एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है जहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन एंव पूजा अर्चना करने आते है और मंदिर मे अब कैनोपी युक्त मार्ग बनने से श्रद्धालु तपती धूम व झमाझम बारीश मे भी महादेव के दर्शन कर पूजा अर्चना कर सकेंगे। कहा कि समिति लंबे समय से मंदिर को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने ली आगामी एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने उत्तराखण्ड दौरे के दूसरे दिन रविवार को देहरादून स्थित राज्य अतिथि गृह बीजापुर में एसआईआर की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य "एब्सेंट,शिफ्टेड,डेथ, डूप्लीकेट और विदेशी मतदाताओं" को चिन्हित कर मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी मतदाताओं से आगामी एसआईआर में अपना नवीनतम पासपोर्ट फोटो उपलब्ध कराने के साथ ही एसआईआर मे बीएलओ को सहायोग करने की अपील की है।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को अवगत कराया कि प्रदेश में प्री-एसआईआर फेज में 89 फीसदी मैपिंग की गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश में गणना प्रपत्रों के प्रिंटिंग की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। डीईओ, डिप्टी डीईओ, ईआरओ/एईआरओ




■ प्रदेश के मतदाताओं से एसआईआर में बीएलओ से सहयोग करने की अपील
■ प्री एसआईआर फेज में 89 फीसदी मैपिंग

के प्रथम चरण का प्रशिक्षण पूरा कर दिया गया है, बीएलओ और अन्य फील्ड स्टाफ प्रशिक्षण गतिमान है।

बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को यह भी बताया गया कि प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए व्यापक स्तर पर विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं ईआरओ को राजनैतिक दलों के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, एडीजी डॉ. वी मुरुगेशन, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. विजय कुमार जोगदंडे, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, नवनियुक्त जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र डोभाल, सीडीओ देहरादून अभिनव शाह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष, विकसित भारत निर्माण का स्वर्णिम युग: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा, केंद्र में मोदी सरकार के सफल और शानदार 12 साल पूरे होने पर देशभर में बड़ा जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। जिसके तहत श्बारह साल विश्वास के, विकास के और जन कल्याण केश संदेश को लेकर मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी भी प्रदेश में जन जन के बीच पहुंचेंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने मोदी सरकार के 12 वर्षों को विकसित भारत निर्माण का स्वर्णिम युग बताते हुए, घर घर इन उपलब्धियों पहुंचाने का आग्रह किया।

इस राष्ट्रव्यापी अभियान एवं अन्य सांगठनिक कार्यक्रमों के संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार के नेतृत्व में रविवार को प्रदेश पदाधिकारी वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि 7 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा गठबन्धन सरकार के सफल और शानदार 12 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। देश के इस युग प्रवर्तक कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर जनता से संवाद हेतु निर्धारित राष्ट्रीय अभियान को प्रदेश में 7 जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। जिसकी तैयारी के संदर्भ में



■ प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत संकल्प से मोदी सरकार की उपलब्धियां पहुंचेंगी घर घर
■ 12 वर्ष की उपलब्धियां लेकर सीएम, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी जनता के बीच जायेंगे

आज हुई महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने कहा, ये प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए बड़े गर्व की बात है कि उनके नेता ने देश में लगातार सबसे लंबे समय निर्वाचित प्रधानमंत्री बन सरकार चलाने का रिकॉर्ड बनाया हैं मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के ये 12 साल विकास, जनकल्याण और सुशासन के पथ पर विकसित भारत निर्माण की गाथा लिखने वाले हैं। लिहाजा देशभर में संचालित होने वाले इस अभियान के संदेश को हमें प्रगति पथ यात्रा और विकसित भारत संकल्प कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य में घर घर, गांव गांव पहुँचाना है।

जिसमें मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद, राज्य मंत्री, राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी, विधायक और सभी जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों को सहभागिता सुनिश्चित करवानी है। इसके तहत श्प्रगति पथ यात्राश में कार्यान्वित प्रमुख अवसंरचना और उच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं स्थलों का दौरा करने और जिलावार विकसित भारत संकल्प सम्मेलन से विकास आयामों पर चर्चा को आगे बढ़ाना है। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों के हितों को लाभ पहुंचाना, महिलाओं का सशक्त सशक्तिकरण और देश का समग्र विकास हमारी प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। बैठक में अभियान रूपरेखा की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुशार सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र के भीतर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र और विधायक अपनी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मंडल में शामिल होगा। 8 जून से 14 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान पार्टी द्वारा चिन्हित समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ी बड़ी हस्तियों से को विभिन्न क्षेत्रों की कम से कम 500 प्रमुख हस्तियों से मिलकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत निर्माण पर चर्चा की जाएगी।

## 30 मई को हिंदाव हड़ियाणा में होगा समरसता भोज

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना की पट्टी हिंदाव के ग्राम हड़ियाणा में आगामी 30 मई को समरसता भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में डासना मंदिर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के महंत महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती मुख्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा ग्रामीणों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इंद्रमणि बड़ोनी स्मृति मंच के संस्थापक रमेश उनियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, सांस्कृतिक एकता एवं समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि समरसता भोज में लगभग 100 से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में गढ़ भाषा के मंगल गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी जिससे क्षेत्र की लोक संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिलेगा। द्वितीय चरण में क्षेत्र के ढोल वादकों द्वारा प्रसिद्ध लोक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान डॉ0 दाताराम पुरोहित के निर्देशन में ढोल वादन एवं पारंपरिक लोक नृत्य का आयोजन भी किया जाएगा जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम के तृतीय चरण में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन एवं पूजा-अर्चना संपन्न होगी जबकि अंतिम चरण में समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करेंगे।

# हरिद्वार भारत की आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का प्रवेश द्वार: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में श्री आनंद धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा निर्मित धर्मशाला के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा इस अवसर पर आनंद धर्मशाला ट्रस्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षत्रिय कलौता समाज ने सदैव अपने परिश्रम, साहस और संस्कारों के बल पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि खेती, व्यापार, शिक्षा, समाज सेवा तथा देश की सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज के लोगों ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों में सेवाएं देकर समाज के वीर सपूत राष्ट्र की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार भारत की आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का प्रवेश द्वार है, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु माँ गंगा की गोद में आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धर्मशाला का निर्माण पुण्य और सराहनीय कार्य है तथा यह आगामी कुंभ और चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।इस अवसर पर हरी चेतना नन्द महाराज महामंडलेश्वर,



■ मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में नव निर्मित आनंद धर्मशाला ट्रस्ट का किया लोकार्पण

कैलाश विजयवर्गीय मंत्री नागरिक प्रशासन मध्य प्रदेश, विनय रोहिला उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन, विशाल पटेल पूर्व विधायक देपाल. पुर इन्दौर, संतोष पटेल, उपाध्यक्ष आनंद ट्रस्ट धर्मशाला, आशाराम सिसोदिया अध्यक्ष महाकालीका ट्रस्ट इन्दौर, सीताराम पटेल अध्यक्ष देवास छात्रावास, जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक हरिद्वार नवनीत सिंह भुल्लर, पुलिस अधीक्षक देहरादून प्रमेन्द्र सिंह डोभाल, उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेन्द्र कुमार, योगेश मेहरा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए ट्रस्टी एवं श्रद्धालू मौजूद रहे।

कहा - प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को वैश्विक पहचान मिली: मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम पुनर्विकास, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड में भी केदारखंड एवं मानसखंड क्षेत्रों के प्राचीन मंदिरों के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, सनातन मूल्यों और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कर सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। उन्होंने इसे मातृशक्ति के सम्मान और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

### 2027 में होने वाले हरिद्वार कुंभ को भव्य दिव्य और सुरक्षित बनाने के लिए कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले हरिद्वार कुंभ को भव्य, दिव्य और सुरक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि घाटों के पुनरुद्धार, सड़क व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि हर श्रद्धालु को सुव्यवस्थित और सुरक्षित अनुभव प्राप्त हो।

**राज्य सरकार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सामा. जिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थलों पर ही धार्मिक आयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार पतित पावनी माँ गंगा करोड़ों श्रद्धालुओं को आस्था, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती हैं, उसी प्रकार श्री आनंद धर्मशाला भी आने वाले समय में श्रद्धालुओं, जरूरतमंदों और समाज के लिए सेवा, सहयोग और सुविधा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी।


# पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी को आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी पद्मभूषण से सम्मानित

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 25 मई को नई दिल्ली में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्मभूषण से सम्मानित किया जाएगा। कोश्यारी, जिन्हें उत्तराखंड राज्य में श्भगत दाश के नाम से जाना जाता है, एक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, पत्रकार और समर्पित राष्ट्रवादी नेता हैं, जिन्होंने अपना जीवन जन सेवा और समाज के गरीब और पिछडे वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है। वह आरएसएस के एक निष्ठावान स्वयंसेवक हैं और अपनी सादगी, अनुशासन और सीखने के प्रति गहरे प्रेम के लिए जाने जाते हैं।

17 जून, 1942 को उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के पहाड़ी इलाके के सुदूर गांव पलानधुरा में जन्मे कोश्यारी ने अपनी ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त की और

■ प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, पत्रकार, राष्ट्रवादी नेता व आरएसएस के एक निष्ठावान स्वयंसेवक हैं भगत दा



1964 में आगरा विश्वविद्यालय से संबद्ध अल्मोड़ा कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी की। उन्होंने 1964-1965 के दौरान राजा का रामपुर (एटा, उत्तर प्रदेश) में व्याख्याता के रूप में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। हालांकि, शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से प्रेरित होकर, उन्होंने 1965 के बाद से स्ध्वयं को पूरी तरह से शैक्षणिक और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

कोश्यारी ने सरस्वती शिशु मंदिर, कासगंज (उत्तर प्रदेश) में पढ़ाना शुरू किया, जहां उन्होंने छोटे बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय मूल्य प्रदान करने का काम किया। वर्ष 1966 में, उन्होंने उत्तराखंड के एक सीमावर्ती जिले पिथौरागढ़ में श्सरस्वती शिशु मंदिरश की स्थापना की, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा के अवसरों को मजबूत किया गया। उन्होंने पिथौरागढ़ में विवेक. ानंद इंटर कॉलेज की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सरस्वती विहार, नैनीताल से सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

उन्होंने कई वर्षों तक आरएसएस के विभाग कार्यवाह के रूप में कार्य किया और बाद में उत्तरांचल उत्थान परिषद के सचिव बने, जो दशकों तक उत्तराखंड में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के विकास के लिए समर्पित संगठन है। वर्ष 1979 से 1990 तक, वह कुमाऊं विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य थे, जिन्होंने शैक्षिक नीति और संस्थागत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने जागरूकता और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए पिथौरागढ़ से हिंदी साप्ताहिक ष्पर्वत पीयूषष के प्रकाशन की भी शुरुआत की। राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान, उन्हें आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम (मीसा) के तहत गिरफ्तार किया गया था, जो सार्वजनिक जीवन में उनकी सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।

वर्ष 1997 में कोश्यारी को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए नामित किया गया था।

नवंबर 2000 में उत्तराखंड के गठन के बाद, वह राज्य के पहले मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने और बाद में थोड़े समय के लिए उत्तरांचल (अब उत्तराखंड) के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने उत्तराखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी काम किया। वर्ष 2008 में, वह राज्य सभा के लिए चुने गए और 2014 में, वह नैनीताल-ऊधम सिंह नगर निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के लिए चुने गए।

उत्तराखंड में ऊर्जा मंत्री के रूप में, उन्होंने लंबे समय से लंबित टिहरी हाइड्रो परियोजना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें टिहरी के ऐतिहासिक शहर और जिला मुख्यालय का स्थानांतरण शामिल था। उन्होंने राज्य सभा और लोक सभा दोनों में याचिका समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया, जहां उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन सहित वन रैंक वन पेंशन, रेल कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक मुद्दों पर विस्तृत सिफारिशें प्रस्तुत कीं। बाद में उन्हें 5 सितंबर, 2019 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने प्रभावी ढंग से सेवा की और राज्य के लगभग सभी जिलों के साथ-साथ कई ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण किलों का दौरा किया। इसके अलावा, अगस्त 2020 में, उन्हें गोवा के राज्यपाल (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में भी नियुक्त किया गया था।

शिक्षा और राजनीति में उनके योगदान के अलावा, कोश्यारी एक लेखक भी हैं। उन्होंने ष्उत्तरांचल प्रदेश क्योंष और ष्उत्तरांचल प्रदेश: संघर्ष एवं समाधानष नामक दो पुस्तकें लिखी और प्रकाशित की, जो उत्तराखंड के विकास के प्रति उनकी संकल्पना और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# सचिवालय में रन फॉर हेल्थ दौड़ में कार्मिकों ने दिखाया दम-खम



■ शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए किया गया प्रेरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के तत्वावधान में रन फॉर हेल्थ दौड़ का आयोजन किया गया। यह आयोजन सचिवालय एटीएम चौक से प्रारंभ होकर सचिवालय एटीएम चौक पर ही समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष बड़ौनी अपर सचिव एवं दीपक जोशी अध्यक्ष, सचिवालय संघ उपस्थित रहे। सचिवालय परिवार की कार्मिकों के बीच रन फॉर हेल्थ का आयोजन का उद्देश्य पूरा सचिवालय - दौड़ेगा के नारे के साथ सदस्यों को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सचिवालय परिवार की 80 से अधिक महिला तथा पुरुष सदस्यों ने प्रतिभाग किया । सभी प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय तिथि पुरस्कार के साथ सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष ललित चन्द्र जोशी, महासि. चव राजेंद्र जोशी, मुख्य सलाहकार जीवन सिंह बिष्ट ,रीता कौल, प्रमिला टम्टा, गोदावरी रावत, भुवन चंद जोशी, दिनेश घींगा ,सुभाष लो. हनी, विद्यादत्त जोशी, भूपेंद्र सिंह, गजपाल सिंह सहित अनेक सदस्यों उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## जयशंकर की साफगोई

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रूबियो इस समय भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। ऐसा कम ही होता है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एक देश में इतनी लंबी यात्रा करे। इससे पता चलता है कि भारत-अमेरिका में रिश्ते सही दिशा की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि बीच-बीच में ऐसी खबरें आती हैं जिससे यह संशय पैदा होता है कि कहीं रिश्तों में गड़बड़ है, लेकिन रविवार को जिस तरह अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उससे साफ है कि दोनों ही देश अपने-अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर धीरे-धीरे ही सही लेकिन सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सम्मेलन में एस. जयशंकर ने खुलकर भारत के हितों की रक्षा की और कहा कि जिस तरह ट्रम्प प्रशासन अपनी नीति के दृष्टिकोण को अमेरिका फर्स्ट के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखता है, तो ठीक इसी तर्ज पर भारत भी इंडिया फर्स्ट की तर्ज पर अपने दृष्टिकोण को प्रमुखता के साथ दुनिया के सामने रखता है। जयशंकर ने माना कि दोनों ही देश स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं। जयशंकर का कहना यह बिल्कुल सही है कि जिस तरह अमेरिका, इस्राईल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भारत ने अच्छे संबंध बनाए हैं, ऐसा कम ही देश कर पाते हैं, लेकिन उन्होंने माना कि इन देशों में हमारे वास्तविक हित जुड़े होने से भारत के लिए चुनौती भी बनी हुई कि इन संबंधों को कैसे बनाए रखा जाए और अपनी हिस्सेदारी की रक्षा कैसे की जाए। जयशंकर ने होर्मुज स्टेट से ऊर्जा आपूर्ति में आ रही बाधा के संबंध में भी खुलकर अपने विचार रखे और कहा कि भारत चाहता है कि होर्मुज स्टेट सभी के लिए समान रूप से खुले, क्योंकि उनकी नजर में इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। वह तेल को लेकर भी काफी मुखर दिखाई दिए और भारत के रुख को सामने रखते हुए कहा कि भारत चाहता है कि गैस व तेल को लेकर वह किसी एक देश पर निर्भर न रहे, बल्कि उसके पास विभिन्न स्रोत हों। ताकि भारत के लोगों को दिक्कत न हो। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो ने भी भारत के प्रति उठाए गए अमेरिकी कदमों का पूरी तरह बचाव किया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक्स पर अमेरिकी राजदूत व अपनी टीम की जहां तारीफ की वहीं बताया कि उनकी टीम की मेहनत के चलते भारत अगले पांच साल में 48 हजार अरब रुपये का सामान खरीदने के लिए तैयार हो गया है। जाहिर है यह बड़ी ट्रेड डील है। हालांकि उन्होंने माना कि बड़ी ट्रेड डील में अभी कुछ अड़चनें हैं, लेकिन वह जल्द ही दूर कर ली जाएंगी। रूबियो ने अमेरिका में रह रहे भारतीय लोगों की भी प्रशंसा की। अब देखना यह है कि आगे संबंध कैसे चलते हैं।

## मीडिया : हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं





**तनवीर जाफरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली देशों का दौरा किया। इस दौरान नॉर्वे की एक घटना ने एक बार फिर मीडिया उसके कर्तव्य व दायित्व को लेकर बहस छेड़ दी। दरअसल ओस्लो में जब मोदी, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ जैसे ही मंच से जाने लगे उसी समय एक युवा महिला पत्रकार हेला लिंग ने मोदी को संबोधित करते हुए कुछ सवाल पूछे। हेला लिंग ने पूछा ष्प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस से सवाल क्यों नहीं लेते? मोदी पत्रकार के सवाल का जवाब दिए बिना ही वहां से चले गए। इस घटना के फौरन बाद भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा उसी जगह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई जिसमें पत्रकार हेला लिंग को भी बुलाया गया। वहां भी हेला लिंग ने भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर कई तीखे सवाल पूछे, जिस पर भारतीय अधिकारियों ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और विकास का हवाला देते हुए अपना पक्ष रखने का प्रयास किया परन्तु नॉर्वे की इस घटना पर भारतीय गोदी मीडिया ने युवा साहसी महिला पत्रकार हेला लिंग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया और उन्हें मीडिया के कर्तव्य व दायित्व बोध का पाठ पढ़ने लगा।

गोदी मीडिया ने महिला पत्रकार के इस तरीके को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की रणनीति करार दिया। वहीं भारत के ही स्वतंत्र, डिजिटल, वैकल्पिक, निष्पक्ष व सोशल मीडिया ने पत्रकार हेला की जमकर तारीफ की। इस वर्ग ने हेला लिंग के साहस की सराहना की और इसे सच्ची पत्रका. रिता का उदाहरण बताया तथा इस पूरी घटना को वैश्विक स्तर पर प्रेस की आजादी और लोकतंत्र में जवाबदेही से जोड़कर देखा। कुछ स्वतंत्र विचारकों और कई सोशल मीडिया पोर्टल्स ने तो इस अवसर का प्रयोग उन गोदी पत्रकारों पर तंज कसने के लिए किया जो सत्ता से सवाल पूछने के बजाए सत्ता की खुशामद में लगे रहते हैं। यही वजह है कि जो सवाल भारत के शीर्ष मुख्यधारा के पत्रकारों को पूछने चाहिए थे वही सवाल एक विदेशी पत्रकार को पूछने पड़ रहे हैं। दरअसल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने अब तक एक भी नियमित संवाददाता सम्मेलन आयोजित नहीं किया है। अपने एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं बताया था कि वे पुरानी परिपाटी जहां नेता मीडिया के माध्यम से अपनी बात प्रसारित करते थे, के बजाय सीधे जनता के बीच जाकर काम करने और नई कार्य संस्कृति स्थापित करने पर विश्वास रखते हैं। मन की बात,सार्वजनिक रैलियां,चुनावी सभाएं, सम्पादकीय पृष्ठ के अपने आलेख, किसी कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जन सभा आदि के माध्यम से जनता से इकतरफा संवाद करना प्रधानमंत्री का पसंदीदा तरीका है। जबकि भारत के लगभग सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की यह नियमित परंपरा रही थी कि वे विदेश दौरों से लौटने,विमान में या देश में समय-समय पर खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया करते थे।

सच तो यह है कि मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मीडिया से जुड़े उनके कुछ ऐसे कटु अनुभव रहे हैं जिसके चलते वे अब पुन: साहसी पत्रकारों से रूबरू होकर पुन: अपनी वैसी फजीहत नहीं कराना चाहते। याद कीजिए अक्टूबर 2007 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय वरिष्ठ पत्रकार करण थापर ने सी एन एन-आई बी एन के प्रसिद्ध शो डेविल्स एडवोकेट के लिए अहमदाबाद में मोदी का इंटरव्यू लिया था। करण थापर ने मोदी से अपने पहले सवाल में ही 2002 के गुजरात दंगों को लेकर पूछा कि श्दंगों के पांच साल बाद भी उनकी छवि एक क्रूर शासक की बनी हुई है, इसे सुधारने के लिए उन्होंने क्या कियाश्? जब मोदी ने कहा कि जनता उन्हें अच्छे से जानती है, तो थापर ने अगला सवाल किया कि आप यह क्यों नहीं कह देते कि आपको दंगों में मारे गए लोगों का दुख या पछतावा है? क्या सरकार को मुसलमानों की सुरक्षा के लिए और कदम नहीं उठाने चाहिए थे? इस सवाल पर मोदी पूरी तरह असहज हो गए। उन्होंने कहा कि जो मुझे कहना था, मैं उस समय कह चुका हूं। परन्तु जब थापर ने बार-बार उसी सवाल को दोहराया, तो मोदी ने इंटरव्यू आगे बढ़ाने से मना कर दिया। 3- 4 मिनट के भीतर ही मोदी ने पानी पीने का बहाना कर अपने कुर्ते पर लगा माइक निकाला और उसे टेबल पर रख दिया। फिर उन्होंने बहुत ही शालीनता से थापर से कहाकृष्दोस्ती बनी रहे। आप यहां आए, इसके लिए धन्यवाद।ष इसके बाद वे कैमरे के सामने से उठकर चले गए।

ऐसी ही दूसरी घटना वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान की है। उस समय वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी एन डी टी वी के लिए चक्रव्यूह नामक एक शो करते थे। उन्होंने मोदी का इंटरव्यू चुनावी रैली पर जाते समय हेलीकॉप्टर यात्रा के दौरान लिया। त्रिवेदी ने भी मोदी से पूछा कि क्या गुजरात दंगों के लिए भाजपा या उन्हें मोदी को माफी मांगनी चाहिए? मोदी ने इस पर कहा कि वे इस विषय पर कई इंटरव्यू में पहले ही बोल चुके हैं। लेकिन जब त्रिवेदी ने लगातार इस सवाल पर दबाव बनाया, तो मोदी का मूड बदल गया। बाद मोदी ने गुस्से में आकर सवालों के जवाब देना पूरी तरह बंद कर दिया और चुप हो गए। मोदी ने अपना ही हाथ आगे बढ़ाकर कैमरे के लेंस को बंद करवा दिया। इसके बाद का पूरा सफर दोनों ने बिना एक-दूसरे से बात किए और खिड़की से बाहर देखते हुए बिताया।

हेलीकॉप्टर के उतरते ही मोदी ने विजय त्रिवेदी से कहा विजय भाई, यह हमारी आखिरी मुलाकात है। इसके बाद मोदी अपनी जनसभा को संबोधित करने चले गए। जबकि विजय त्रिवेदी और उनकी टीम को हेलीकॉप्टर से नीचे उतार दिया गया। बाद में त्रिवेदी को संदेश मिला कि मोदी हेलीकॉप्टर लेकर वापस जा चुके हैं। त्रिवेदी और उनकी टीम को वापस लौटने के लिए वहां कोई गाड़ी नहीं मिली, जिसके बाद उन्हें एक ट्रैक्टर और फिर लोकल बस के द्वारा करीब 8 घंटे की यात्रा कर अपने गंतव्य तक वापस लौटना पड़ा था। यह घटनाएं इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि मोदी स्वतंत्र व निष्पक्ष मीडिया से संवाद क्यों नहीं करते। वे वास्तविक व निष्पक्ष पत्रकारों के इस सिद्धांत को बखूबी जानते हैं कि श्न स्याही के हैं दुश्मन न सफेदी के हैं दोस्त। हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर सोने को मजबूर हैं लोग



उप्र के सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है, जनता तकलीफें झेलने को मजबूर है, देश के 50 सबसे गर्म शहरों में से 26 शहर उत्तर प्रदेश के हैं, लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों को 24 घंटे में केवल सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है, मेरठ से लेकर बलिया तक लोग बिजली संकट से परेशान हैं और कई जगहों पर लोग रात में घरों से निकलकर सड़कों पर सोने को मजबूर हैं, राजधानी लखनऊ तक में घंटों बिजली गुल रहने से अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, एक्स-रे और स्कैन जैसी सुविधाएं ठप पड़ गई हैं, कानपुर देहात के मेडिकल कॉलेज के छात्रों को देर रात तक बिजली नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठना पड़ा।

**-सुप्रिया श्रीनेत, चेयरमैन, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

## देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की नई उड़ान




**मौ. फहीम तन्हा**

आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जीवाश्म ईंधनों की सीमित उपलब्धता जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। महानगरों में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन हैं। ऐसे समय में इलेक्ट्रिक वाहन एक स्वच्छ, टिकाऊ और भविष्य उन्मुख विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। भारत सरकार भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और नीतियां लागू कर रही है। आने वाले वर्षों में ई।वी। केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों से दूरगामी सोच के तहत अपील की है।

इलेक्ट्रिक वाहन ऐसे वाहन होते हैं जो पेट्रोल या डीजल के बजाय बिजली से चार्ज होने वाली बैटरियों का उपयोग करते हैं। इनसे कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरण को अपेक्षाकृत कम नुकसान पहुंचता है। वर्तमान समय में दुनिया के कई विकसित देशों ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल को अपनाने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है। भारत में भी इलेक्ट्रिक दोपहिया, कार, बस और ऑटो रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार है। ऐसे में यदि देश बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाता है, तो इससे प्रदूषण में भारी कमी लाई जा सकती है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और देहरादून जैसे शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण ने सरकार को वैकल्पिक परिवहन साधनों की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया है। ई।वी। से ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता है, क्योंकि इनके इंजन अपेक्षाकृत शांत होते हैं। भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। कई राज्य सरकारें रोड टैक्स में छूट, रजिस्ट्रेशन शुल्क में राहत और चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों में म्ट की हिस्सेदारी तेजी से बढ़े।

हालांकि ईवी के क्षेत्र में भारत को अभी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। ग्रामीण और छोटे शहरों में चार्जिंग स्टेशन अभी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा ईवी की शुरुआती कीमत पारंपरिक वाहनों की तुलना में अधिक होती है, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों के लिए इन्हें खरीदना कठिन हो जाता है।



बैटरी निर्माण के लिए आवश्यक लिथियम और अन्य खनिजों के आयात पर निर्भरता भी एक बड़ी चुनौती है। फिर भी भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कई भारतीय और विदेशी कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण में निवेश कर रही हैं। टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ओला इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियां नए इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में ला रही हैं। साथ ही बैटरी तकनीक में सुधार और फास्ट चार्जिंग तकनीक के विकास से ई।वी। पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक बनते जा रहे हैं।

भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो इलेक्ट्रिक वाहन भारत की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। इससे पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम होगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

यदि सरकार, उद्योग और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में प्रयास करें, तो भारत आने वाले समय में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का वैश्विक केंद्र बन सकता है। अंतत: कहा जा सकता है कि इलेक्ट्रिक वाहन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत ने इस दिशा में सकारात्मक शुरुआत की है, लेकिन सफलता के लिए मजबूत इंफास्ट्रक्चर, जन जागरूकता और निरंतर नीति समर्थन आवश्यक होगा। इलेक्ट्रिकल व्हीकल का भविष्य उज्ज्वल है और यह भविष्य धीरे-धीरे वर्तमान बनता जा रहा है।

## जारी भीषण गर्मी में पारम्परिक उपाय ही प्रभावी



**विनीत नारायण**

पिछले कुछ समय से, मौसम वैज्ञानिकों के हवाले से, ए खबर आ रही है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है। इस खबर से सबसे ज्यादा चिंता कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को है। ऐसी भविष्यवाणियां की जा रही हैं कि इस साल भी गर्मी विकराल रूप ले लेगी। जिससे सूखे जैसे हालत पैदा हो सकते हैं। खघ्रीब की फसल पर तो इसका बुरा असर पड़ेगा ही पर रवि की उपज पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमरीका और ईरान युद्ध के चलते पहले ही ऊर्जा संसाधनों पर महंगाई का असर दिखने लगा है और यदि गर्मी ने भी अपना असर दिखाया तो हालत बेकाबू हो सकते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बढ़ती गर्मी के कारण गेहूं का उत्पादन काफी कम रहेगा। इसके साथ ही फल और सब्जियों के उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नतीजतन खाद्य पदार्थों के दामों में काफी बढ़ौतरी कि संभावना है। कितना असर होगा ए आने वाले समय पर ही पता चल पाएगा दरअसल गर्मी बढ़ने का एक प्रमुख कारण सर्दियों में होने वाली बारिश का लगातार कम होते जाना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसंबर, जनवरी और फरवरी में औसत तापमान से एक या दो डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। इतना सा तापमान बढ़ने से बारिश की मात्रा घट गई है।

यह तो रही कृषि उत्पादनों की बात, लेकिन अगर शहरी जीवन को देखें तो ए समस्या और भी बड़ा विकराल रूप धारण करने जा रही है। हमारा अनुभव है कि गर्मियों में जब ताल-तलैए सूख जाते हैं और नदियों में भी जल की आवक घट जाती है तो सिंचाई के अलावा सामान्य जन-जीवन में भी पानी का संकट गहरा जाता है। नगर पालिकाएं आवश्यकता के अनुरूप जल की आपूर्ति नहीं कर पाती। इसलिए निर्बल वर्ग की बस्तियों में अक्सर सार्वजनिक नलों पर संग्राम छिड़ते हुए देखे जाते हैं। नलों में पानी बहुत कम देर के लिए आता है। मध्यम वर्गीय परिवारों को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पानी एकत्र करने के लिए काफी मशक्कघ्त करनी पड़ती है। राजनेताओं, अधिकारियों और संपन्न लोगों को इन विपरीत परिस्थितियों में भी जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। क्योंकि ए लोग आवश्यकता से कई गुना ज्यादा जल जमा कर लेते हैं। असली मार तो आम लोगों पर पड़ती है।

भीषण गर्मी पड़ने के साथ लोग कूलर या एयर कंडीशनर की तरफ भागते हैं। इससे जल और विद्युत दोनों का संकट बढ़ जाता है। हाइड्रो पावर प्लांट में जल आपूर्ति की मात्रा घटने से विद्युत उत्पादन गिरने लगता है। जैसे-जैसे समाज पारंपरिक तरीकघें को छोड़ कर बिजली से चलने वाले उपकरणों की तरफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे वातावरण और भी गर्म होता जा रहा है। एयर कंडीशनरों से निकलने वाली गर्म हवा भी वातावरण को प्रदूषित करने और गर्मी बढ़ाने का काम कर रही है। 1974-76 के बीच मैं एक स्वयंसेवक के रूप में मुरादाबाद के निकट अमरपुरकाशी गांव में समाज सेवा की भावना से काफी समय तक रहा।

इस दौरान हर मौसम में गांव के जीवन को जिया। मुझे याद है कि मई जून की तपती गर्मी और लू के बावजूद हम सब स्वयंसेवक दोपहर में खुले दालान पर नीम के पेड़ की छाया में सोया करते थे। तब वो छाया ही काफी ठण्डी लगती थी। गर्म लू जब पसीना सुखाती थी तो शरीर में ठंडक महसूस होती थी। इसी तरह रात में छत पर पानी छिड़क कर सब सो जाते थे। रात के ग्यारह-बारह बजे तक तो गर्म हवा चलती थी, फिर धरती की तपिश खत्म होने के बाद ठण्डी हवा चलने लगती थी। सूर्योदय के समय की बयार तो इतनी स्फूर्तिदायक होती थी कि पूरा शरीर नई ऊर्जा से संचा. लित होता था। वहां न तो फ्रिज का ठण्डा पानी था, न कोई और इंतजाम। लेकिन हैंडपम्प का पानी या मिट्टी के घड़े का पानी शीतलता के साथ सौंधापन लिए शरीर के लिए भी गुणकारी होता था। जबकि आज आरओ के पानी ने हम सबको बीमार बना दिया है। क्योंकि आरओ की मशीन जल के सभी प्राकृतिक गुणों को नष्ट कर देती है। कुएं से एक डोल पानी खींच कर सिर पर उड़ेलते ही सारे बदन में फुरफुरी आ जाती थी। जिस से दिन भर के श्रमदान की सारी थकावट क्षणों में काफूर हो जाती थी।

आजकल हर व्यक्ति, चाहे उसकी हैसियत हो या न हो शरीर को कृत्रिम तरीकघे से ठण्डा रखने के उपकरणों को खघ्रीदने की चाहत रखता है। हम सब इसके शिकार बन चुके हैं और इसका खघमियाजा मौसम के बदले मिजास और बढ़ती गर्मी को झेल कर भुगत रहे हैं। इस आधुनिक दिनचर्या का बहुत बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ रहा है। हर शहर में लगातार बढ़ते अस्पताल और दवा की दुकानें इस बात का प्रमाण हैं कि सुजलाम् सुफलाम मलयजशीतलाम शस्यश्यामलाम वाले देश के हम सब नागरिक बीमा. रियों से घिरते जा रहे हैं। न तो हमें अपने भविष्य की चिंता है, न ही सरकारों को। समस्याएं दिन प्रतिदिन सुलझने के बजाए उलझती जा रही हैं। दूसरी तरफ हर पर्यावरणविद् मानता है कि पारंपरिक जलाशयों को सुधार कर उनकी जल संचय क्षमता को बढ़ा कर और सघन वृक्षावली तैयार करके मौसम के मिजाज को कुछ हद तक बदला भी जा सकता है। प्रधान मंत्री मोदी का जल शक्ति अभियान और बरसों से चले आ रहे वृक्षारा. ेपण के सरकारी अभियान अगर ईमानदारी से चलाए जाते तो देश के पर्यावरण की हालत आज इतनी दयनीय न होती। सभी जानते हैं कि सरकार द्वारा जहां एक ओर तो वृक्षारोपण व तालाब खोदने को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं जमीनी स्तर पर कथनी और करनी में काफी अंतर है।

मिसाल के तौर पर जालौन क्षेत्र में 400 छोटे बांध बनाए गए थे। इनमें से आधे से ज्यादा तबाह हो चुके हैं। ललितपुर जिले में जल संरक्षण के लिए तीन करोड़ रूपए से चल रहा काम निरर्थक हो चुका है। इसी इलाके में बादहा और रसिन बांध के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च हुए, लेकिन इनका भी नतीजा शून्य ही रहा। इसलिए यदि हम पारंपरिक तरीकों पर ध्यान नहीं देंगे तो ऐसे संकट आते रहेंगे।



**पाकिस्तान। क्वेटा में बम विस्फोट स्थल पर रेलवे ट्रैक पर पलटी हुई ट्रेन के डिब्बे से घायल व्यक्ति को बाहर निकालते पुलिस अधिकारी और स्वयंसेवक।**

## खालिस्तानी गतिविधियों ने सिख समुदाय की छवि को पहुंचाया नुकसान

**ओटावा।** खालिस्तानी गतिविधियों ने पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में सिख समुदाय की अच्छी छवि को काफी नुकसान पहुंचाया है। एक नई रिपोर्ट में बताया गया कि, विदेशों में होने वाले हिंसक प्रदर्शनों, भारत विरोधी नारों और धार्मिक स्थलों के बाहर उग्र विरोध ने पूरी दुनिया में विवाद पैदा किया है। कट्टरपंथी तत्वों ने अलगाववादी अभियानों के जरिए माहौल खराब किया है। खालसा वाक्सश की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के वर्षों में कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इन देशों में खालिस्तान समर्थक समूह लोकतांत्रिक आजादी का बहाना बनाकर कट्टरपंथ और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

## जापान में बच्चों के साझा संरक्षण का अधिकारों से बदलाव की उम्मीद

**टोक्यो।** दशकों से जापान में तलाक का मतलब अक्सर यह होता था कि बच्चा अपने माता-पिता में से किसी एक का सानिध्य प्राप्त करने से पूरी तरह वंचित रह जाता था। ऐसे मामलों में, अक्सर बच्चों का संरक्षण उस माता या पिता को मिलता था जो अपने बच्चों के साथ सबसे पहले घर का त्याग कर देते थे। यह जानकारी बीबीसी से प्राप्त हुई। जापान में पुरानी एकल संरक्षण प्रणाली के अंतर्गत, अलगाव के बाद केवल एक ही अभिभावक के पास कानूनी अधिकार होता था। इसका मतलब यह था कि बच्चों के साथ उनके रिश्ते चाहे जैसे भी हों लेकिन दूसरे अभिभावक को बच्चे के जीवन से अलग होने के लिए मजबूर किया जा सकता था जब तक कि संरक्षण प्राप्त करने वाला अभिभावक उन्हें बच्चे से मिलने की अनुमति न दे दे।

# अमेरिकी वीजा नीति केवल भारत नहीं, दुनियाभर के लिए

## पाक से अमेरिका के संबंधों को भारत की कीमत पर नहीं देखा जाना चाहिए: मार्को रुबियो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रम्प सरकार की नई वीजा नीति का बचाव करते हुए कहा है कि अमेरिका में आव्रजन नीति सुधार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है और यह केवल भारतीयों के लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए है।

**अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्णाी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए रुबियों ने कहा: हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं**



इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। पाकिस्तान सरकार और वहां की सेना के साथ अमेरिकी संबंधों पर उन्होंने साफ कहा कि इन्हें भारत के साथ संबंधों की कीमत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्णाी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के साथ रविवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाता सम्मेलन में अमेरिका में वीजा प्रणाली में बदलावों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका में आव्रजन प्रणाली में सुधार या आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दो करोड़ से अधिक लोग अमेरिका में अवैध रूप से घुस चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी चुनौती है और हमें इससे निपटना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमेशा से दूसरे देशों के लोगों का स्वागत किया है लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इस प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है और यही किया जा रहा है। इस सुधार प्रक्रिया में हम यह तय करने में जुटे हैं कि कितने लोग हमारे देश में आएंगे, कौन आएगा, कब आएगा आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि इस तरह के सुधारों का विरोध अक्सर होता है, लेकिन यह व्यवस्था केवल भारत को निशाना बनाकर नहीं बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक बेहतर प्रणाली, अधिक प्रभावी प्रणाली और ऐसी व्यवस्था होगी, जो पहले की तुलना में अधिक अच्छी तरह काम करेगी और अधिक टिकाऊ भी होगी। उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसके साथ साथ भारतीय कंपनियों द्वारा भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि यह निवेश और बढ़े। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी किए जाने के मामलों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि ये टिप्पणी ऑनलाइन या किसी भी जगह पर की गई ये कुछ वाहियात लोगों द्वारा की गई हैं और इस तरह के लोग हर जगह रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेत्री सान्या ठाकुर बनीं राधा रानी

**कान्स।** कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के ग्लैमरस माहौल के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या ठाकुर ने अपने बेहद खास और आध्यात्मिक अंदाज से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सुपर 30 और स्पाई जैसी फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा दिखा चुकी सान्या ठाकुर ने इस बार प्रतिष्ठित इंटरनेशनल रेड कार्पेट पर राधा रानी का दिव्य स्वरूप धारण कर सनातन संस्कृति का वैश्विक प्रतिनिधित्व किया।

### अमेरिका-कैलिफोर्निया में डिज्नीलैंड के पास केमिकल टैंक लीक

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक हो गया। डिज्नीलैंड थीम पार्क से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित एयरोस्पेस फैक्ट्री में रखा केमिकल टैंक शुक्रवार को ओवरहीट हो गया। इसके बाद आसपास के करीब 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं और राहत शिविर खोले गए हैं, जो कि अब भर चुके हैं। कैलिफोर्निया के आरेंज काउंटी स्थित गार्डन ग्रोव शहर की है। यहां जीकेएन एयरोस्पेस नाम की कंपनी में मिथाइल मेथाक्रिलेट नाम का रसायन रखने वाला प्रेशराइज्ड टैंक गर्म हो गया और उससे जहरीली गैस निकलने लगी।

### ट्रम्प ने नए ट्रुथ सोशल पोस्ट से चौंकाया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने नए सोशल मीडिया पोस्ट से सबको चौंका दिया है। ट्रुथ सोशल पर साझा इस पोस्ट में ट्रम्प ने स्पैनिश मूल के शब्द-एडियोस का इस्तेमाल किया है। एडियोस शब्द का शाब्दिक अर्थ 'अलविदा' है। शब्दकोष के अर्थ के मुताबिक अंग्रेजी भाषा में कपवे को कभी-कभी अनौपचारिक और सहज तरीके से अलविदा कहने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, स्पैनिश में इस शब्द का इस्तेमाल विदाई के भाव या कम समय या अस्थायी विदाई से जुड़ी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

# ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार

## कहा: मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं

**तेहरान।** ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम भंडार अमेरिका को नहीं सौंपेगा। रायटर्स के मुताबिक, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा है कि मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं है। सूत्र के मुताबिक, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार पर बातचीत बाद में अंतिम समझौते के दौरान होगी। फिलहाल ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है कि यूरेनियम देश से बाहर भेजा जाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल कहा था कि अमेरिका ईरान को हाईली एनरिच्ड यूरेनियम रखने नहीं देगा।

उन्होंने कहा था कि हम उसे हासिल करेंगे, इसे ईरान को नहीं रखने देंगे। हाल के दिनों में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान अपना यूरेनियम भंडार छोड़ने को तैयार हो गया है। हालांकि अब ईरानी पक्ष ने इन खबरों को खारिज कर दिया है। ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात में कहा कि अमेरिका ईमानदारी नहीं दिखा रहा, ईरान अपने अधिकारों पर समझौता नहीं करेगा। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने रायटर्स से कहा है कि तेहरान ने अपने एनरिच्ड यूरेनियम को सौंपने पर सहमति नहीं दी है। अधिकारी के



**ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा**

मुताबिक ईरान का परमाणु कार्यक्रम अभी अमेरिका के साथ शुरुआती समझौते का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि परमाणु मुद्दे पर अंतिम समझौते के लिए आगे बातचीत होगी, इसलिए यह मौजूदा डील में शामिल नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब न्यूयार्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा किया था कि ईरान यूरेनियम छोड़ने पर सहमत हो गया है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया था कि इसे कैसे और किस प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा, इसका फैसला बाद की बातचीत में किया जाएगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक मसौदा समझौते में ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने का वादा किया है। साथ ही यूरेनियम प्रोग्राम को रोकने और एनरिच्ड यूरेनियम को हटाने पर बातचीत करने की बात भी शामिल है। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच तैयार हो रहे समझौते के मसौदे में कहा गया है कि यूएस और इजरायल ईरान या उसके समर्थक समूहों पर हमला नहीं करेंगे। इसके बदले ईरान भी यूएसऔर इजरायल पर पहले हमला नहीं करने का वादा करेगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक इस समझौते में यह भी साफ किया गया है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहा संघर्ष खत्म किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर हिजबुल्लाह फिर से हमला करता है या हमले की शुरुआत करता है, तो इजरायल को जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति होगी।

### ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर कोई वादा नहीं किया: ईरानी मीडिया

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते में अपने परमाणु कार्यक्रम या संवर्धित यूरेनियम सौंपने को लेकर किसी भी नए वादे से साफ इनकार किया है। ईरानी मीडिया ने अमेरिकी दावों को खारिज करते हुए कहा है कि परमाणु मुद्दा वर्तमान शांति वार्ता का हिस्सा नहीं है। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की विस्तृत रिपोर्ट पेश कर रही है। इसका कहना है कि ईरान ने प्रस्ताव मसौदे में अपनी परमाणु सामग्री सौंपने का कोई वादा नहीं किया है, भले ही पश्चिमी मीडिया इसके उलट दावा कर रही हों। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट है कि परमाणु मुद्दे पर बातचीत 'युद्ध के संभावित अंत के बाद' तक के लिए टाल दी गई है। इसका कहना है कि मौजूदा मसौदा सिर्फ युद्ध खत्म करने के मुद्दे तक ही सीमित है और इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी कोई बात शामिल नहीं हैं।

# स्टारमर ने अमेरिका-ईरान की बातचीत का किया स्वागत

**हॉर्मुज फिर से खोलने के लिए समझौते का किया आह्वान**

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका और ईरान के बीच हुई सार्थक बातचीत का स्वागत करते हुए यह चेतावनी भी दी है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दिया जाना भी काफी अहम है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में प्रगति हुई है और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले का कूटनीतिक रूप से जल्द समाधान हो जाएगा। स्टारमर ने एक्स पर कहा कि हमें एक ऐसे समझौते की जरूरत है, जो इस संघर्ष को समाप्त करे और बिना किसी शर्त तथा बिना किसी प्रतिबंध के जहाजों की आवाजाही के साथ हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोले। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिटिश सरकार युद्ध के प्रभाव से अपने नागरिकों की रक्षा के लिए वह सब कुछ करेगी, जो हम कर सकते हैं।

# 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में बिग बॉस 17 फेम सोनिया बंसल का शानदार डेब्यू

**कान्स।** बिग बॉस 17 से लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल ने 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करते हुए रेड कार्पेट पर एक खास और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित अंदाज में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। अपनी आगामी पर्यावरण आधारित फिल्म द लास्ट ब्रेथ का प्रतिनिधित्व करते हुए सोनिया ने इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक सौंदर्य को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। उनका यह लुक सिर्फ फैशन स्टेटमेंट नहीं बल्कि भारतीय परंपरा और भावनाओं का प्रतीक भी नजर आया। अपने डेब्यू लुक के लिए अभिनेत्री ने मशहूर डिजाइनर डॉली जे द्वारा तैयार किया गया खास आउटफिट पहना। पेस्टल पिंक रंग के इस लहंगा-साड़ी फ्यूजन आउटफिट पर सफेद फूलों की बारीक कढ़ाई और गोल्ड डिटेलिंग की गई थी। सिर पर बेहद खूबसूरती से ओढ़ा गया शीयर दुपट्टा उनके पूरे लुक को राधा रानी की दिव्य छवि से प्रेरित बनाता दिखा।

# ईरान से संभावित समझौते पर लेबनान-ईरान में अस्थिरता का खतरा

**होर्मुज में भी बढ़ेगा तनाव: अमेरिकी सांसद सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दी चेतावनी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रविवार को ईरान के साथ संभावित समझौते को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ कोई भी ऐसा समझौता, जो उसे समय के साथ मजबूत होने की अनुमति देता है तो इसका असर लेबनान और इराक में अस्थिरता बढ़ाने के रूप में सामने आ सकता है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह समझौता होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव को और गंभीर बना सकता है। ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अगर पश्चिम एशिया के इलाके में यह संदेश जाता है कि समझौते से ईरान को लंबे समय तक ताकत हासिल होगी, तो इससे लेबनान में हिज्बुल्ला और इराक में शिया उग्रवादी समूहों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा समझौता क्षेत्रीय संघर्षों को और भड़का सकता है। अमेरिकी सांसद ने यह भी कहा कि अगर किसी समझौते का आधार यह धारणा बनती है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरानी खतरे से सुरक्षित नहीं रखा जा सकता और ईरान खाड़ी क्षेत्र के तेल ढांचे को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है, तो इससे तेहरान को क्षेत्र में प्रभावशाली शक्ति के रूप में देखा जाएगा। ग्राहम के मुताबिक, अगर ईरान को लंबे समय तक जलडमरूमध्य में दबाव बनाने और खाड़ी देशों के तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम माना जाता है, तो इससे पश्चिम एशिया में शक्ति संतुलन बदल सकता है।

# व्हाइट हाउस में गोलीबारी, जवाबी कार्रवाई में हमलावर की मौत

## गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के निकट रविवार को एक सुरक्षा जांच चौकी की ओर बढ़कर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति को सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता के अनुसार शनिवार शाम करीब छह बजे एक व्यक्ति व्हाइट हाउस परिसर के बाहर स्थित सुरक्षा जांच चौकी के पास पहुंचा और अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाकर्मियों ने भी गोली चलाई, जिसमें संदिग्ध



**यह घटना भविष्य के राष्ट्रपतियों के लिए वॉशिंगटन में और अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित परिसर की आवश्यकता को दर्शाती है: ट्रम्प**

घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे संदिग्ध की गोली लगी या जवाबी गोलीबारी के दौरान वह घायल हुआ। घटना में सीक्रेट सर्विस का कोई भी अधिकारी घायल नहीं हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उस समय व्हाइट हाउस में मौजूद थे और सुरक्षित रहे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति को घटना की जानकारी दे दी गई है। कानून विभाग के अधिकारियों के अनुसार घायल राहगीर की हालत गंभीर बनी हुई है।

श्रद्धांजलि/तीजा


स्व. श्रीमती कमला देवी शर्मा

सदुःख सूच्य है, कि देवाधिदेव भगवान शिव ने हमारी परम पूज्या माताजी श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री रामसरन लाल शर्मा को 23 मई 2026 को इस लोक से मुक्त कर स्वलोक में स्थान प्रदान किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम/तीजा 25 मई 2026 (सोमवार) को अपराह्न 2 बजे होगा।
स्थान- श्री सनातन धर्म मंदिर (पंजाबी मंदिर) कोट पूर्वी, संभल।

शोकाकुल परिवार

अजय कुमार शर्मा-सुमन शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
रितिक शर्मा-निधि शर्मा (पौत्र-पौत्रवधु)
आदित्य (पौत्र)
श्रीमती मिथलेस शर्मा (पुत्री)
श्रीमती सर्वेश शर्मा-जगदीश सरन शर्मा (पुत्री-दामाद)
श्रीमती प्रवेश शर्मा-मक्खन लाल शर्मा (पुत्री-दामाद)

एवं समस्त शर्मा परिवार
निवास :- दुर्गा कालोनी, संभल, 9758198810
प्रतिष्ठान : शर्मा मेडिकोज, तिरंगा मार्केट, संभल, ज्ञान दीप मंदिर, दुर्गा कालोनी, संभल

# रूस का यूक्रेन पर ओरेश्निक मिसाइल से हमला

## चार मरे, मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, जेलेंस्की बोले: रूसी पाग हो चुके हैं

**कीव।** रूस ने रविवार को यूक्रेन पर कई मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई दर्जन लोग घायल हैं। हमलों का निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाके थे। रूस ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया।

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक हमलेमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का भी इस्तेमाल हुआ। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जानबूझकर नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी हमलों में पानी सप्लाई करने वाली एक फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा, एक बाजार जल गया और कई घरों व स्कूलों पर हमला



**यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया: रूस**

हुआ। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के तरफ से दागी ओरेश्निक मिसाइल बिला त्सेरक्वा शहर के पास गिरी। उन्होंने कहा कि वे सचमुच पागल हो चुके हैं। जरूरी है कि रूस को इसकी सजा मिले। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि मिसाइल में डमी वारहेड लगाया गया था। अमेरिका ओरेश्निक को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल मानता है। यह मिसाइल पारंपरिक या परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी रफ्तार और उड़ान का तरीका ऐसा है कि यूक्रेन के मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे रोकना लगभग नामुमकिन माना जाता है। रूस ने अब तक सिर्फ तीसरी बार इस मिसाइल का इस्तेमाल किया है। रूस ने ओरेशनिक मिसाइल का पहली बार इस्तेमाल 21 नवम्बर 2024 को किया था। उस समय इस मिसाइल से यूक्रेन के द्नीप्रो शहर में स्थित पिवदेनमाश एयरोस्पेस प्लांट पर हमला किया गया था। उस वक्त शुरुआत में यूक्रेन को लगा था कि रूस ने इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, लेकिन बाद में पता चला कि वह ओरेशनिक मिसाइल थी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004